आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| लखनऊ | 18°C | 9°C |

इनसाइड न्यूज

मोदी सरकार के नेतृत्व में भारत का शैक्षिक पुनर्जागरण
विचार पेज: 06

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



गुरुवार 09 जनवरी, 2025 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 88 | www.janexpresslive.com/epaper

आकाश से भी ऊंची है सनातन की परंपरा... 03

# सीएम ने युवाओं को दिया मंत्र, जीवन में संवाद महत्वपूर्ण

## विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में परम्परागत छात्रसंघ की बजाय युवा संसद को करना चाहिए प्रमोट: सीएम योगी

- मुख्यमंत्री ने 28वें युवा उत्सव-2025 में उत्तर प्रदेश के प्रतिभागी दल को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना
- उत्तर प्रदेश की अमिट छाप को छोड़ने में सफल होंगे युवा: मुख्यमंत्री

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवाओं को संवाद में माहिर होने का मंत्र दिया। बोले कि सार्वजनिक जीवन में संवाद की कला अत्यंत महत्वपूर्ण है। राजनेता वही सफल हो सकता है, जिसमें संवाद की कला हो। यदि वह संवाद में माहिर नहीं है तो सफल राजनेता नहीं हो सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देखना होगा, हम जिस भी क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं, उसमें युवाओं की क्या भूमिका होगी। सीएम ने 28वें युवा उत्सव-2025 में उत्तर प्रदेश के प्रतिभागी दल को बुधवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।







### युवा संसद को करना चाहिए प्रमोट

मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में परम्परागत छात्रसंघ की बजाय युवा संसद को प्रमोट करना चाहिए, जिससे नई पीढ़ी को आगे बढ़ा सकें। नेतृत्व का गुण, समाज और अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के प्रति संवेदना होनी चाहिए। कोई भी राजनेता, प्रशासन, पुलिस अधिकारी, अन्नदाता किसान, प्रगतिशील किसान, युवा उद्यमी समेत किसी भी क्षेत्र में कार्य करे, लेकिन उसके मन में राष्ट्रीयता, मातृभूमि के लिए प्यार, जनता व नागरिकों के प्रति संवेदना नहीं है तो उसकी प्रगति का कोई मायने नहीं है।

### युवाओं को पूरे देश को जानने का प्राप्त होगा अवसर

मुख्यमंत्री ने कहा कि 12 जनवरी की तिथि युवा उत्सव के रूप में आती है, क्योंकि यह युवा ऊर्जा के धनी व वैश्विक पटल पर भारत की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक व युवा शक्ति को पहचान दिलाने वाले स्वामी विवेकानंद की पावन जयंती है। पीएम मोदी की प्रेरणा से पिछले कई वर्षों से युवा उत्सव का कार्यक्रम दिल्ली में होता है। इसमें अनेक कार्यक्रमों में भागीदार बनकर युवाओं को पूरे देश को जानने-सीखने का अवसर प्राप्त होता है। इस वर्ष प्रधानमंत्री व रक्षा मंत्री का सानिध्य व संवाद का क्षण भी प्राप्त होगा।

### उत्तर प्रदेश के विकास व विरासत की यात्रा में युवा भी बने हैं सहभागी

मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी ने देश के सामने कुछ लक्ष्य रखे थे। इसमें विकसित भारत भी था। विकसित भारत में युवाओं की ऊर्जा कैसे सहायक हो सकती है। सीएम ने युवाओं से कहा कि 22/23 साल बाद जब देश शताब्दी वर्ष मना रहा होगा, तब आप भी अलग-अलग क्षेत्र में कार्य कर रहे होंगे। तब ध्यान रखना होगा कि उस समय कैसा भारत चाहिए, उस भारत के निर्माण की कार्ययोजना में कौन कौन से पहलू होंगे। जिन्हें हम आगे बढ़ाकर लेकर चल सकते हैं। विकसित भारत में युवाओं की भी क्या भूमिका होगी, इसे भी हमें देखना होगा। सीएम ने कहा 63 युवा उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करके राष्ट्रीय महोत्सव का हिस्सा बन रहे हैं। उत्तर प्रदेश के विकास व विरासत की इस यात्रा में युवा भी सहभागी बने हैं।

### सात-आठ वर्ष में बढ़ी है उप्र के विकास की यात्रा

सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने पिछले सात-आठ वर्ष में विकास की यात्रा को तेजी से आगे बढ़ाया है। 10 वर्ष पहले लोग खुद को उत्तर प्रदेश का वासी कहने में संकोच करते थे। यहां सुरक्षा नहीं, बल्कि दंगा, अराजकता व गुंडागर्दी थी। उप्र आबादी में नम्बर एक लेकिन विकास के पायदान पर पीछे था,अर्थव्यवस्था में छठवें-सातवें पायदान पर था। उत्तर प्रदेश हर क्षेत्र में पिछड़ा था, लेकिन सात-आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्यों में खड़ा है। इसके पीछे की सफलतम कहानी को जिन्होंने नजदीक से देखा है, वे वर्तमान व भावी पीढ़ी को अवगत कराएं, जिससे उन्हें भी प्रगति के सही मानक की जानकारी हो सकेगी।

### उत्तर प्रदेश की अमिट छाप को छोड़ने में सफल होंगे युवा

मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि युवा उत्तर प्रदेश की अमिट छाप को छोड़ने में सफल होंगे। उत्तर प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों, वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट की प्राचीन विधा (जो कौशल विकास का अद्भुत उदाहरण था) उसे भी प्रस्तुत करने में सफल होंगे। उन्होंने कहा कि स्किल डेवलपमेंट वह नहीं है, जो केवल आज हम देख रहे हैं, स्किल डेवलपमेंट वह भी था, जिसने कभी मुरादाबाद को ब्रास, अलीगढ़ को हार्डवेयर, फिरोजाबाद को ग्लास, लखनऊ को चिकन कारी, मेरठ को स्पोर्ट्स आइटम, भदोही की कालीन, सहारनपुर को वुडन वर्क, वाराणसी के रेशम वस्त्र को मौका दिया। ये सभी प्राचीन विरासत के प्रतीक हैं, जिसे सरकार वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट के रूप में प्रमोट कर रही है। कौशल विकास की इस विधा को हम विरासत के रूप में आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं।

# डीएम-एसपी बताएं हाथरस भगदड़ में 121 मौतों का जिम्मेदार कौन?

## हाईकोर्ट बोला, आपको जिम्मेदार क्यों न माना जाए, कोर्ट में आकर बताएं

**जन एक्सप्रेस। प्रयागराज**

हाथरस में भोले बाबा के सत्संग के दौरान 2 जुलाई, 2024 को भगदड़ से 121 लोगों की मौत हुई थी। इससे नाराज इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हाथरस के तत्कालीन डीएम और एसपी को जवाबी हलफनामे के साथ 15 जनवरी को कोर्ट में तलब किया है। कोर्ट ने पूछा है, हादसे का जिम्मेदार कौन है? बदइंतजामी के लिए क्यों न आपकी जि मेदारी तय की जाए। हाईकोर्ट के जस्टिस शेखर यादव ने भगदड़ मामले में आरोपी महिला मंजू देवी की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। हाईकोर्ट ने प्रयागराज डीएम और पुलिस कमिश्नर को हाथरस की घटना से सबक लेते हुए महाकुंभ में सुरक्षा के पु ता इंतजाम करने के आदेश दिए। कोर्ट ने आदेश की कॉपी सीजेएम हाथरस, गृह सचिव उत्तर प्रदेश, आयुक्त, जिलाधिकारी और पुलिस कमिश्नर प्रयागराज को भेजे हैं। हाथरस में जब भगदड़ हुई थी, तब डीएम आशीष कुमार और एसपी निपुण अग्रवाल थे।



### महाकुंभ में बदइंतजामी से अप्रिय घटना हो सकती है

हाईकोर्ट ने कहा- प्रयागराज महाकुंभ में करोड़ों लोग आएंगे। केंद्र और राज्य सरकार इंतजाम में लगी है। प्रधानमंत्री और मु यमंत्री मौके पर आकर व्यवस्था देख रहे हैं। इसके बावजूद बदइंतजामी से अप्रिय घटना हो सकती है। पुलिस प्रशासन व्यवस्था देखे। ठीक से मेला होने से प्रदेश-देश ही नहीं, बल्कि देश के बाहर अच्छा उदाहरण पेश होगा।

### जस्टिस शेखर बोले, प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है

जस्टिस शेखर यादव ने कहा, पहले भी ऐसी तमाम घटनाएं हुई हैं। गरीब और अनपढ़ लोगों की भीड़ बुला ली जाती है और कोई व्यवस्था नहीं की जाती। श्रद्धा और विश्वास में भीड़ आपा खो बैठती है और भगदड़ में मौतें हो जाती हैं। आयोजकों द्वारा समुचित व्यवस्था नहीं की जाती। प्रशासन की जि मेदारी बनती है।

### कठमुल्ले घातक.. कहकर चर्चा में आए थे जस्टिस यादव

8 दिसंबर को प्रयागराज में वीएचपी की लीगल सेल के कार्यक्रम में जस्टिस शेखर यादव ने कहा था- मुझे यह कहने में कोई हिचक नहीं है कि यह हिंदुस्तान है और यह देश यहां रहने वाले बहुसं यकों की इच्छा से चलेगा। यह जो कठमुल्ला हैं, यह सही शब्द नहीं है, लेकिन कहने में परहेज नहीं है, क्योंकि वह देश के लिए बुरा है...घातक है। देश के खिलाफ हैं। जनता को भड़काने वाले लोग हैं। देश आगे न बढ़े, ऐसा सोचने वाले लोग हैं। उनसे सावधान रहने की जरूरत है। जस्टिस यादव के बयान के बाद विपक्ष लामबंद हो गया। सुप्रीम कोर्ट ने भी जस्टिस यादव की टिप्पणी पर सवाल किया था। कहा था- जज का बर्ताव ऐसा नहीं हो सकता। राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल की पहल पर सदन में उनके खिलाफ महाभियोग का प्रस्ताव भी रखा गया है। 55 सांसदों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया। इसी प्रस्ताव को खारिज करने की मांग को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। वकील अशोक पांडेय ने कहा था- हाईकोर्ट राज्यसभा चेयरमैन को आदेश दे कि वह प्रस्ताव को आगे न बढ़ाएं। कोर्ट में मंगलवार को वकील की याचिका पर सुनवाई हुई। अदालत ने अर्जी को ही सुनवाई योग्य न मानते हुए खारिज कर दिया।

### सरकार ने कहा, 80 हजार की अनुमति, ढाई लाख भीड़ जुटाई

हाथरस भगदड़ केस में सरकार की तरफ से कहा गया- आयोजकों ने 80 हजार भीड़ आने की शासन से अनुमति ली थी, लेकिन ढाई लाख श्रद्धालुओं का जमावड़ा हो गया। भोले बाबा प्रवचन के बाद जाने लगे तो दर्शन के लिए भीड़ उसी तरफ बढ़ी। सेवादारों ने जबरन रोक लिया। सैकड़ों की सं या में लोग दब और कुचल गए। कीचड़ भरे खेत में पैरों तले रौंद दिए गए। 121 लोगों की मौत हो गई। प्रशासन की तरफ से 50 पुलिस कर्मी ही तैनात थे, जो 80 हजार की भीड़ के लिए थे। ढाई लाख की भीड़ नियंत्रित करने के लिए 50 पुलिसकर्मी नाकाफी थे। इसमें प्रशासन की बदइंतजामी साफ है।

# महाकुंभ के बीच 'एचएमपीवी' से लड़ने की तैयारी

## संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए प्रदेश सरकार ने जरूरी कदम उठाना शुरू कर दिए

- महाकुंभ में करीब 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में एचएमपीवी वायरस को लेकर विशेष निर्देश दिए गए
- महाकुंभ में करीब 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है, इसलिए चुनौती भी बड़ी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



प्रयागराज में महाकुंभ से ठीक पहले देश में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के कुछ मामलों ने स्वास्थ्य के लिए आज से चिंताओं को कुछ बढ़ा दिया है। संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए प्रदेश सरकार ने जरूरी कदम उठाना शुरू कर दिए हैं। महाकुंभ में करीब 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसलिए चुनौती भी बड़ी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में एचएमपीवी वायरस को लेकर विशेष निर्देश दिए गए। इसके तहत वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर विशेष स्क्रीनिंग की व्यवस्था शुरू कर दी गई है।

### पैनिक जैसी स्थिति नहीं: ब्रजेश पाठक

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि सरकार एचएमपीवी के प्रति पूरी तरह सतर्क है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, हम लोग एचएमपीवी को लेकर सतर्कता से आगे बढ़ रहे हैं। किसी तरह की पैनिक जैसी स्थिति नहीं है। सरकार हर तरह की तैयारी कर रही है।

### वाराणसी एयरपोर्ट पर स्क्रीनिंग की व्यवस्था

वाराणसी एयरपोर्ट पर स्क्रीनिंग की व्यवस्था की गई है। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि वाराणसी से बेंगलुरु और अहमदाबाद के लिए सीधी उड़ानें संचालित होती हैं। कर्नाटक और गुजरात में एचएमपीवी संक्रमित पाए जाने के बाद यूपी सरकार ने सतर्कता बढ़ा दी है।

### विस्तृत गाइडलाइन का इंतजार

स्वास्थ्य विभाग ने डॉक्टरों की टीम गठित कर दी है और विस्तृत गाइडलाइन का इंतजार किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा है कि घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन सावधानी बरतना अनिवार्य है।वायरस से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

### क्या है एचएमपीवी?



ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) एक श्वसन संबंधी वायरस है, जो बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले व्यक्तियों को अधिक प्रभावित करता है। यह खांसी, बुखार, सांस लेने में कठिनाई जैसे लक्षण उत्पन्न कर सकता है।

# तिब्बत में भूकंप के दूसरे दिन राहत कार्य जारी, तंबू में रह रहे पीड़ित, अब तक 126 लोगों की मौत



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बीजिंग**

पश्चिमी चीन के तिब्बत क्षेत्र में एक बड़े भूकंप के बाद बचाव कार्य दूसरे दिन भी जारी रहा। बचाव कर्मियों ने मलबे में दबे हुए लोगों की तलाश की और पीड़ितों को तंबू, कंबल, स्टोव और अन्य राहत सामग्री भेजी गई। इन वस्तुओं को उन लोगों तक पहुंचाया गया, जिनके घर अब रहने योग्य नहीं रहे। इसके बाद अब उनका फोकस भूकंप पीड़ितों के पुनर्वास पर है। तिब्बत का यह क्षेत्र समुद्र तल से 13,800 फीट की ऊंचाई पर है और यहां रात के समय तापमान शून्य से नीचे गिर जाता है। चीन के सरकारी चैनल सीसीटीवी पर प्रसारित वीडियो में मजदूर मंगलवार रात धातु के ढांचे और खंभों के साथ तंबू लगाते देखे गए। ये तंबू अस्थायी घर के रूप में लगाए गए हैं। इन तंबुओं में खाद्य पैकेट भी वितरित किए गए हैं। लोगों ने नीले रंग के शीतकालीन जैकेट पहने हुए थे।

### भूकंप से 126 लोगों की मौत

भूकंप के कारण मंगलवार शाम तक 126 लोगों की मौत हो चुकी थी और 188 लोग घायल हुए हैं। तिब्बत के आपातकालीन प्रबंधन विभाग के अधिकारी ने बताया कि अब बचाव का काम खत्म होकर राहत और पुनर्वास का काम शुरू कर दिया गया है। भूकंप तिब्बत के शिगात्से जिले में आया था, जो एक महत्वपूर्ण तिब्बती बौद्ध स्थल है। भूकंप का केंद्र शिगात्से शहर से 25 किलोमीटर दूर था। इस भूकंप में 500 से ज्यादा दूसरे छोटे झटके (ऑफ्टरशॉक्स) महसूस किए गए। भारत में धर्मशाला में दलाई लामा के निवास स्थान पर एक प्रार्थना सभा आयोजित की गई। दलाई लामा ने घोषणा की कि वह भूकंप में मारे गए लोगों के लिए गुरुवार एक प्रार्थना सभा करेंगे। चीन के उपप्रधानमंत्री ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया और वहां पुनर्निर्माण कार्य को तेजी से करने की बात कही, ताकि लोग इस सर्दी के मौसम में सुरक्षित औ गर्म रह सकें। भूकंप के कारण अब तक 3,600 से ज्यादा घर गिर चुके हैं और 46 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है।

# रे बाबा, अपनी ही रिपोर्ट पर कार्रवाई के इंतजार में हैं डीआईजी

## अधिकारी ने सूचना के अधिकार के तहत शाइन सिटी के करोड़ों रुपये के धोखाधड़ी मामले में की गई कार्रवाई का ब्योरा मांगा

- जांच उन आरोपों से संबंधित है कि शाइन सिटी के कई करोड़ धोखाधड़ी मामले के एक आरोपी ने लखनऊ जिला जेल में बंद रहते हुए पावर ऑफ अटॉर्नी जारी की थी
- सूत्रों ने बताया कि डीआईजी शैलेंद्र कुमार मैत्रेय ने राज्य सरकार को सौंपे गए अपने आरटीआई आवेदन पर स्पष्ट प्रतिक्रिया प्राप्त करने में विफल रहने के बाद 2023 में याचिका दायर की थी
- जांच के समय मैत्रेय लखनऊ रेंज के डीआईजी के पद पर तैनात थे, अब इस मामले पर 20 जनवरी को

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



उत्तर प्रदेश कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाओं के एक डीआईजी ने राज्य सूचना आयोग से संपर्क कर 2022 में उनके द्वारा प्रस्तुत एक जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई कार्रवाई का विवरण मांगा है। जांच उन आरोपों से संबंधित है कि शाइन सिटी के कई करोड़ धोखाधड़ी मामले के एक आरोपी ने लखनऊ जिला जेल में बंद रहते हुए पावर ऑफ अटॉर्नी जारी की थी। सूत्रों ने बताया कि डीआईजी शैलेंद्र कुमार मैत्रेय ने राज्य सरकार को सौंपे गए अपने आरटीआई आवेदन पर स्पष्ट प्रतिक्रिया प्राप्त करने में विफल रहने के बाद 2023 में याचिका दायर की थी।

### जेल अधिकारियों के जाली हस्ताक्षरों का उपयोग करके पावर ऑफ अटॉर्नी तैयार की गई थी

जेल अधिकारियों के अनुसार, 2022 में मैत्रेय को उन आरोपों की जांच करने का निर्देश दिया गया था कि आरोपी आसिफ नसीम ने जेल में रहते हुए एक भूखंड की बिक्री के लिए पावर ऑफ अटॉर्नी तैयार की थी। कथित तौर पर जेल अधिकारियों के जाली हस्ताक्षरों का उपयोग करके पावर ऑफ अटॉर्नी तैयार की गई थी।

### कई बार बुलाने के बावजूद जेल अधिकारी पेश नहीं हुए

जांच के दौरान मैत्रेय ने कैदियों से पूछताछ की, लेकिन कई बार बुलाने के बावजूद जेल अधिकारी पेश नहीं हुए। इसके बाद उन्होंने अपनी रिपोर्ट, सिफारिशों के साथ, तत्कालीन जेल महानिरीक्षक को सौंप दी।

### आरटीआई के तहत नहीं मिल रहा था जवाब

सूत्रों के अनुसार, अपनी रिपोर्ट की स्थिति के बारे में कोई अपडेट न मिलने पर मैत्रेय ने सरकार के पास आरटीआई आवेदन दायर कर कार्रवाई के बारे में जानकारी मांगी। जब उन्हें कोई जवाब नहीं मिला तो उन्होंने प्रथम अपील दायर की और फिर से कोई जवाब न मिलने पर उन्होंने निवारण के लिए राज्य सूचना आयोग का दरवाजा खटखटाया।

### 2022 में गोसाईगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी

पावर ऑफ अटॉर्नी के संबंध में जेल अधिकारियों ने 2022 में गोसाईगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि दस्तावेजों पर हस्ताक्षर जाली हैं। संपर्क करने पर मैत्रेय ने इस मामले पर बोलने से इनकार कर दिया।

### 2023 में उन्हें वरिष्ठ जेल अधीक्षक के पद पर पदावनत कर दिया गया

2023 में उन्होंने तब सुर्खियां बटोरीं, जब उन्हें वरिष्ठ जेल अधीक्षक के पद पर पदावनत कर दिया गया, कथित तौर पर 2021 में डीआईजी रैंक पर उनकी पदोन्नति में अनियमितताओं के कारण, जो कथित तौर पर उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना किया गया था।

जांच के समय मैत्रेय लखनऊ रेंज के डीआईजी के पद पर तैनात थे। राज्य सूचना आयोग ने इस मामले पर 20 जनवरी को सुनवाई निर्धारित की है। मैत्रेय वर्तमान में अयोध्या रेंज में डीआईजी के पद पर तैनात हैं।

## अपर एसपी ने किया विवेचकों का अर्दली रूम

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने चैकी सरैया में थाना मानिकपुर, मारकुंडी एवं बहिलपुरवा के विवेचकों का अर्दली रूम किया। जिसमें उन्होंने विवेचकों को लम्बित प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक ने अर्दली रूम में समस्त विवेचकों से लंबित विवेचना पर वार्ता करते हुए विवेचना लंबित रखने का कारण पूछा तथा गुण-दोष के आधार पर विवेचना का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। कहा कि थानों में लंबित प्रार्थना पत्र, लंबित एनबीडब्ल्यू, बीडब्ल्यू, नोटिस तामिला, वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी एवं महिला सम्बन्धित अपराध में समय से निस्तारण किया जाए। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु फहद अली, प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर दुर्ग विजय सिंह, प्रभारी निरीक्षक मारकुंडी शिवआसरे, थानाध्यक्ष बहिलपुरवा राम सिंह, चैकी प्रभारी सरैंया रामअधार सिंह सहित सम्बन्धित विवेचक आदि मौजूद रहे।

### योगी सरकार के जीरो टॉलरेंस नीति को अंगूठा

# बिना एंकरिंग किए बनाई जा रही चेकडैम की बुनियाद, कैसे बनेगी टिकाऊ?

## टिकरिया में बन रहा चेकडैम चढ़ रहा भ्रष्टाचार की भेंट

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

पाठा क्षेत्र में लघु सिंचाई विभाग की चेकडैम निर्माण योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है। राज्य सरकार चेकडैम निर्माण को लेकर भारी भरकम धनराशि आवंटित कर रही है, लेकिन ठेकेदार शासकीय राशि का खुलेआम दुरुपयोग कर रहा है। इसका सीधा मतलब है कि योगी सरकार के जीरो टॉलरेंस का किसी को भी भय नहीं है। मानिकपुर विकास खण्ड के टिकरिया जमुनिहाई ग्राम पंचायत में लघु सिंचाई विभाग द्वारा लाखों की लागत से बनाए जा रहे चेकडैम में ठेकेदार द्वारा भारी अनियमिताएं की जा रही हैं। मानक को दरकिनार कर बेस में बिना एंकरिंग किए चेकडैम की बुनियाद तैयार की जा रही है, जिसमें गुणवत्ता की कोई गारंटी नहीं है। जबकि स्टीमेट में सरिया की जाल बिछाकर ऊपर से कंक्रीट किया जाना था। लेकिन ठेकेदार द्वारा चेक डैम निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। चेकडैम निर्माण में क्रेसर डस्ट का इस्तेमाल कर बड़े स्तर पर धांधली की जा रही है। एक तरफ जहां सरकार जल संरक्षण को लेकर चेकडैम निर्माण के लिए पर्याप्त धन दे रही है। वहीं अधिकारियों की सांठगांठ से ठेकेदार केवल कार्य को कोरम पूर्ति के हिसाब से लाखों, करोड़ों रुपए की धनराशि का आहरण कर बंदरबांट कर रहे हैं। विकास कार्यों में ठेकेदार खूब मनमानी कर रहे हैं।



### बुनियाद में नहीं की गई एंकरिंग

चेकडैम निर्माण के बुनियाद बनाने में एंकरिंग नहीं किए जाने से टिकाऊ होने पर प्रश्न चिह्न खड़े हो रहे हैं। अगर स्टीमेट की बात करें तो बेस निर्माण में सरिया की जाल बिछाकर उसमें कंक्रीट किया जाना चाहिए था, लेकिन मानक के अनुरूप बिल्कुल भी निर्माण नहीं किया जा रहा है। एंकरिंग का मतलब है कि, विभिन्न सामग्री को एक साथ जोड़ना या कंक्रीट, चिनाई जैसे निर्माण तत्वों को सुरक्षित करना है। टिकरिया जमुनिहाई में बन रहे चेकडैम में बेहद घटिया किस्म की सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है।

### एस्टीमेट के अनुसार नहीं हो रहा कार्य

स्थानीय ग्रामीण शेखू, कमलेश, संतोष, कमले आदि ग्रामीणों ने बताया कि टिकरिया जमुनिहाई गांव में लघु सिंचाई विभाग से बन रहे चेकडैम का निर्माण स्टीमेट के अनुसार नहीं बन रहा है। गांव के एकांत में बन रहे चेकडैम निर्माण में ठेकेदार द्वारा जमकर अनियमिताएं बरती जा रही हैं। धड़ल्ले से मानकविहीन मैटेरियल का इस्तेमाल किया जा रहा है। लोकल बोल्डर, घटिया किस्म की सीमेंट और डस्ट से निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा इसकी शिकायत हम उच्चाधिकारी से करेंगे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### एसडीएम ने निर्माणाधीन कान्हा गौशाला व एमआरएफ सेंटर का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** शासन के द्वारा चलाई जा रही बड़ी-बड़ी परियोजना की हकीकत को परखने के लिए उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने कान्हा गौशाला के निर्माण कार्य की हकीकत को देखा तथा एमआरएफ सेंटर का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के निर्देश पर उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने अधिशाषी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला के साथ नगरीय क्षेत्र कालपी में एक करोड़ 60 लाख रुपए की लागत से निर्मित हो रही कान्हा गौशाला का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिम्मेदारों को निर्देश दिया कि गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निर्माण कार्य कराया जाए तथा निर्धारित समय के मुताबिक कान्हा गौशाला का निर्माण पूरा किया जाए। इसीक्रम में उप जिलाधिकारी ने एमआरएफ सेंटर का निरीक्षण किया। इसके बाद उपजिलाधिकारी ने ग्रामीण क्षेत्र के कृष्णा गौशाला का खंड विकास अधिकारी संदीप मिश्रा सचिव तथा प्रधान के साथ निरीक्षण करके गांव व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने कहा कि शीतलहर के मौसम में गौवंशों को ठंड से बचाव के लिए पुख्ता प्रबंधन किये, इसके किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### तेज ट्रक ने कार में मारी टक्कर, एक की मौत-पांच घायल

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर मंगलवार की देर शाम तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से एक कार में टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि महिला सहित पांच लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। चित्रकूट के रहने वाले रिंकू 45 वर्ष अपने साथ अभिषेक 42 वर्ष, शौर्य 6 वर्ष, चांदनी 40 वर्ष और दो अन्य लोगों के साथ मथुरा वृंदावन गए थे। जो मंगलवार शाम को बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के रास्ते वापस चित्रकूट के लिए आ रहे थे। तभी जालौन कोतवाली क्षेत्र के बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के 185.6 किलोमीटर पर औरैया की तरफ से तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें कार सवार रिंकू, अभिषेक, शौर्य, चांदनी और दो अन्य लोग घायल हो गए। वही टक्कर मारने के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से भाग गया। घटना की खबर मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह पटेल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने हादसे में घायल हुए सभी लोगों के तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन में भर्ती कराया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने रिंकू को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य लोगों की हालत नाजुक होने के कारण उन्हें उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहीं पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### मांगों को लेकर अधिवक्ताओं ने तहसील में किया प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोंच तहसील के खतौनी कार्यालय में कर्मचारियों की कमी के कारण वादकारियों के साथ वकीलों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वही आदेश होने के बाद नामांतरण भी 4 से 6 माह में दाखिल हो पा रहा है। जिससे परेशान होकर कोंच बार एसोशिएशन के अधिवक्ताओं ने तहसील में प्रदर्शन किया गया। साथ ही एसडीएम ज्योति सिंह को ज्ञापन देते हुए, इस समस्या का जल्द से जल्द निदान करने की मांग की है। कोंच बार एसोसिएशन के महामंत्री दीनानाथ निरंजन ने बाढ़ के अधिवक्ता ओमप्रकाश कौशिक, राघवेंद्र निरंजन, शैलेंद्र, रामशरण कुशवाहा, राम लखन कुशवाहा सहित दर्जनों अधिवक्ताओं ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। जिसमें बताया कि खतौनी कार्यालय में मात्र एक संविदा कर्मी नियुक्त है। जो पर्चा शुल्क जमा करता है, फिर खतौनी निकालता है, फिर मोहर लगाकर रजिस्टर में दर्ज करता है, फिर उसका वितरण करता है, जिसने काफी समय लग जाता है। जिससे किसानों को लाइन में लगा रहना पड़ता है। नंबर न आने के कारण किसानों को वापस लौटना पड़ता है। वहीं सर्दी अधिक होने के कारण किसान भी बीमार पड़ रहे हैं, इसीलिए कार्यालय में तीन कर्मचारियों की नियुक्ति की जाए। वही निबंधन कार्यालय में बैनामा होने के बाद नामांतरण की प्रक्रिया भी 3 से 4 माह बाद शुरू हो पाती है, इसके बाद नामांतरण में 45 दिन का समय बीत जाता है, जिससे क्रेता बहुत परेशान रहता है और वाद-विवाद की स्थिति बन जाती है। इसके अलावा निर्वतमान आर के व वर्तमान आर के निस्तारित फाइलें अपने-अपने घर पर रखे हुए हैं। जिससे अधिवक्ताओं और वादी गण को परेशान होना पड़ता है। इन समस्याओं को लेकर जल्द से जल्द निदान किया जाए।

### चेकपोस्ट पर संदिग्ध वाहनों की पुलिस ने की सघन जांच

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बुधवार को प्रयागराज महाकुंभ मेला 2025 के दृष्टिगत अन्तर्राज्यीय कोतवाली कर्वी अंतर्गत देवागंना बैरियर में संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग की। साथ ही उन्होंने मऊ थाने का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सोमवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने आगामी महाकुंभ के दृष्टिगत शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोतवाली कर्वी अंतर्गत अन्तर्राज्यीय बैरियर देवागंना पर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने देवागंना बैरियर पर बनाए जा रहे चेक पोस्ट का निरीक्षण भी किया। उन्होंने चेक पोस्ट में उपस्थित पुलिस कर्मियों रिहर्सल कराया। उन्होंने पुलिस कर्मियों को चंकिंग के दौरान संदीग्ध व्यक्तियों व वाहनों की पहचान करने के तरीके तथा मार्ग से निकलने वाले व्यक्तियों को जंगल का रास्ते होने के कारण बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी देने के निर्देश दिए। इस मौके पर कर्वी कोतवाली प्रभारी उपेन्द्र नाथ सिंह, थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह, पीआरओ प्रवीण सिंह आदि मौजूद रहे। इसी प्रकार पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने थाना मऊ का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर की साफ-सफाई, कार्यालय में रजिस्टरों के उचित रख-रखाव, बंदीगृह, सीसीटीएनएस कार्यालय, प्रभारी निरीक्षक कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, नवनिर्मित भवन व अस्पताल का निरीक्षण कर परिसर के अन्दर रखे कण्डम सामान को व्यवस्थित रखकर साफ-सफाई कराने एवं महाकुंभ प्रयागराज के दृष्टिगत थाना क्षेत्र में लगातार चेकिंग करने, रास्ते से अतिक्रमण हटवाने व रोड पर अनावश्यक रूप से वाहन खड़े न होने देने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी यामीन अहमद, प्रभारी निरीक्षक मऊ विनोद कुमार राय, पीआरओ प्रवीण सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहें।

### मॉनीटरिंग कमेटी ने किया वृद्धाश्रम का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्देश के अनुक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश द्वारा गठित मॉनीटरिंग समिति के चेयरमैन अपर जिला जज प्रथम अनुराग कुरील ने बुधवार को समिति के सदस्य अन्य न्यायिक अधिकारियों के साथ विनायकपुर स्थित वृद्धाआश्रम का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वद्धाश्रम में 60 संवासी उपस्थित पाये गये। अध्यक्ष सहित समिति के सदस्यों ने उपस्थित वृद्ध संवासियों से मुलाकात कर उनसे समस्याओं के बारे में जानकारी ली। जिसमें वृद्ध संवासियों ने उन्हें सुनाई न देने व आंखों के लिए चश्मा न होने के बारे में बताया। समिति के सदस्यों ने वृद्धाआश्रम में आवासित संवासियों के लिये कम्बल व रजाई उचित संख्या में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। साथ ही अधिक ठंड होने के कारण से बचाव के लिए अलाव, हीटर आदि की व्यवस्था न होने के बारे में भी अवगत कराया। जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया जाता है कि वृद्ध संवासियों को ठंड से बचाने के लिये अलाव व हीटर की उचित व्यवस्था करें। इस दौरान समिति ने वृद्धाआश्रम में संचालित पाकशाला का भी निरीक्षण किया। जिसमें गुणवत्ता के अनुसार सामान की उपलब्धता नहीं पायी गई। जिस पर पाकशाला के केयर टेकर को गुणवत्ता सुधारने के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान मॉनीटरिंग समिति की सदस्य विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट रेनू मिश्रा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल, सिविल जज सचिन कुमार दीक्षित, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया सहित कर्मचारी व सुरक्षाकर्मी उपस्थित रहे।

### आजीविका परियोजना के तहत किसानों ने किया भ्रमण

**अमानिकपुर, चित्रकूट।** द हंस फाउंडेशन के हंस आजीविका परियोजना के अंतर्गत मानिकपुर ब्लाक द्वारा बागवानी विकास कार्यक्रम के अंतर्गत लगाए गए प्लांटों के किसानों ने मऊ के बागवानी खेतों का भ्रमण किया। बागवानी विकास कार्यक्रम के अंतर्गत अपनी आजीविका को बनाने एवं समृद्धशाली खेती करने की दिशा में मानिकपुर ब्लाक के पांच दर्जन किसानों ने मऊ ब्लाक के ग्रामीण इलाको का भ्रमण किया। जिसमें आंवला एवं नीबू के अलावा सेव, बेर एवं अमरुद के पेड़ भी शामिल हैं। जिसमें उनके द्वारा लगाए गए पेड़ों में की गई मेहनत एवं नए नए प्रयोग को देखा। इसी प्रकार टपक सिंचाई परियोजना के अंतर्गत हंस आजीविका परियोजना के द्वारा लगवाए गए संयंत्र को भी देखा।

# विवाहिता के प्रेम में अंधे प्रेमी ने की थी रामकृष्ण की हत्या

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



जिले के थाना भरतकूप क्षेत्र के ग्राम पतौड़ा में रेलवे ट्रैक के पास 1 जनवरी 2025 को एक लावारिस शव मिलने की घटना का खुलासा पुलिस ने किया है। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चल रही कार्रवाई के दौरान एसओजी/सर्विलांस टीम, थाना भरतकूप पुलिस और अन्य संबंधित अधिकारियों ने बुधवार को मामले का पर्दाफाश करते हुए हत्या में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी विनोद यादव और सुनैना हैं। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती एक जनवरी 2025 को थाना भरतकूप को सूचना मिली थी कि ग्राम पतौड़ा स्थित बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस.वे के नीचे रेलवे ट्रैक पर एक शव पड़ा हुआ है, जो ट्रेन से कटा हुआ था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की और पाया कि शव के पास खून के धब्बे और एक पत्थर पर भी खून लगा हुआ था, जिससे यह अनुमान लगाया गया कि मृतक को घसीटकर रेलवे ट्रैक पर रखा गया और फिर ट्रेन से उसे कुचला गया। शव की पहचान सोशल मीडिया के माध्यम से कराई गई। रामरतन पुत्र लालाराम निवासी चैसड़ थाना बिसण्डा जनपद बांदा ने थाना भरतकूप में सूचना दी कि उनका पुत्र रामकृष्ण घर से अतर्रा बाजार जाकिट लेने गया थाए लेकिन घर वापस नहीं लौटा। बाद में उन्हें यह जानकारी मिली कि रामकृष्ण की लाश ग्राम पतौड़ा के पास पाई गई। उन्होंने शव की पहचान कपड़े और फोटो के जरिए की और शक जताया कि उनके बेटे की हत्या विनोद यादव और उनकी बहू सुनैना ने की है, क्योंकि विनोद का उनके घर आना.जाना था। इसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और जांच शुरू की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विनोद को गिरफ्तार किया और उसकी तलाशी ली। उसके कब्जे से दो मोबाइल फोन बरामद हुए, जिनमें से एक मोबाइल मृतक का था। सुनैना की भी तलाशी ली गई, जिसमें उसका मोबाइल बरामद हुआ।

## शिवमहापुराण कलश यात्रा का आयोजन 16 को

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

आगामी मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर 16 जनवरी को सदर तहसील परिसर स्थित श्रीपरमानन्देश्वर परम धाम महादेव मंदिर से एक विशाल शिवमहापुराण कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा।मंदिर के महंत विद्यानंद ने बताया कि यह कलश यात्रा आगामी 16 जनवरी को प्रातः 11:15 बजे गाजे-बाजे के साथ शुरू होगी। उन्होंने सभी माताओं और बहनों से अनुरोध किया है कि वे इस यात्रा में भाग लेने के लिए अपना नाम लिखवाएं। इसके लिए मंदिर परिसर में नामांकन प्रक्रिया चल रही है, जिसमें प्रत्येक श्रद्धालु को इस धार्मिक आयोजन का हिस्सा बनने का अवसर मिलेगा। बताया कि शिवमहापुराण कथा का वाचन राजस्थान के अलवर जिले के स्वामी कमलदास बापू द्वारा किया जाएगा। यह कथा प्रतिदिन दोपहर 1:15 बजे से शुरू होकर 4:15 बजे तक होगी। बताया कि शिवमहापुराण कथा का श्रवण करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

## गैर इरादतन हत्या के मामले में आधा दर्जन आरोपियों को 10-10 वर्ष की कैद

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

पड़ोसियों के बीच रात्रि में हुए विवाद के दौरान फरसे चलने से एक व्यक्ति की गैर इरादतन हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने आरोपी पिता को उसके पांच बेटों के साथ 10-10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही इस घटना में दूसरे पक्ष के भी कई लोगों के घायल होने के मामले में दोष सिद्ध होने पर सात लोगों को तीन-तीन वर्ष की सजा सुनाई है। दोनों पक्षों के आरोपियों को अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुंदर मिश्रा ने बताया कि राजापुर थाने के सरधुवा गांव के कल्याणीपुरवा निवासी सोमदत्त ने बीती 24 मई 2020 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वादी के अनुसार 23 मई 2020 को रात दस बजे वह अपने भाई गणेश के साथ घर में खाना खा रहा था। इस दौरान पड़ोस में रहने वाला बद्री निषाद अपने पांच लड़कों ननकौना, बुद्धि, बच्चू, बाबू व कलुवा के साथ अपने छत पर चढ़कर उनको और पूरे गांव वालों को गाली देने लगे। जिस पर वह अपने भाई गणेश और पत्नी नीलम के साथ छत पर गया और गाली देने का विरोध किया। इस पर बद्री निषाद ने अपने बेटों के साथ उन पर लाठी, डंडों और फरसे से हमला कर दिया। जिससे उसके भाई गणेश के सिर पर गंभीर चोट आई और उसकी मौत हो गई। साथ ही उसकी पत्नी नीलम, भाई बुद्धराज व ओमप्रकाश भी गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान उन लोगों की गुहार सुनकर गांव के लोग एकत्रित हुए। जिस पर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। जिसके बाद उन्होंने थाने जाकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई।

इस घटना में मारपीट के दौरान दूसरे पक्ष के लोग भी घायल हुए थे। दूसरे पक्ष की रानी देवी ने भी थाने में सोमदत्त, नंगा, पंचू, शंकर प्रसाद, राजा, खूनी व बुद्धराज निषाद के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

## अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश आवेदन के लिए बढ़ी तिथि, अब 15 तक होंगे आवेदन

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

अटल आवासीय प्रवेश परीक्षा सत्र 2025-26 में कक्षा-6 एवं कक्षा-9 में प्रवेश के लिये आवेदन करने की तिथि बढ़ा दी गई है। जिसके तहत अब आगामी 15 जनवरी तक आवेदन किए जा सकेंगे। सहायक श्रमायुक्त आर के गुप्ता ने बताया कि अटल आवासीय प्रवेश परीक्षा में सभी पात्र निर्माण श्रमिकों के बच्चों से प्रवेश के लिए आवेदन की तिथि आगामी 15 जनवरी तक बढ़ा दी गई है। कहा कि इसके लिए विद्यालय प्रबन्ध समिति के माध्यम से प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक मात्रा में पात्रों का आवेदन कराया जाए। अटल आवासीय विद्यालय, अछरौड़, बांदा में उप्र भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत बीती 29 नवम्बर 2021 के पूर्व पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों तथा कोविड-19 की महामारी के दौरान कोरोना से निराश्रित हुये बच्चों एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अन्तर्गत पात्र बच्चों के लिए शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिये कक्षा-6 में उपलब्ध कुल 140 सीट (70 छात्रों एवं 70 छात्राओं) व कक्षा-9 में उपलब्ध कुल 140 सीट (70 छात्रा एवं 70 छात्राओं) के सापेक्ष अटल आवासीय विद्यालय, अछरौड़, बांदा में प्रवेश के लिए ऑफलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए हैं। निःशुल्क आवेदन पत्र किसी भी सामान्य कार्य दिवस में आगामी 15 जनवरी तक प्रातः 10 बजे से सायं पांच बजे तक श्रम कार्यालय, जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय, बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय व जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं।

# बड़ी मुश्किलें.....शपथ पत्र में डीएम से शिकायत, डीएम ने दिए जांच के आदेश

### कदौरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत मवई ब्राह्मण में दो कार्यों पर 180 श्रमिक काम करते दर्शाए गए थे: उपायुक्त (श्रम-रोजगार)

- मनरेगा में फैले भ्रष्टाचार को लेकर एक जुट हुए ग्रामीण, जिम्मेदार पर लगाए आरोप

जन एक्सप्रेस। शत्रुघन सिंह

**कदौरा।** पारदर्शी व्यवस्था में जिम्मेदार मनमानी और सरकारी व्यवस्था में सेंध लगाने से चूक नहीं रहे हैं। जिम्मेदारों ने नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम (एनएमएमएस) पर काम करते दर्शा कर फर्जी तरह से भुगतान कर रहे है। बुधवार को कदौरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत मवई ब्राह्मण की महिला मेट सावित्री ने डीएम को दिए शपथ पत्र में जिम्मेदारों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दिए हैं शपथ में बताया कि ग्राम पंचायत में कराए है मनरेगा कार्य जलरोधक बांध.. रामविलास के खेत से बंबी तक, वृन्दावन के खेत से डाड़े तक, शिवकांत तिवारी के खेत से देवेंद्र तिवारी के खेत तक और शिवसेवक के खेत से रामविलास के खेत तक, उक्त सभी कार्य मशीनों से कराए गए हैं। कई कार्यों के भुगतान हो चुके है। जो रह गए है उनके भुगतान जिम्मेदार कराने की फिराक में है। रोजगार न मिलने से ग्रामीण अन्य जिलों और प्रदेशों में मजदूरी कर जीवन यापन करने को मजबूर है। प्रार्थनी के द्वारा किए गए कार्यों की मजदूरी नहीं दी गई।



आरोप है कि प्रधान पुत्र और उसके सहयोगियों द्वारा वीडियो बनाने और फोटोग्राफी करने पर धमकी दी जाती है। शिकायत पर डीएम राजेश कुमार पांडेय ने उच्चस्तरीय कमेटी गठित कर जांच के आदेश दिए है।

### मनरेगा में फैला भ्रष्टाचार

**कदौरा।** ग्राम पंचायतों में फर्जी ढंग से मनरेगा योजना में हो रहे कार्यों को देखते हुए ग्रामीण भी अब एकजुट हो रहे है। इस समय खेतों पर फसल खड़ी हुई है, लेकिन अधिकतर ग्राम पंचायतों में मेड़बंधी और समतलीकरण के कार्य कागजों में हो रहे है। 4 जनवरी को ही उपायुक्त (श्रम-रोजगार) रामेंद्र सिंह ने भी मवई ब्राह्मण में हो रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर जांच की थी। जिससे जिम्मेदारों में हड़कंप मच गया था।

# डीएम ने नेत्रहीन बच्चों का जाना हाल, बांटे गर्म कपड़े

जन एक्सप्रेस। उरई



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने लहरियापुरवा स्थित नेत्रहीन विद्यालय का निरीक्षण किया। साथ ही वहां के बच्चों के बीच गर्म वस्त्र, मिठाई, बिस्कुट, फल और अन्य जरूरी सामग्री का वितरण किया। जिलाधिकारी ने विद्यालय के बच्चों से मिलकर उनका हाल चाल लिया। डीएम ने बच्चों को ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े स्वेटर आदि प्रदान किए, जिससे बच्चों के चेहरे पर खुशी का भाव दिखा। उन्होंने मिठाई बिस्कुट फल आदि के पैकेट भी वितरित किए। जिलाधिकारी ने विद्यालय के शिक्षकों से बच्चों की पढ़ाई और अन्य जरूरतों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए प्रशासन हरसंभव सहायता प्रदान करेगा और उनकी शिक्षा की गुणवत्ता में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी नरेंद्र देव शर्मा, सीएमएस मेडिकल कॉलेज प्रशांत निरंजन, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्रप्रकाश, समाज कल्याण अधिकारी प्रवीण सिंह, आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## बीए प्रथम के छात्र ने फांसी लगाकर दी जान

**जन एक्सप्रेस/उरई।** शहर के मोहल्ला वघौरा में अपने दोस्त के घर रुके बीए प्रथम के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। लखनऊ के मुहल्ला इंदिरा नगर निवासी प्रांजुल दुबे 18 वर्ष आटा के बेनी माधव तिवारी महाविद्यालय में बीए प्रथम वर्ष का छात्र था। बताया गया है कि वह क्रिकेट का अच्छा खिलाड़ी भी था और लखनऊ की टीम से वह अंडर-16 में खेल चुका था। मंगलवार को उसका बीए प्रथम वर्ष का सेमेस्टर पेपर था। जिसके लिए वह उरई आया था और मुहल्ला बघौरा में अधिवक्ता दीपक चौधरी के मकान में रुका हुआ था। दीपक लखनऊ में रहकर जब पढ़ाई कर रहा था। तभी उसकी प्रांजुल से जान पहचान हो गई थी। इस कारण वह पेपर देने के लिए आया और उनके यहां ही रुक गया था। मंगलवार की शाम को प्रांजुल पेपर देकर आया और दीपक चौधरी के साथ शाम को खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया।

# चकबंदी में किसानों का हक नहीं दबा पाएंगे भू माफिया: राजेश

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



चकबंदी ग्राम चौपाल में खरौंध और ऐंचवारा के किसानों ने भू माफियाओं द्वारा चकबंदी के दौरान सरकारी भूमि की मालियत लगाए जाने का मुद्दा उठाया। जिसके बाद चौपाल में मौजूद उपसंचालक चकबंदी अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद ने विभागीय अधिकारियों को संदर्भ के माध्यम से अभिलेख दुरुस्त करते हुए किसानों की समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए।

मानिकपुर तहसील के खरौंध गांव में बुधवार को आयोजित चैपाल में उप संचालक चकबंदी अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद ने बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मनोहरलाल वर्धन के साथ किसानों की समस्याएं सुनी। उन्होंन बताया कि प्रदेश के चकबंदी आयुक्त एवं जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के निर्देश पर चकबंदी प्रक्रिया पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ गति प्रदान करने के उद्देश्य से चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि खरौंध गांव में अंतिम अभिलेख तैयार किया जा रहा है। फरवरी माह में धारा 52 का प्रकाशन कराया जाएगा।

इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत खरौंध की श्रेणी तीन की भूमि एवं अन्य सरकारी भूमि में मालियत लगा दी गई है, जो गलत है। कई वर्ष पूर्व श्रेणी तीन की भूमि से खातेदारों का नाम खारिज होकर बंजर के रूप में दर्ज हो गया है, जो विभिन्न स्थलों में स्थित है। कुछ माफियाओं के चलते सरकारी भूमि की मालियत लगा दी गई है। इस पर अपर जिलाधिकारी ने मौके पर समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही संदर्भ के माध्यम से अभिलेख दुरुस्त करने की कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रकरणों में विभागीय कर्मचारियों की संलिप्तता पाए जाने पर सम्बन्धित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि सम्बन्धित विभाग द्वारा नहर निकाली गई है, किंतु गूल, नाली चकबंदी विभाग द्वारा नहीं निकाली गई है। जिसका निराकरण करने के निर्देश अपर जिलाधिकारी ने दिए। इस दौरान चौपाल में ऐंचवारा गांव के चक अपीलों को सुनकर 14 वादों में 12 वादों का निस्तारण मौके पर किया गया। बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी ने बताया कि यहां धारा 23 पूर्ण हो गई है। इसके बाद पैमाइश की कार्यवाही भी हो गई है। इस मौके पर सहायक चकबंदी अधिकारी राकेश श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान लवकुश यादव, चकबंदी लेखपाल व चकबंदी कर्ता समेत क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।



### हजारा इंस्पेक्टर के नेतृत्व में पीस कमेटी की...

हजारा(पूरनपुर)। हजारा थाना प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में बुधवार को थाना प्रांगण में एक पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रीय डीजे संचालकों एवं धर्म स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के आदेश से सभी को अवगत कराते... पढ़ें पेज 10 पर...

# आकाश से भी ऊंची है सनातन की परंपरा इसकी तुलना नहीं की जा सकती : योगी

## महाकुम्भ की जमीन पर दावेदारी करने वाले लोग अपनी खाल बचा लें बस, जब इनका बीज नहीं फूटा था तब से हमारी कुंभ की परंपरा है

- आज यूपी का नागरिक पलायन नहीं कर रहा, माफिया और अपराधी कर रहे हैं
- जो विदेशी पैसै के दम पर समाज को बांटने का काम कर रहे हैं, ये देशद्रोही लोग हैं
- मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने पिछले 10 साल में सर्वागींण विकास किया- सीएम योगी
- जोड़ने वाले लोग मानव परंपरा के हैं और तोड़ने वाले दानव परंपरा के: योगी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत की सनातन धर्म की जो मान्यता है यह दुनिया के सबसे प्राचीन संस्कृति है। इसकी तुलना किसी मत मजहब और संप्रदाय से नहीं हो सकती। हजारों वर्षों की विरासत मेरे पास है। इसके सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आयोजन भी उतनी ही प्रचीन है। आकाश के भी ऊंचा है सनातन की परंपरा, इसकी तुलना नहीं की जा सकती। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक निजी समाचार चैनल द्वारा आयोजित महाकुम्भ महासम्मलेन कार्यक्रम में बोल रहे थे। महाकुम्भ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सीएम योगी ने कहा कि देवासुर संग्राम के बाद अमृत की बूंदें चार पवित्र स्थलों - प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में गिरीं। इन स्थानों पर महाकुम्भ के आयोजन भारत के ज्ञान, चिंतन और सामाजिक दिशा तय करने का अवसर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ केवल धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह भारत की आध्यात्मिक विरासत और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। सीएम योगी ने कहा कि महाकुम्भ के आयोजन के दौरान भारत के ऋषि-मुनि एकत्र होकर उस समय की सामाजिक और राजनीतिक परिस्थितियों पर चिंतन करते थे। यह आयोजन न केवल परंपरा का सम्मान है, बल्कि इसे भविष्य की पीढ़ियों के लिए संरक्षित करना भी आवश्यक है।



### विरासत और विकास का संगम है महाकुम्भ 2025- योगी

सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि महाकुम्भ का आयोजन भारत में विरासत और विकास के अद्भुत संगम का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि 2019 के प्रयागराज कुम्भ में यह देखा गया कि कैसे आधुनिक तकनीक, प्रबंधन और संस्कृति का सामंजस्य किया गया। यही प्रयास आने वाले महाकुम्भ में भी होगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार ने मिलकर महाकुम्भ को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। इस आयोजन से न केवल देश के नागरिक, बल्कि दुनियाभर के लोग भी आकर्षित हो रहे हैं। यह भारत की सांस्कृतिक समृद्धि को विश्व स्तर पर प्रस्तुत करने का सुनहरा अवसर है।

### महाकुम्भ राष्ट्रीय और सांस्कृतिक एकता का अद्भुत उदाहरण है: मुख्यमंत्री

सीएम योगी ने कहा कि महाकुम्भ राष्ट्रीय और सांस्कृतिक एकता का अद्भुत उदाहरण है। यह आयोजन जाति, पंथ और लिंग भेदभाव को समाप्त करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 10 वर्षों में जो प्रगति की है, महाकुम्भ इसका सशक्त माध्यम बनेगा। यह भारत की समृद्धि, विरासत और आध्यात्मिक परंपरा का जीवंत प्रमाण है। सीएम योगी ने कहा कि विदेशी जूठन खाने वाले लोग हमें बदनाम करने में लगे हैं। देश में जातिवाद का जहर घोलकर अपनी राजनीतिक रोटी सेंकना चाहते हैं, लेकिन देश की जनता अब जागरूक हो चुकी है।

### सनातन धर्म हमेशा शिखर पर रहा है: योगी आदित्यनाथ

राष्ट्रीय एकता और हिंदू एकता पर चर्चा करते हुए सीएम योगी ने कहा कि सनातन धर्म हमेशा शिखर पर रहा है। हिंदू एकता और राष्ट्रीय एकता एक-दूसरे के पूरक हैं। इतिहास गवाह है कि जब हम बंटे हैं, तो कमजोर हुए हैं, और जब एकजुट हुए हैं, तो अजेय बने हैं। इसीलिए मैंने पहले कहा था कि बंटोगे तो कटोगे और एक रहोगे तो नेक रहोगे। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग जाति और मजहब के नाम पर समाज को बांटने का प्रयास करते हैं। ये वही शक्तियां हैं जो भारत को कमजोर करने का षड्यंत्र रचती हैं। लेकिन जनता अब जागरूक हो चुकी है। आज यूपी का नागरिक पलायन नहीं कर रहा, माफिया और अपराधी कर रहे हैं।

### वक्फ के नाम पर जमीन कब्जाने वालों से वापस लेंगे एक-एक इंच जमीन- सीएम

वक्फ बोर्ड के नाम पर जमीन कब्जे के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि यह समझना मुश्किल है कि वक्फ बोर्ड है या भू-माफियाओं का बोर्ड। हमारी सरकार ने वक्फ अधिनियम में संशोधन किया है और एक-एक इंच जमीन की जांच करवा रही है। जिन लोगों ने वक्फ के नाम पर जमीन कब्जाई है, उनसे जमीन वापस ली जाएगी और गरीबों के लिए आवास, शिक्षण संस्थान और अस्पताल बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कुम्भ की परंपरा वक्फ से कहीं पुरानी है। सनातन धर्म की ऊंचाई आकाश से भी ऊंची और गहराई समुद्र से भी गहरी है। इसकी तुलना किसी मत या मजहब से नहीं की जा सकती।

### सीएम योगी ने विपक्ष पर किया तीखा प्रहार

सीएम योगी ने समाजवादी पार्टी और उसके नेताओं पर भी तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि डॉ. राम मनोहर लोहिया ने कहा था कि अगर भारत को समझना है, तो राम, कृष्ण और शिव की परंपरा को पढ़ो। जो नेता लोहिया जी के नाम पर राजनीति करते हैं, उन्होंने इनकी बातों को कभी नहीं समझा। उन्होंने अयोध्या के विकास का जिक्र करते हुए कहा कि हमने अयोध्या को विकास और विरासत का केंद्र बनाया। जो लोग अयोध्या के विकास का विरोध कर रहे थे, उन्हें वहां जाने का नैतिक अधिकार नहीं है।

### संभल में धार्मिक स्थलों को तोड़कर कब्जा करने का प्रयास हुआ- योगी

संभल में धार्मिक स्थलों पर विवाद का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि संभल में श्रीहरि विष्णु का दसवां अवतार कल्कि का उल्लेख पुराणों में मिलता है। वहां धार्मिक स्थलों को तोड़कर कब्जा करने का प्रयास हुआ। हमारी सरकार ने न्यायालय के आदेश के अनुसार कार्रवाई की और दंगाइयों को सख्त संदेश दिया। धर्म परिवर्तन और घर वापसी के मुद्दे पर बोलते हुए सीएम योगी ने कहा कि अगर कोई अंतर्मन से अपने धर्म में लौटना चाहता है, तो उसका स्वागत होना चाहिए। यह धर्म और परंपरा के प्रति जागरूकता का संकेत है।



## रेस्तरां कैफे में अवैध रूप से संचालित हुक्का बार पर पुलिस की कार्रवाई

- पुलिस ने 16 हुक्का पाइप, अवैध हुक्का बार से अर्जित 28500 नकद किये बरामद
- अवैध हुक्का बार चलाने वाले 4 को पुलिस ने किया गिरफ़्तार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट विकास नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से चल रहे हुक्का बार पर पुलिस ने कड़ी कार्यवाहीं करते हुए चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। बता दें कि विकास नगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने रेस्तरां कैफे गुलाचीन मन्दिर के उत्तरी दीवार से सटे कॉम्पलेक्स की तीसरी मन्जिल पर जाकर अवैध संचालित 16 हुक्का, जिसमें 9 हुक्का पाइप चालू हालत में तथा 7 हुक्का अर्ध चालू हालत में पाया गया तथा अवैध हुक्का बार से अर्जित 28500 नकद पुलिस ने बरामद किया। वहीं पुलिस ने हुक्का बार से संचालक (1) हर्ष वर्धन सिंह पुत्र सुभाष सिंह निवासी ई0डी0 587 सेक्टर क्यू अलीगंज लखनऊ, स्थाई पता ग्राम सुदर्शन जोत थाना महराजगंज तराई जिला बलरामपुर उम्र 22 वर्ष, (2) राहुल पुत्र इन्दल वाल्मीकि निवासी ग्राम- बरगदी खुर्द थाना बीकेटी लखनऊ उम्र 18 वर्ष (3) प्रान्जल सिंह पुत्र आनन्द सिंह निवासी एल्डिको सिटी आई0 एम0 थाना मड़ियांव लखनऊ उम्र 22 वर्ष (4) रमन सिंह पुत्र शिवगोपाल सिंह निवासी ईडी 587 सेक्टर क्यू अलीगंज लखनऊ स्थाई पता ग्राम ग्राम सुदर्शन जोत थाना महराजगंज तराई जिला बलरामपुर उम्र 24 वर्ष को उनके द्वारा किये गये जुर्म धारा से अवगत कराते हुए पुलिस ने गिरफ़्तार कर लिया। वहीं पुलिस ने कार्यवाही के दौरान अवैध हुक्का बार का संचालक मालिक अमृत सिंह आनन्द मौके से फरार हो गए।

## नाबालिक से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ़्तार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ




लखनऊ कमिश्नरेट चिनहट थाना क्षेत्र अंतर्गत नाबालिक से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि वादिनी मुकदमा द्वारा वादिनी के पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के संबन्ध में चिनहट पुलिस ने मु0अ0स0 236/24 धारा-363/366 भादवि बनाम मो0 नईम के पंजीकृत किया गया। वहीं जिसकी विवेचना उ0नि0 दिनेश कुमार तिवारी द्वारा सम्पादित की जा रही थी। पुलिस ने बरामदशुदा पीड़िता के 164 सीआरपीसी के बयान व अन्य साक्ष्य संकलन के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-376 भादवि पाक्सो एक्ट की बढ़ोतरी की गई। वहीं पुलिस ने अभियुक्त मो0 नईम को ट्राजिट रिमाण्ड प्राप्त नाला सौपारा थाना पेल्हार जनपद पालघर महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाहीं की गई और आरोपी को जेल भेज दिया गया।

## जान से मारने की नियत से फायरिंग, गाली गलौज के दो आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ़्तार



- घटना में प्रयुक्त फारच्यूनर कार, लाइसेंसी पिस्टल 45 बोर, मैगजीन 45 बोर, 6 खोखा कारतूस पुलिस ने किया बरामद

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट बीबीडी थाना क्षेत्र अंतर्गत जान से मारने की नीयत से फायरिंग, गाली-गलौज करने वाले दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ़्तार कर लिया। बता दें कि वादिनी मुकदमा प्रिया मिश्रा निवासी एमिटी ग्रीन सिटी थाना बीबीडी लखनऊ उम्र करीब 34 वर्ष के तहरीरी सूचना दी गई,जिसमें आरोपी सामन्त देव शुक्ला, नरेन्द्र नाथ शुक्ला द्वारा एक राय होकर पीड़ित के घर पर जान से मारने की नियत से फायरिंग करने तथा गाली गलौज करने के सम्बन्ध में थाना बीबीडी पर मु0अ0स0 007/2025 धारा 109/131/ 191(2)/ 191(3)/ 190/352 बीएनएस व बढोत्तरी धारा 3/27/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग बनाम देव शुक्ला पुत्र सुरेन्द्र नाथ शुक्ला निवासी 1/11 विनीत खण्ड गोमतीनगर लखनऊ उम्र करीब 36 वर्ष व नरेन्द्र नाथ शुक्ला पुत्र दूधनाथ शुक्ला निवासी 71ए सृजन बिहार गोमतीनगर लखनऊ उम्र-55 वर्ष के विरूद्ध पंजीकृत किया था। वहीं पुलिस ने मुकदमें के वांछित आरोपी देव शुक्ला व नरेन्द्र नाथ शुक्ला की गिरफ़्तारी लखनऊ मानस गार्डन रोड थाना बीबीडी लखनऊ से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने गिरफ़्तार अभियुक्तो के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाहीं कर उन्हें जेल भेज दिया है।

## बीकेटी के कोटवा में मृतक के अन्तिम संस्कार को लेकर हुआ विवाद

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन क्षेत्र बीकेटी थाना क्षेत्र अंतर्गत कोटवा गांव में मृतक के अंतिम संस्कार को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। बता दें कि विवेक गुप्ता पुत्र सुरेश गुप्ता उम्र 32 वर्ष कि किडनी फेल होने के कारण बीते रात में मृत्यु हो गई, जिनके अंत्येष्टि स्थल को लेकर स्थानीय लोगों के द्वारा दिनकरपुर झलौआ के अंत्येष्टि स्थल



पर अन्तिम संस्कार करने को लेकर विरोध हुआ था। वहीं बीकेटी पुलिस ने मृतक के परिजनों को समझाया बुझाया और स्वयं की जमीन पर अन्तिम संस्कार के लिए सहमत हो गये। विवादित स्थल से 500 मीटर की दूरी पर गांव कोटवा का शमशान स्थल बना हुआ है, परिजनों द्वारा स्वयं की जमीन पर अंतिम संस्कार करने पर सहमत हो गये। वहीं मृतक के परिवारी जनों द्वारा स्वयं के खेत में मृतक के शव का अन्तिम संस्कार कर दिया गया। मौके पर शान्ति व्यवस्था कायम रहीं। इस दौरान बीकेटी थाना पुलिस बल मौजूद रहा।

## मध्यांचल विद्युत वितरण लिमिटेड द्वारा के उत्तर प्रदेश पॉवर सेक्टर की 50वीं राज्य स्तरीय बैडमिंटन, कैरम एवं शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ जिले के मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा उत्तर प्रदेश पॉवर सेक्टर की 50वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के उपलक्ष में बैडमिंटन, कैरम व शतरंज की प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 8 जनवरी से 10 जनवरी तक के डी सिंह बाबू स्टेडियम में किया गया है




जिसमें पश्चिमांचल, दक्षिणांचल, पूर्वांचल ,केस्को, परिछ पनकी, हरदुआगंज,ओबरा, अनपरा, मध्यांचल प्रतियोगिता का उद्घाटन मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के निदेशक वाणिज्य योगेश कुमार और निर्देशक नीरज स्वरूज तकनीकी ने किया प्रतियोगिता में बिजली विभाग के समस्त कार्यालयों से अधिकारीयों एवं क कर्मचारियों को आमंत्रित किया गया हैं। उद्घाटन समारोह में निर्देशक वाणिज्य योगेश कुमार, चीफ इंजीनियर प्रद्युम्न त्रिपाठी,अभिशासी अभियंता मुख्यालय रणवीर सिंह विधि अधिकारी प्रेम सिंह, क्रीड़ा प्रभारी अनुराग श्रीवास्तव , क्रिकेटर प्रदीप वर्मा , हॉकी खिलाड़ी वकील अहमद समारोह में मौजूद रहें।

## दूरसंचार अवसंरचना सुलभ बनाने हेतु राइट ऑफ वे पोर्टल का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश में दूरसंचार राइट ऑफ वे नियम, 2024 के अंतर्गत 01 जनवरी को राइट ऑफ वे पोर्टल का शुभारंभ किया गया। इस पोर्टल का उद्घाटन प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड रवि रंजन ने किया। यह पोर्टल राज्य में दूरसंचार अवसंरचना को अधिक सुलभ, पारदर्शी एवं कुशल बनाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। पोर्टल संचार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 17 सितंबर 2024 को जारी अधिसूचना के अनुरूप तैयार किया गया है और दूरसंचार विभाग के निर्देशों के अनुसार राइट ऑफ वे नियमों के एक समान एवं अनिवार्य कार्यान्वयन को सुनिश्चित करता है। इसका मुख्य उद्देश्य राज्य में दूरसंचार से जुड़ी प्रक्रियाओं को सरल, सुव्यवस्थित एवं प्रौद्योगिकी आधारित बनाना है, जिससे निवेश, नवाचार और नेटवर्क विस्तार को प्रोत्साहन मिल सके।पोर्टल की प्रमुख विशेषताओं में आवेदन प्रक्रिया को पूर्णतः डिजिटल बनाया गया है, जो समय और संसाधनों के कुशल प्रबंधन को सुनिश्चित करता है। सर्वेक्षण कार्य हेतु अनुमतियां सात दिनों के भीतर प्रदान की जाएंगी और सभी प्रकार की अनुमतियां 67 दिनों के भीतर जारी की जाएंगी। सात दिनों तक कोई कार्रवाई न होने की स्थिति में अनुमोदन स्वतः स्वीकृत माना जाएगा। इसके अतिरिक्त, सेवा प्रदाताओं को संपत्ति पुनर्स्थापना या मुआवजा प्रदान करने का विकल्प दिया गया है।यह पोर्टल शासन और सेवा प्रदाताओं के बीच पारदर्शिता को बढ़ावा देने हेतु अस्वीकृति के कारणों को सार्वजनिक करने और सेवा प्रदाताओं को प्रत्युत्तर देने का अवसर प्रदान करता है। सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु व्यापक सुरक्षा मानकों को लागू किया गया है। फोर्स मेज्योर परिस्थितियों में समय सीमा विस्तार का प्रावधान भी जोड़ा गया है।यह पहल उत्तर प्रदेश में 5जी नेटवर्क के सुगम और तीव्र विस्तार के साथ-साथ दूरसंचार अवसंरचना के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पोर्टल पारदर्शिता, दक्षता एवं सरलीकृत प्रक्रियाओं को सुनिश्चित करते हुए दूरसंचार सेवा प्रदाताओं और अवसंरचना विकासकर्ताओं के लिए अत्यंत लाभप्रद सिद्ध होगा।

## समाज को जीवनी शक्ति देता है लोक साहित्य: विद्याविन्दु

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लोक भाषाओं पर चर्चा के साथ बुधवार को दो दिवसीय लोक विमर्श की शुरुआत हुई। लोक संस्कृति शोध संस्थान द्वारा अलीगंज के यूपी महोत्सव मेला परिसर में आयोजित कार्यक्रम के पहले दिन वक्ताओं ने बुंदेली, कन्नौजी और कुमाऊँनी भाषा, वहां के साहित्य और लोक जीवन पर चर्चा की। वरिष्ठ साहित्यकार पद्मश्री डा. विद्याविन्दु सिंह, लोकविद डा. रामबहादुर मिश्र, कुमाऊँ कोकिला विमल पन्त, मुनालश्री विक्रम बिष्ट व महानुभावों की उपस्थिति में बुन्देली लोक साहित्य अध्येता महेन्द्र भीष्म, कन्नौजी विशेषज्ञ डा. अपूर्वा अवस्थी, कुमाऊँनी विशेषज्ञ डा. करुणा पाण्डेय ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर साहित्यकार डा. करुणा पाण्डेय की कृति कुमाऊँ के गीत का लोकार्पण और लोक चौपाल प्रभारी अर्चना गुप्ता के संचालन में अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए।पद्मश्री डा. विद्या विन्दु सिंह ने कहा कि लोक साहित्य समाज को जीवनी शक्ति देने का कार्य करता है। यह श्रुति परम्परा के माध्यम से पीढ़ियों में हस्तांतरित होती है। डा. करुणा पांडे ने पर्वतीय अंचल के लोक वैशिष्ट्य को रेखांकित करते हुए इसे सर्वसमावेशी बताया।कार्यक्रम में अनिल पाण्डे, मीरा दीक्षित, वरिष्ठ लोक गायिका ऋचा जोशी, संस्थान की सचिव सुधा द्विवेदी, आशीष गुप्ता, सुनील अग्रवाल, नीरा मिश्रा, आभा शुक्ला, सरिता अग्रवाल, शारदा शुक्ला, सोनल ठाकुर, विश्वम्भर अवस्थी, कैप्टन प्रखर गुप्त सहित अन्य उपस्थित रहे। कल लोक विमर्श में अवधी और भोजपुरी लोक भाषाओं पर चर्चा, संस्थान के वार्षिक सम्मान का वितरण और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

## यूपी के उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय बाजार उपलब्ध कराने को सरकार कटिबद्ध: दिनेश प्रताप

- कृषि विपणन एवं निर्यात मंत्री ने इंडसफूड एक्सपो यूपी पवेलियन का किया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने बुधवार को ग्रेटर नोयडा में आयोजित तीन दिवसीय 8 से 10 जनवरी तक इंडसफूड एक्सपो-2025 में कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग द्वारा स्थापित यूपी पवेलियन का उद्घाटन किया। यह एक्सपो कंपनियों को वैश्विक खरीदारों से जुडने, नए बाजारों की खोज करने और अपनी पहुंच का विस्तार करने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय मंच प्रदान कर रहा है।श्री सिंह ने कहा कि यूपी के उत्पादों की पहुॅच विदेशी बाजारों तक सुलभ हो सके, इसके लिए यूपी सरकार कटिबद्ध है। उत्तर प्रदेश के कृषि क्षेत्र 20 भौगोलिक उपदर्शन जीआई उत्पा्दों की स्थापित गैलरी में उत्पाद प्रदर्शित किये गये है। यूपी पवेलियन में उत्तर प्रदेश कृषि निर्यात नीति, 2019 यथा संशोधित 2024 के प्रोत्साहनों को आगन्तुकों को डिजटली क्यूआर कोड के द्वारा उपलब्ध करायी जा रही है। अन्तर्राष्ट्रीय आगन्तुकों के दृष्टिगत कई भाषाओं में यथा रसियन, अरेबिक, स्पैयनिश व अंग्रेजी फोलडर्स तैयार कर आगन्तुकों को उनकी भाषा में उपलब्ध कराये जा रहे है, जिससे विदेशी खरीददार आकर्षित हो रहे। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 05 निर्यात क्लस्टर 50 से 100 हे0 क्षेत्रफल गठित हैं। जिसमें से 04 बासमती 02 मुजफ्फरनगर, 01 शामली व एक मेरठ में व एक आम क्लस्टर सीतापुर में है। एक्सपो में उपस्थित विदेशी एवं अन्य आगन्तुकों को मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के कुशल नेतृत्व में प्रयागराज महाकुम्भ आयोजन में प्रतिभाग करने का आमंत्रण किया गया।इस अवसर पर कृषि विपणन निदेशालय लखनऊ से सहायक निदेशक संजय कुमार, सहायक कृषि विपणन अधिकारी मेरठ राहुल यादव, मण्डी परिषद से उप निदेशक अमरेश कुमार मौर्य, ट्रेड प्रमोशन काउसिंल आफ इण्डिया के अपर महानिदेशक विजय कुमार गाबा एवं संयुक्त् निदेशक अंशुमन बाजपेयी तथा उप निदेशक उद्यान आदि उपस्थित रहे।

## सूर्य प्रताप शाही ने केंद्रीय कपड़ा मंत्री को दिया महाकुंभ का निमंत्रण

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से महाकुंभ-2025 में आने का निमंत्रण दिया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया कि यह ऐतिहासिक आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इसे दिव्य, भव्य और पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। महाकुंभ को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए पूरे मेला क्षेत्र में डेढ़ लाख से अधिक शौचालय बनाए गए हैं, सिंगल-यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया गया है, और पर्यावरण संरक्षण के लिए तीन लाख पौधे लगाए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सात स्तरीय सुरक्षा चक्र, 2,750 सीसीटीवी कैमरे और अत्याधुनिक एआई आधारित निगरानी प्रणाली का उपयोग होगा। स्वास्थ्य सुविधाओं के तहत 100 बेड का अस्पताल और आईसीयू की व्यवस्था की गई है।महाकुंभ के दौरान प्रयागराज को सजाने के लिए 'पेंट माई सिटी' अभियान चलाया गया है, जिसमें 35 लाख वर्गफुट क्षेत्र में वॉल पेंटिंग की गई है।

## पारा थाना क्षेत्र अंतर्गत नशीली चाय पिलाकर हुई लूट, पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट के पारा थाना क्षेत्र अंतर्गत नशीली चाय पिलाकर लूट करने के मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी हैं। बता दें कि वादिनी निवासिनी पश्चिम विहार कालोनी सलेमपुर पारा लखनऊ द्वारा पर थाने पर लिखित तहरीर जिसमें पति डा0 के0के0 सिंह जब डयूटी के लिए नवाबगंज गोंडा के लिए शेयरिंग कार बुककर जा रहे थे, तो रास्ते में शेयरिंग कार चालक व कार में बैठे एक अन्य व्यक्ति द्वारा पति की चाय में कुछ नशीला पदार्थ पिलाकर जेब में रखे पांच हजार रूपये नगद व मोबाइल लूट ने के संबंध में पारा थाना पुलिस ने तत्काल मु0अ0सं0 12/2024 धारा 309(4)/123 बीएनएस का अभियोग पंजीकृत कर सहायक पुलिस आयुक्त काकोरी के पर्यवेक्षण में घटना के सफल अनावरण के लिए कुल 3 टीमों का गठन किया गया हैं और साक्ष्य संकलन व सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन कर अग्रिम विधिक कार्यवाहीं नहीं की जा रही हैं।

## कपिल देव अग्रवाल ने केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल को महाकुंभ का दिया निमंत्रण

लखनऊ। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने बुधवार को नई दिल्ली में सहकारिता राज्य मंत्री, भारत सरकार, कृष्ण पाल से भेंट कर उन्हें महाकुंभ में सहभागिता के लिए औपचारिक निमंत्रण दिया।इस अवसर पर कपिल देव अग्रवाल ने महाकुंभ के विशेष महत्व और इसकी तैयारियों पर चर्चा करते हुए कहा कि यह आयोजन भारतीय संस्कृति, परंपरा और सामाजिक समरसता का भव्य परिचायक है।

# महाकुम्भ मेला/संगम स्नान सकुशल सम्पन्न कराने हेतु श्रद्धालुओं की सुरक्षा को कंट्रोल रूम स्थापित

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया कि महाकुम्भ-2025 का मेला/संगम स्नान जनपद प्रयागराज में प्रत्येक 12 वर्ष में आयोजित होता है जिसमें करोड़ों की संख्या में श्रृद्धालु/स्नानार्थी/दर्शनार्थियों/गणमान्य महानुभाव/वी0वी0आई0पी0 का जनपद प्रयागराज आवागमन होता है। जनपद रायबरेली से होकर श्रृद्धालुओं/गणमान्य महानुभाव/वी0वी0आई0पी0 के स्नान पर्व के दौरान काफी संख्या में आवागमन के दौरान श्रृद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत जनहित में सुरक्षा, चिकित्सा, पेयजल, खाद्य पदार्थो की उपलब्धता, वाहनों की ईधन की उपलब्धता, बैंक/ए0टी0एम0 में कैश व्यवस्थापन, विद्युत प्रकाश, अलाव व अन्य सुविधायें उपलब्ध कराने, प्राप्त सूचना, शिकायतों के त्वरित निस्तारण/संचारित करने हेतु जिला स्तर पर कन्ट्रोल रूम नम्बर 0535-2204086 स्थापित किया गया है।

जिलाधिकारी ने बताया कि महाकुम्भ-2025 का मेला/संगम स्नान जनपद प्रयागराज को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु कलेक्ट्रेट स्थित कोविड एकीकृत कन्ट्रोल रूम में 05 जनवरी से 28 फरवरी 2025 तक अस्थाई रूप से कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसमें अपर नोडल अधिकारी-कंट्रोल रूम संजय कुमार सिंह सी0डी0पी0ओ0 खीरों मो0नं0 7985501138, कन्ट्रोल रूम सहायक प्रथम धीरेन्द्र सिंह वरिष्ठ सहायक जिला सेवायोजन कार्यालय मो0नं0 9450060233 एवं कंट्रोल रूम सहायक द्वितीय राजेन्द्र कुमार वरिष्ठ सहायक नलकूप खण्ड मो0नं0 8957603366 की ड्यूटी प्रातः 06:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक कंट्रोल रूम में लगाई गई है। इसी प्रकार अपरान्ह 02:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक अपर नोडल अधिकारी-कन्ट्रोल रूम विनोद कुमार सी0डी0एस0टी0ओ0 रायबरेली मो0नं0 9455474670, कन्ट्रोल रूम सहायक प्रथम श्रीराम लिपिक जिला कार्यक्रम अधिकारी मो0नं0 8887679960 एवं कंट्रोल रूम सहायक द्वितीय हिमांशु यादव मुंशी नलकूप खण्ड मो0नं0 8957603366 की ड्यूटी कन्ट्रोल रूम में लगाई गयी है। रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 06:00 बजे तक अपर नोडल अधिकारी-कंट्रोल रूम सत्यजीत सिंह सी0डी0पी0ओ0 ऊँचाहार मो0नं0 7521968810, कन्ट्रोल रूम सहायक प्रथम रवि सिंह सहायक बाल वि0परि0 कार्यालय अमावां मो0नं0 9918525302 एवं कंट्रोल रूम सहायक द्वितीय विजय प्रताप सिंह कनिष्ठ सहायक नलकूप खण्ड मो0नं0 8853974370 की ड्यूटी लगाई गई है।

इसी प्रकार रिजर्व अपर नोडल अधिकारी आशुतोष कुमार तिवारी सी0डी0पी0ओ0 डलमऊ मो0नं0 8127031979, संजय सिंह सी0डी0पी0ओ0 हरचन्दपुर मो0नं0 9648639648 एवं शीतला प्रसाद ए0डी0एस0टी0ओ0 मो0नं0 6387443318 की ड्यूटी लगाई गई है। रिजर्व कंट्रोल रूम सहायक विनय कुमार शुक्ला कनिष्ठ सहायक नलकूप खण्ड मो0नं0 811550380, साजिद मेहंदी जाफरी वरिष्ठ सहायक नलकूप खण्ड मो0नं0 9696588683 एवं अवधेश कुमार वरिष्ठ सहायक नलकूप खण्ड मो0नं0 9653044755 की ड्यूटी लगाई गई है।

जिलाधिकारी ने तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि कलेक्ट्रेट स्थित कोविड एकीकृत कन्ट्रोल रूम में तैनाती रोस्टर/समय के अनुसार उपस्थित होकर प्राप्त शिकायतों/सूचनाओं को रजिस्टर में शिकायतकर्ता/सूचनादाता द्वारा की गई शिकायत/सूचना का विवरण तिथि व समय का अंकन करते हुए प्राप्त शिकायत/सूचना के सम्बन्ध में त्वरित रूप से निस्तारित करते हुए अमृता सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि0रा0)/नोडल अधिकारी मो0नं0 9454417630 को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

# भाजपा जिला अध्यक्ष के लिए अमेठी में कल होगा नामांकन

**जन एक्सप्रेस । गौरीगंज, अमेठी**




जनपद मुख्यालय गौरीगंज स्थित जिला भाजपा कार्यालय पर संविधान गौरव अभियान एवं जिला अध्यक्ष नामांकन एवं चुनाव प्रक्रिया की कार्यशाला संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र ने की एवं मुख्य अतिथि के रूप में जिला चुनाव अधिकारी अवधेश पांडे बादल रहे। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री सुधांशु शुक्ला ने किया।

मुख्य अतिथि अवधेश पाण्डेय बादल ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा भारतीय जनता पार्टी हमेशा से हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान पर कार्य किया है। विपक्षी पार्टियों ने संविधान में कई संशोधन करके, इमरजेंसी लगा करके, चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त करके, हमेशा से संविधान का गला घोंटने का काम किया है। विपक्ष द्वारा फैलाई जा रहे भ्रम को दूर करने के लिए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता गांव-गांव जाएंगे।और हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान पर गोष्ठी आयोजित करेंगे। निबंध प्रतियोगिता भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन कराया जाएगा। कार्यक्रम बारह से शुरू होकर पच्चीस जनवरी तक चलेगा।

अवधेश पांडे ने अपने संबोधन में संगठन पर्व को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष अमेठी के लिए नामांकन प्रक्रिया एवं चुनाव प्रक्रिया को विस्तार पूर्वक बताया।उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा जिला अध्यक्ष के लिए नामांकन दस जनवरी को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर 11:00 से लेकर 1:00 तक किया जाएगा। जिसमें सभी जिला अध्यक्ष के लिए नामांकन करेंगे एवं उसके बाद जांच प्रक्रिया के बाद आगे की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से काशीप्रसाद तिवारी क्षेत्रीय अध्यक्ष किसान मोर्चा, पूर्व जिला अध्यक्ष दयाशंकर यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष उमाशंकर पांडे, भाजपा जिला प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह, दीपक सिंह प्रतिनिधि नगर पालिका गौरीगंज एवं सभी मंडल अध्यक्ष सहित प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सिविल कोर्ट में मामला विचाराधीन, फिर भी विवादित जमीन पर कब्जा करवाने पहुंची टीम

**जन एक्सप्रेस । तिलोई अमेठी**

तहसील तिलोई अंतर्गत इन्हौना शिवाला टोला में भाजपा के बूथ अध्यक्ष राजेश मौर्य और विपक्षी पार्टी से जुड़े अयाज अहमद, तनवीर समीम कसाई, सुफियान अहमद के बीच जमीनी विवाद के चलते प्रशासन ने बिना कोर्ट के आदेश के जबरन कब्जा दिलाने की कार्रवाई की है। राजेश मौर्य ने आरोप लगाया है, कि यह कार्रवाई प्रशासन और विपक्षी पक्ष की मिलीभगत से की गई है। जबकि यह जमीन विवाद सिविल कोर्ट में विचाराधीन है।

राजेश मौर्य का दावा है कि यह जमीन उनकी है। और कोर्ट में मामला लंबित होने के बावजूद विपक्षियों और प्रशासन ने दबाव बनाकर कब्जा करवाया तथा अयाज अहमद, तनवीर, समीम कसाई, सुफियान और अहमद पर आरोप लगाया गया है, कि उन्होंने प्रशासन के साथ मिलकर इस साजिश को अंजाम दिया। और लेखपाल नितिन ने कब्जा करवाने के लिए मुझसे पैसे मांगे।

और जब मैंने मना किया, तो बिना नोटिस के विपक्षी पार्टी को कब्जा करवाने आ पहुंचे। विवादित जमीन का मामला पहले से ही सिविल कोर्ट में विचाराधीन है। राजेश मौर्य ने इसे न्यायालय की अवमानना करार दिया है। और कहा कि बिना किसी आदेश के इस प्रकार की कार्रवाई अवैध है। उन्होंने उच्च न्यायालय और प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। इस मामले को लेकर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने काफी नाराजगी जताई है।

# तीन दिवसीय विराट किसान मेला का शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

कृषि सूचना तंत्र के सुदृढीकरण योजनान्तर्गत एग्रो क्लाइमेटिक जोन स्तरीय विराट किसान मेले का आयोजन आई0टी0आई0 मैदान दूरभाष नगर रायबरेली में विधायक सलोन अशोक कुमार के कर कमलों द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारम्भ किया गया। उप कृषि निदेशक विनोद कुमार द्वारा मेले में आये हुए कृषकों का स्वागत करते हुए विभाग में चल रही समस्त योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, जिसमें मुख्य रूप किसानों को अपनी फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने हेतु किसानों को जन सुविधा केंद्रों पर जाकर फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने हेतु प्रेरित किया और पी0एम कुसुम योजनान्तर्गत सोलर पम्प, यंत्रीकरण योजनान्तर्गत फार्म मशीनरी बैंक, कस्टम हायरिंग, एवं अन्य यंत्रों का लाभ प्राप्त करने हुए किसानों को विस्तार से जानकारी दी गई।

विधायक द्वारा स्टॉलों का अवलोकन किया गया और अपने संबोधन में किसानों से आह्वान किया गया कि मेले में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा बताई गई तकनीकी जानकारी को अपने खेतों में अपनाकर अधिक उत्पाद प्राप्त कर सकते हैं।

विधायक द्वारा 10 किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड तथा एक किसान को कस्टम हायरिंग सेन्टर की चाभी तथा दो महिला समूहों को रू0 10 हजार के चेक सौंपे गये। कृषि वैज्ञानिक डा0 आर0के0 कनौजिया द्वारा किसानों को गेहूं की बुवाई से लेकर फसल कटाई तक की जानकारी दी गई और गेहूँ में लगने वाले खरपतवार के नियंत्रण से सम्बन्धित विस्तार से जानकारी दी गई।

डा0 दीपक मिश्रा वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र दरियापुर द्वारा दलहनी व तिलहनी फसलों में सल्फर के प्रयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी और जनपद में जिंक की कमी मिट्टी में मिल रही है, जिससे फसलों में पत्तियां पीली पड़ने लगती है, उसके निदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बागवानी फसलों के में डा0 एस0 बी0 सिंह द्वारा अम्बिका एवं अरूणिका आम की किस्मों को लगाने के बारे में जानकारी दी गई। आम की किस्मे प्राप्त करने के लिए पौधे का चुनाव करने में सावधानियां बरती जाये। मई के महीने में गड्ढा तैयार कर यूरिया डालकर पौधे को लगाया जा सकता है। स्ट्रॉबेरी के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

जिला कृषि अधिकारी अखिलेश पाण्डेय द्वारा अन्त में पी0एम0 प्रमाण योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए नैनों यूरिया तथा नैनो डी0ए0पी0 के उपयोग को बढावा देने तथा उर्वरको के संतुलित उपयोग एवं मुख्य उर्वरकों के वैकल्पिक साधनों को बढावा देने, मृदा परीक्षण कराने तथा इसके आधार पर उर्वरकों का प्रयोग करने हेतु आह्वान किया गया। अन्त में अधिकारियों एवं किसानों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रथम दिवस के मेले के समापन की घोषणा की गई।

# हमारे सुख व दुख के साथी होते हैं मित्र

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

मित्र हमारे सुख-दुख के साथी होते हैं। किसी भी परिस्थिति में मित्र हमेशा साथ खड़े होते हैं। भारतीय परंपरा में मित्रता की बहुत सारी कहानियां प्रचलित हैं। इन्हीं में से एक कृष्ण और सुदामा की कहानी है। भारतीय परंपरा में मित्र का जीवन में बहुत बड़ा स्थान है। जीवन में माता-पिता और गुरु के बाद मित्र को विशेष स्थान दिया गया है। ये बातें गौरीगंज शहर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन मंगलवार को प्रवाचक सुभाष शांडिल्य महाराज ने कहीं। प्रवाचक ने कहा कि जब कभी मित्रता की बात होती है तो कृष्ण और सुदामा की मिसाल दी जाती है। श्रीकृष्ण बालपन में ऋषि संदीपन के यहां शिक्षा ग्रहण कर रहे थे तो उनकी मित्रता सुदामा से हुई थी। कृष्ण राज परिवार में और सुदामा ब्राह्मण परिवार में पैदा हुए थे, लेकिन दोनों की मित्रता का गुणगान पूरी दुनिया करती है। शिक्षा-दीक्षा समाप्त होने के बाद भगवान कृष्ण राजा बन गए, वहीं दूसरी तरफ सुदामा के बुरे दौर की शुरुआत हो चुकी थी। बुरे दिनों से परेशान होकर सुदामा की पत्नी ने उन्हें राजा कृष्ण से मिलने जाने के लिए कहा। पत्नी की जिद को मानकर सुदामा अपने बाल सखा कृष्ण से मिलने द्वारिका गए। राजा कृष्ण अपने मित्र सुदामा के आने का संदेश पाकर नंगे पैर ही उन्हें लेने के लिए दौड़ पड़ते हैं। मित्र सुदामा की दयनीय हालत देखकर भगवान कृष्ण के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। भगवान कृष्ण ने मित्र सुदामा के पैर अपने आंसुओं से धो दिए। यह घटना भगवान कृष्ण का अपने मित्र सुदामा के प्रति अनन्य प्रेम को दर्शाती है। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

# अपनी ग्राम पंचायत के सभी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी जरूर बनवाएं ग्राम प्रधान: डीएम



**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जिलाधिकारी निशा अनंत ने जनपद के समस्त ग्राम प्रधानों से अपील करते हुए कहा है कि शासन की महत्वाकांक्षी योजना एग्रीस्टैक के अंतर्गत किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री तैयार की जानी है।

इस योजना के अंतर्गत जनपद में फार्मर रजिस्ट्री कराए जाने का कार्य समस्त राजस्व ग्रामों में चल रहा है।जिसे दिनांक बीस जनवरी तक शत प्रतिशत पूर्ण कराया जाना अनिवार्य है।कृषि क्षेत्र के विकास से जुड़ी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में ग्राम प्रधान का महत्वपूर्ण योगदान रहता है।उन्होंने सभी ग्राम प्रधानों से अपील करते हुए कहा कि आप लोग अपनी-अपनी ग्राम पंचायत के किसानों की फार्मर रजिस्ट्री जरूर बनवाएं।इसके लिए आप अपने ग्राम पंचायत के कृषकों के आधार कार्ड,मोबाइल नंबर एवं खतौनी की छाया प्रति के साथ अपने नजदीकी जन सेवा केंद्र, कृषि एवं राजस्व विभाग के संयुक्त कैंप तथा स्वयं के माध्यम से रजिस्ट्रेशन हेतु किसानो को प्रोत्साहित करते हुए फार्मर रजिस्ट्री कराएं। किसानों को योजना से होने वाले लाभ जैसे कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत आगामी किस्त प्राप्त करने हेतु फार्मर रजिस्ट्री आईडी अनिवार्य है। बिना फॉर्मर रजिस्ट्री के अगली किस्त नहीं प्राप्त होगी। किसानों को फसल बीमा हेतु किसान क्रेडिट कार्ड, एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड एवं कृषि के विकास हेतु अन्य ऋण प्राप्त करने हेतु किसान फार्मर रजिस्ट्री आवश्यक होगी।तथा फसल बीमा का लाभ पाने में आसानी होगी। इसके साथ ही आपदा प्रबंधन के अंतर्गत कृषको को क्षतिपूर्ति हेतु कृषको का चिन्हांकन करने में सुगमता होगी।फार्मररजिस्ट्री करने से किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने तथा कृषि एवं संबद्ध विभागों को फार्मर रजिस्ट्री पर उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर योजनाओं का लाभ वितरण करने में सुगमता होगी। जिससे लाभार्थी किसानों को बार-बार सत्यापन कराना आवश्यक नहीं होगा।

## सुभासपा की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न, कई अहम मुद्दों पर की गई चर्चा

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की मासिक समीक्षा बैठक जिला पंचायत सभागार रायबरेली में संपन्न हुई। जिसमें आगामी जिला पंचायत चुनाव की तैयारी को लेकर संगठन को सक्रिय करने पर जोर दिया गया। साथ ही सदस्यता अभियान, पार्टी की विचारधारा को दृष्टिगत रखते हुए सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट, गरीबों को मुफ्त इलाज, एक समान अनिवार्य शिक्षा एवं फ्री शिक्षा, तकनीकी व रोज़गार परक शिक्षा, जातिवार जनगणना आदि को लेकर जन जन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। जीरो पावर्टी के तहत गरीबों को एक ग्रामसभा में 25 लोगों को आवास, नाली, सड़क, खड़ंजा, पेंशन, आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड का लोगों को लाभ दिलाने पर जोर। समीक्षा बैठक के दौरान बतौर मुख्य अतिथि रामलखन कोरी प्रदेश महासचिव मुख्य कमेटी प्रभारी संगठन रायबरेली, जिलाध्यक्ष सैय्यद गुफरान हैदर, जिला उपाध्यक्ष वसीम खान, जिला उपाध्यक्ष रामजी वर्मा, जिला उपाध्यक्ष गोवर्धनलाल, जिलाध्यक्ष महिला मंच, ब्लॉक अध्यक्ष खीरों शिवम्, ब्लॉक अध्यक्ष छतोह, ब्लॉक उपाध्यक्ष छतोह रंजीत, जिला उपाध्यक्ष महिला मंच उर्मिला आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुसाफिरखाना–जामो में खिलाई जाएगी फ़ाइलेरियारोधी दवा

- दस फरवरी से चलेगा आईडीए अभियान, प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



राष्ट्रीय फ़ाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जनपद के दो ब्लाक मुसाफिर खाना और जामो में आगामी दस फरवरी से सर्वजन दवा सेवन आईडीए अभियान अभियान चलेगा। जिसके तहत लोगों को फ़ाइलेरियारोधी दवा एल्बेंडाजोल, डाईइथाईल कार्बामजीन और आईवरमेक्टिन खिलाई जाएगी।इसी क्रम में बुधवार को प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.अंशुमान सिंह ने बताया कि जनपद में कुल 13 ब्लाक हैं। जहाँ पर संभावित फ़ाइलेरिया रोगियों का पता लगाने के लिए नवंबर माह में नाईट ब्लड सर्वे कर लोगों के रक्त की जाँच की गयी थी।दो ब्लाक मुसाफिर खाना में पांच और जामो में तीन नए फ़ाइलेरिया रोगी मिले हैं।इसलिये जनपद के केवल इन दो ब्लाक में 1दस फरवरी से आईडीए अभियान चलेगा।उन्होंने शत प्रतिशत लक्षित जनसंख्या को फ़ाइलेरियारोधी दवा का सेवन कराने का निर्देश दिया।

राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ.राम प्रसाद ने बताया कि इस अभियान में एक साल से कम आयु के बच्चों, गर्भवती और गम्भीर बीमारी से पीड़ित को छोड़ कर सभी को फ़ाइलेरियारोधी दवा खानी है। स्वास्थ्य कार्यकर्ता परिवार रजिस्टर भरते समय ही समुदाय को बता दें कि दवा के सेवन से जी मिचलाना, चक्कर आना जैसी समस्याएँ हो सकती हैं। लेकिन इससे घबराने की जरूरत नहीं है।इसका मतलब है कि शरीर में फ़ाइलेरिया के परजीवी थे।

जिनके मरने के परिणामस्वरूप यह प्रतिक्रिया हुयी है।

यह प्रतिकूल प्रभाव अपने आप ही ठीक हो जायेंगे।इसके साथ ही उन्होंने समय से माइक्रोप्लान बनाने और जमा करने का भी निर्देश दिया। नोडल अधिकारी ने बताया कि सहयोगी संस्था विश्व स्वास्थ्यसंगठन और पाथ प्रशिक्षण व मॉनिटरिंग में सहयोग कर रहे हैं। जबकि सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च और प्रोजेक्ट कंसर्न इंटरनेशनल सामुदायिक जागरूकता में विभाग का सहयोग कर रही हैं। सीफ़ॉर संस्था द्वारा बनाये गए पेशेंट स्टेकहोल्डर प्लेटफॉर्म पीएसपी, जिसमें स्वास्थ्य कार्यकर्ता, फ़ाइलेरियारोगी, पंचायत सदस्य, कोटेदार, स्थानीय व्यक्ति तथा ग्राम प्रधान सभी एक मंच साझा करते हैं। और फ़ाइलेरिया के संक्रमण, उपचार प्रबन्धन पर खुलकर चर्चा करते हैं। यह मंच समुदाय को फ़ाइलेरिया रोधी दवा का सेवन करने के लिए लोगों को प्रेरित कर रहा है। इस मौके पर मुसाफिरखाना, जामो सीएचसी अधीक्षक, सहायक मलेरिया अधिकारी सुशील कुमार, मलेरिया निरीक्षक विनोद सोनी,विश्व स्वास्थ्य संगठन से डा नित्यनानाद,जिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता विनीत कुमार, पाथ, सीफॉर और पीसीआई के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# 18 वार्डो में 85 बूथों पर गरीबों को कम्बल वितरण किया गया

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित किए जा रहे कम्बल वितरण कार्यक्रम के तहत आज ब्लाक डलमऊ व सतांव सहित शहरी क्षेत्र के 18 वार्डो में 85 बूथों पर गरीबों को कम्बल वितरण किया गया।

कार्यवाहक जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी के नेतृत्व में माननीय सांसद श्री राहुल गांधी जी द्वारा भेजे गये कम्बलों का वितरण किया जा रहा है।

उक्त जानकारी देते हुए कार्यवाहक जिला प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि 4 जनवरी से 9 जनवरी 2025 तक चलने वाले कम्बल वितरण कार्यक्रम में हजारों पात्र लोगों को ठंड से राहत दिलाने का कार्य मा.सांसद अमेठी श्री के.एल.शर्मा जी के दिशा निर्देश पर सफलता पूर्वक किया जा रहा है।

इस अवसर पर प्रमुख रुप से समन्वयक विधानसभा सदर रोहित सिंह, निर्मल शुक्ला, सुधा द्विवेदी, पद्माधर सिंह, पद्माधर सिंह, केशन लाल लोधी, संतोष त्रिवेदी, अजीत सिंह, शूजा खान गांधी, मो.जफरूल, अजय प्रताप सिंह, मनोज तिवारी, विनोद प्रताप सिंह, अरूण यादव, सर्वोत्तम मिश्रा, सूर्य कुमार बाजपेयी, अभय त्रिवेदी, संजय श्रीवास्तव, मनोज मिश्रा, मनोज त्रिवेदी, मो.सरताज, अजीजुल हसन, शादाब खान, सै.अरशद, सोनू खान, महेश्वर सिंह, अंकुर सिंह चैधरी, मो.सलीम, मुकेश श्रीवास्तव, सौरभ शुक्ला, गजेन्द्र प्रताप सिंह, सुरेन्द्र बहादुर सिंह, मुकेश त्रिपाठी, श्री सुरेश चन्द्र चैधरी, अखिलेश अवस्थी, दिनेश त्रिवेदी, विश्वनाथ त्रिपाठी, प्रदीप यादव, महेन्द्र सिंह, गुरू प्रसाद लोधी, सुभाष दीक्षित, आदित्य त्रिपाठी, मथुरा सिंह, मनोज पासवान, नीतू गिरि, श्रीमती मंजू पासवान, रवीन्द्र शुक्ला, राम विलाश त्रिवेदी, हरिभान चैधरी, बैजनाथ दीक्षित, अनिल गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित रहें।

# मिल्कीपुर उपचुनाव की घोषणा होते ही सड़क पर उतरा प्रशासनिक अमला

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



मिल्कीपुर विधानसभा के उपचुनाव की घोषणा होते ही प्रशासन हरकत में आ गया है। तहसील परिसर में लगीं होर्डिंग को कर्मियों ने हटाना शुरू कर दिया है। इसके बाद तहसील के आसपास और इनायतनगर बाजार में लगी होर्डिंग को हटाया गया। उपचुनाव को देखते हुए सत्ता पक्ष के प्रमुख दावेदारों और विपक्ष के नेताओं ने तहसील परिसर, इनायतनगर बाजार, सेवरा मोड़, कुचेरा बाजार, बारुन बाजार, मिल्कीपुर, हरिंग्टनगंज, कुमारगंज, अमानीगंज और शाहगंज बाजार में होर्डिंग लगा रखी है। उप जिलाधिकारी राजीव रत्न सिंह ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में लगी होर्डिंग को हटाने का निर्देश ब्लाक कर्मियों, थानाध्यक्षों व नगर पंचायत कर्मियों को दिया गया है। आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उधर कुमारगंज की बाजारों व गांव में तथा रोड के किनारे लगे राजनीतिक पार्टियों के बैनर व पोस्ट उतारे जाने लगे हैं। अधिशासी अधिकारी संजय शुक्ल, तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह, थाना प्रभारी अमरजीत सिंह पोस्टर उतरवाते दिखे। अमानीगंज ब्लॉक के एडीओ पंचायत सिद्धार्थ नाथ पांडेय सफाई कर्मियों के साथ गांव में घूम-घूम कर बैनर उतरवाते नजर आए।

लंबे इंतजार के बाद 273 मिल्कीपुर (सुरक्षित) विधानसभा उप चुनाव का कार्यक्रम निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को घोषित कर दिया। इसी के साथ आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बुधवार को हरिंग्टनगंज आने का कार्यक्रम स्थगित हो गया। निर्वाचन अधिकारी मिल्कीपुर के उप जिलाधिकारी राजीवरत्न सिंह बनाये गए हैं। इससे पहले सोहावल के उप जिलाधिकारी अशोक कुमार सैनी का स्थानांतरण मंदिर मजिस्ट्रेट के पद पर कर दिया गया। जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने उनके स्थान पर डिप्टी कलेक्टर अभिषेक सिंह को भेजा है। मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र की तहसील मिल्कीपुर के लेखपाल विश्वनाथ, अजीत कुमार, कमलेश कुमार व सर्वेश कुमार मिश्र का स्थानांतरण मुख्य राजस्व अधिकारी एसके त्रिपाठी ने कर दिया। विश्वनाथ, अजीत कुमार व कमलेश कुमार को सोहावल व सर्वेश कुमार मिश्र को तहसील सदर भेजा गया है। सदर तहसील से स्थानांतरित लेखपाल विजय कुमार निषाद व अमितकांत दुबे को मिल्कीपुर तहसील में तैनाती मिली है। सोहावल तहसील से आशीष कुमार राय व बल्देवप्रसाद तिवारी मिल्कीपुर स्थानांतरित हुए हैं। बीकापुर तहसील के लेखपाल सुशील शर्मा को भी मिल्कीपुर में तैनाती मिली है। सभी ने कार्यमुक्त होकर अपने नये तैनाती स्थल पर ज्वाइन कर लिया है।



**डीआईजी ने रेंज के एसपी के साथ...**

बस्ती परिक्षेत्र के तेज तर्रार पुलिस उपमहानिरीक्षक दिनेश कुमार पी रेंज के जनपदों के एसपी के साथ मासिक समीक्षा किया।समीक्षा गोष्ठी,संबंधित अधिकारियों...

▸ शेष पेज 11 पर...

# पिता बना बेरहम, मासूम बेटे की बीमारी का पता चलते ही पत्नी और बेटे को ठुकराया

- बेटे के है दिल में छेद और डाउन सिंड्रोम, मां और बेटे खा रहे दर दर की ठोकरें

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर






मासूम के पैदा होने के बाद अक्सर बीमार रहने पर जांच हुई तो पता चला कि उसे गंभीर बीमारी है जिसके बाद पिता और उसके परिजनों ने मां और बेटे को घर से निकाल दिया। पहले तो ससुराली बहु को प्रताड़ित करते ही थे लेकिन उसके बेटे की बीमारी का पता चलने पर उससे नाता तोड़ लिया अब महिला दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। किसी तरह अपने बेटे का इलाज करा रही मां को अपने पति का सहारा नहीं मिल रहा है वहीं ससुरालीजन उसपर पति के अपहरण करने का आरोप लगा कर पुलिस से शिकायत की और मायके आकर मारपीट गाली गलौज कर रहे हैं।महिला ने पति सहित ससुराली जनों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। बीमारी से प्रभावित मासूम का क्या दोष जिसे यह तक पता नहीं कि बीमारी होती क्या है।जिस पिता को अपने बेटे की इस बीमारी में साथ खड़े होकर साथ देना चाहिए था वही अपनी जिम्मेदारी से भाग खड़ा हुआ और इलाज कराने के बजाए अपने अपहरण की झूठी कहानी गढ़ कर भाग गया। अब पत्नी अपने बच्चे के इलाज और उसके भविष्य को लेकर चिंतित है। पीड़ित मसवानपुर रावतुर निवासी पत्नी सुजाता ने बताया कि सालों पहले कल्याणपुर आवास विकास निवासी राम जी से हुआ था। शादी के बाद से ससुराली जन दहेज के लिए मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे।इसी बीच उसके एक बेटा हुआ बेटा चार माह का है जिसे डाउन सिंड्रोम और दिल में छेद की बीमारी है। मासूम बेटे की बीमारी की बात सुन उसे ससुराल से निकाल दिया। मायके वालों ने उसे आश्रय दिया। बीते दिसंबर को बेटे की तबियत बिगड़ गई तो उसे इलाज के लिए चांदनी नर्सिंग होम में भर्ती कराया जहां पति पहुंचा और इलाज कराने के बजाए उसकी मां, बहन के साथ मारपीट कर भाग गया। उधार पैसे मांग कर बेटे का इलाज करा मां मायके आ गई। दो दिन बाद ससुराली जन मेरे मायके आए और पति के अपहरण करने का आरोप लगाते हुए घर पर गाली गलौज की। वहीं कल्याणपुर थाने में उसके खिलाफ अपहरण का आरोप लगाया। कुछ दिन बाद पति वापस आ गया। पीड़ित सुजाता का कहना है कि बेटे की ऐसी हालत है। मुश्किल की घड़ी में पति ने भी उसका साथ छोड़ दिया है। ऐसे में वह बेटे को लेकर कहां जाए उसके सामने आगे कुआं पीछे खाई वाली वाली दशा उत्पन्न हो गई है।

## ब्लाक प्रमुख ने मकसूदाबाद पंचमुखी शिव मंदिर में इंटरलॉकिंग सड़क का किया लोकार्पण

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

क्षेत्र पंचायत कल्याणपुर कानपुर नगर के अंतर्गत ग्राम पंचायत मकसूदाबाद में प्राचीन पंचमुखी शिव मंदिर परिसर में इंटरलॉकिंग रोड निर्माण कार्य का लोकार्पण कल्याणपुर ब्लॉक प्रमुख श्रीमती अनुराधा अवस्थी के कर कमलों के द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ जी का मुख्य उद्देश्य है। कि प्रदेश में विकास की गंगा बहकर आम जनता को राहत दिलाना। इसी कड़ी में इस सड़क का निर्माण कार्य कराया गया है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व प्रत्याशी बिठूर विधानसभा दिनेश अवस्थी जी, मनोज मिश्रा, ऋषभ शुक्ला, प्रधान राजेश सिंह, प्रधान नौरंगाबाद, रम्मू मिश्रा, छोटू पांडेय, योगेंद्र पांडेय, बृजेंद्र सिंह, सोनू दुबे, राम अवस्थी, सत्यम शुक्ला एवं अधिक संख्या में अनेकों लोग उपस्थित रहे क्षेत्र के लोगों ने क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनुराधा अवस्थी को धन्यवाद प्रेषित किया।

# सनातन वैदिक रामराज परिषद् संदेश, भारतीय नागरिक चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को मनाये नववर्ष



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

### शाही स्नान का नाम अमृत स्नान किया जाना स्वागत योग्य

शाही स्नान का नाम अमृत स्नान किया जाना वास्तव में कुंभ की गरिमा और सनातन धर्म के अनुरूप है इसके लिए माननीय मुख्यमंत्री जी को साधुवाद।

### रमेश चंद्र बिधूड़ी का प्रियंका गांधी के प्रति बयान स्त्रियों के प्रति गंदी मानसिकता का परिचायक

भाजपा के नेता रमेश चंद्र बिधूड़ी का प्रियंका गांधी के प्रति बयान स्त्रियों के प्रति उनकी गंदी मानसिकता का परिचायक है उसकी सार्वजनिक निंदा की जानी चाहिए। सनातन वैदिक रामराज परिषद् का सुझाव है कि इस तरह की बयान बाजी रोकने के लिए जनप्रतिनिधि अधिनियम की तरह जनप्रतिनिधि आचार संहिता भी होनी चाहिए और इसका पालन न करने वाले जनप्रतिनिधियों की सदस्यता रद्द कर दी जानी चाहिए। इस राष्ट्र में स्त्री के सम्मान की रक्षा सर्वोपरि है वहां इस तरीके का बयान स्वीकार नहीं है।

### ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर मोदी की चादर

एक ऐसे शख्स की मजार जिसके ऊपर हिंदुओं के कत्लेआम और निर्दोष हिंदू स्त्रियों के साथ बलात्कार के इल्जाम हो पर धर्म निरपेक्ष राष्ट्र भारत के प्रधानमंत्री मां. नरेंद्र दामोदर दास मोदी की चादर का चढ़ाना किस राजनीति का उदाहरण हैं ?

यहां प्रस्तुत विचार सनातन वैदिक रामराज परिषद् के अध्यक्ष अजय कुमार मिश्र के निजी विचार हैं उनका यह मानना है कि सनातन वैदिक सिद्धांत पूरी मानवता के लिए हितकारी है।

सनातन वैदिक रामराज परिषद् एवं सनातन मंदिर चेतना सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में विदेशी दासता के प्रतीक 1 जनवरी को नववर्ष मनाने का विरोध कर भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से मनाने का निर्णय लिया है। यह नववर्ष हमें स्वीकार नहीं अपना यह त्योहार नहीं चैत्र शुक्ल की प्रथम तिथि नववर्ष मनाया जाएगा। भारतवर्ष की पुण्य भूमि पर जय गान सुनाया जाएगा।

राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर ने वर्षों पहले यह कविता अंग्रेजी नववर्ष के विरोध में लिखी थी।परंतु इस पर ध्यान न देने के कारण नववर्ष पर समाज की क्या दशा हुई ? अंग्रेजी नव वर्ष के एक दिन पूर्व पूरे राष्ट्र के अखबार नववर्ष के उल्लास से भरे पड़े थे। प्रधानमंत्री से लेकर आम जनता समाज सुधारक से लेकर धर्म धुरंधरों तक सब ने अंग्रेजी नव वर्ष के लिए अपने-अपने तरीके से बधाई दी।उसका परिणाम अगले दिन पता चला कि समाज में क्या-क्या अनैतिकताए हुई। कानपुर के बेला रेस्टोरेंट एवं शहर भर के होटलों में महिलाओं के साथ अश्लीलता एवं दुष्कर्म का प्रयास और लगभग यही परिदृश्य पूरे देश में दिखाई दिया। बड़े-बड़े घरों की महिलाएं पुरुषों के साथ क्लबों में झूम बराबर झूम शराबी के गीत पर नृत्य कर रही थी और बेचारे बच्चे अभी से मम्मी पापा की नकल करने का प्रयास कर रहे थे।परंतु आज के असंवेदनशील समाज को कोई फर्क नहीं पड़ता। सारी नैतिकता और आदर्श मुंह छुपा कर कोने में सिसक रही है। यह है अंग्रेजी नव वर्ष पर समाज की दशा। नव वर्ष तो बहाना है सब कुछ बाजारवाद के हवाले हैं अरबों रुपए की शराब पी ली गई, करोड़ों की आतिशबाजी, होटल, बड़े बड़े क्लबों एवं फार्म हाउस में पार्टियां हो गई और करोड़ों का टैक्स सरकार के पास आ गया। नैतिकता और नववर्ष के स्वागत में संकल्प भाड़ में जाए।एक और ट्रेंड बढ़ रहा है यही सारे लोग 31 दिसम्बर की रात इन खुराफातों में लिप्त थे 1 जनवरी को सुबह मंदिर भी हो आते हैं।

वहां भी उन्हें कोई समझने वाला नहीं वहां भी वही बाजारवाद हावी है सभी बड़े-बड़े मंदिरों के पुजारियों और प्रबंधकों ने भगवान और मंदिर को सजा कर रखा है जितना बड़ा आसामी उतनी बड़ी उसकी पूजा आव भगत एवं सुविधा। कानपुर में जे के मंदिर, इस्कॉन मंदिर, गुरुद्वारे आनंदेश्वर मंदिर, पनकी हनुमान मंदिर, चर्च आदि सभी अंग्रेजी नव वर्ष की शुभकामनाओं की होड़ में शामिल थे। किसी को कुछ पता ही नहीं यह नववर्ष मनाने योग्य हैं भी या नहीं।

# दीवार बनाने पर महिला के साथ दबंग ने की मारपीट

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



दबंग पड़ोसी ने दीवार बनवाने पर आपत्ति की और धमकी दी कि अगर दीवार बना खड़ी हुई तो वह उसे एक्सीडेंट में मरवा देगा। पीड़ित धमकी के बाद से डरा हुआ है। फजलगंज थाने में पीड़िता ने आरोपी दबंग पड़ोसी व उसके परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है पुलिस के मुताबिक मामले में जांच की जा रही है। फजलगंज थाना क्षेत्र के कौशलपुरी गुमटी निवासी साधना मिश्रा ने बताया कि अपने घर से 300 मीटर दूर ओम नगर में उन्होंने 20 साल पहले एक घर खरीदा था। इसमें वर्तमान में साधना की बेटी पल्लवी और दामाद कृष्ण मुरारी द्विवेदी रह रहे हैं। उनके ठीक बगल में धर्मेंद्र दुबे ने एक मकान खरीदा है साधना का आरोप है कि धर्मेंद्र दुबे और उसका बेटा आयुष दुबे दबंग एवं झगड़ालू प्रवृत्ति के हैं। आए दिन उनके मोहल्ले में किसी न किसी से झगड़ा होता रहता है। साधना ने बताया कि 11 दिसंबर 2024 को उन्होंने आरोपियों के झगड़े से तंग आकर पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया था मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। 15 दिसंबर को वह ओम नगर वाले मकान की छत पर दीवार खड़ी कर रही थी तो आरोपी धर्मेंद्र व उसके बेटे समेत अन्य परिजनों ने विरोध किया और गालियां दी। आरोपियों ने मिस्त्री से मारपीट की जी प्रभु भाग गए फजलगंज थाने को सूचित किया गया।

28 दिसंबर को थानेदार समेत अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और दीवार बनाने के लिए कहा साथ ही आरोपियों को चेतावनी भी दी। इसके बावजूद 21 दिसंबर 2024 को जब वह फिर से दीवार का काम करवाने लगी तो आरोपी फिर से गाली गलौज करने लगे और इस बार धमकी डिकी दीवार खड़ी हुई तो बेटी दामाद को एक्सीडेंट में मरवा देंगे। आरोपियों ने जो थोड़ी बहुत दीवार बन चुकी थी उसे भी गिरवा दिया। इंस्पेक्टर फजलगंज सुनील कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

मामले में सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं। जो भी तथ्य सामने निकल कर आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# डाकघर के एजेंट ने वृद्ध महिला के साथ की लाखों की ठगी

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शहर के एक पोस्ट ऑफिस के एक एजेंट ने वृद्ध महिला के साथ लाखों रुपए की ठगी की घटना को अंजाम दिया है। महिला का 5 हजार रुपए महीने का रोड अकाउंट खुला हुआ था। उसमें आधे पैसे जमा किए बाकी पैसा जमा नहीं किया। 5 साल पैसा जमा करने के बाद जब महिला को आधी रकम मिले तो उसने एजेंट से इसका विरोध किया। जिस पर एजेंट टालमटोली करने लगा। महिला ने किदवई नगर थाने में एजेंट के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया। पुलिस के मुताबिक मामले में जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक एच2 ब्लॉक किदवई नगर के रहने वाली रानी वैश्य उम्र 68 वर्ष ने बताया कि टीपी नगर साइड नंबर वन स्थिति डाकघर में 5 हजार रुपए माह का रोड अकाउंट खुलवाया था। रानी भैंस के मुताबिक अकाउंट खुलवाने में डाकघर के एजेंट अजीतगंज कॉलोनी टीपी नगर के रहने वाले सोनू भदोरिया ने अहम भूमिका निभाई थी। खाता 6 अप्रैल 2018 को खुलवाया गया और अप्रैल 2023 तक खाते में प्रति माह डलवाने के लिए सोनू उनसे 5 हजार रुपए ले जाता था। और पासबुक अपडेट कर कर दे जाता था। वृद्धा ने बताया कि 5 साल में उन्हें ब्याज मिलकर 3,58,715 रुपए मिलने चाहिए थे मगर पैसा वापस मांगने पर सोनू ने उन्हें सिर्फ 1,83,000 रुपए ही वापस किये। बकाया 1,75,715 रुपए के लिए वह टाला मटोली करने लगा। जब उससे संपर्क करना बंद कर दिया तो वह खुद डाकघर पहुंची तो पता चला कि 5 साल में उनके आरडी अकाउंट में सिर्फ 1.42 लाख रुपए ही जमा हुए हैं।

जबकि 3 लाख रुपए जमा होना चाहिए था। मामले में किदवई नगर थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार राम ने बताया कि मृत महिला की तरफ से तहरीर प्राप्त हुई है। मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी सोनू की तलाश की जा रही है।

## यूपी के कई शहरों में 12 और 13 को ओले के साथ बारिश के आसार

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

बादल और धुंध के कारण कड़ाके की ठंड पड़ रही है। कानपुर मंडल के जिलों में गुरुवार को सबसे ठंडा औरैया और इटावा रहा। शहर का न्यूनतम तापमान एयरफोर्स मौसम केंद्र पर आठ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सीएसए के मौसम विभाग ने 12 और 13 जनवरी को ओला गिरने और स्थानीय स्तर पर हल्की और मध्यम बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। इससे ठंड और बढ़ जाएगी। साथ ही नए पश्चिमी विक्षोभ के आने से हिमालयी श्रृंखला में बर्फबारी बढ़ने के आसार हैं। इससे ठंड और गलन बढ़ेगी। सीएसए के मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक 11 जनवरी से बादल आने शुरू हो जाएंगे।

# नशेबाजी को लेकर दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

जाजमऊ स्थित सिद्धनाथ घाट के पास बुधवार को दो पक्षों में नसेबाजी को लेकर जमकर झगड़ा हो गया। एक पक्ष में दूसरे पक्ष को बेरहमी से लड़ घुसो लाठी डंडों से पीट दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक पक्ष से तेरी लेकर दूसरे पक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोग नशेबाजी करते हैं। जिसका विरोध करने पर घटना हुई। पुलिस के मुताबिक मामले में जल्द कार्रवाई की जाएगी।

सिद्धनाथ घाट निवासी सुमन यादव ने बताया कि पड़ोस में रहने वाले प्यारेलाल अजय करण और विकास आए दिन नशेबाजी करने के बाद झगड़ा फसाद करते हैं। इसका विरोध करने पर बीती 3 जनवरी को आरोपी पक्ष एक राय होकर उनके परिवार पर टूट पड़ा उनके पति चंदन यादव को बेरहमी से पीटा।

सुमन का आरोप है कि आरोपी पक्ष में घर की महिलाओं के साथ छेड़छाड़ भी की है। मगर पुलिस ने उनके द्वारा की गई शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की। मारपीट का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले पर पहुंची।

घटना में पुलिस को सूचना दी गई कि सुमन देवी मार खाने के बाद सड़क पर लेटी हुई है।

जाजमऊ थाना प्रभारी के मुताबिक मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी भी की जाएगी।

# भारत माता का एक और लाल पंचतत्व में हुआ विलीन.....







- बलिदानी सुधीर यादव का बिठूर के श्मशान घाट पर राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

जन एक्सप्रेस

बिठूर। गुजरात के पोरबंदर में हेलीकॉप्टर क्रैश में बलिदान हुए कैप्टन सुधीर यादव पंचतत्व में विलीन हो गए। बिठूर के श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया गया। चाचा के बेटे यानी चचेरे भाई ने मुखाग्नि देकर उन्हें अंतिम विदाई दी। कानपुर देहात के मैथा स्थित हर किशनपुर में पैतृक घर शहीद का पार्थिव शरीर पहुंचते ही चारों तरफ सीख पुकार की आवाज गूंज उठी। कुछ देर यहां अंतिम दर्शन के लिए पार्थिव का शरीर रखा गया था। मां पिता और पत्नी की चित्कारों के बीच पार्थिव शरीर दरवाजे से उठा तो वहां मौजूद हर शख्स की आंखों से आंसू छलक आए। सुधीर यादव अमर रहे, भारत माता की जय के नारे से पूरा आसमान गूंजायमान हो उठा। पत्नी आवृत्ति बोली सुधीर तुमने यह क्या कर दिया। हम सब तुम्हारे बिना कैसे रह पाएंगे जो जहां भी रहो खुश रहो। मां चकते हुए कहती रही लल्ला तुम्हें देखकर जिया खुश हो जाता था अब मैं कैसे खुश रह पाऊंगी। जिंदगी भर के लिए तुमने सभी को रुला दिया। लल्ला लौट आओं। हमारी खुशी लौटा दो भगवान तूने ये क्या कर दिया। गांव में रहने वाले हर शख्स की आंख नम थी।

आपको बताते चलें कि एक दिन पहले मंगलवार को सुधीर यादव के पार्थिव शरीर को उनके निवास स्थान कानपुर शहर के श्याम नगर लाया गया था। यहां पर सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित की इसके बाद शाम को पार्थिव शरीर एयर फोर्स स्टेशन में रखवाया गया था। सुबह पार्थिव शरीर कानपुर देहात के मैथा स्थित हर किशुनपुर गांव ले जाया गया। यहां शहीद सुधीर के पिता नवाब सिंह ने कहा कि हमारे परिवार की दूसरी पीढ़ी का यह बेटा था जो फौज में अफसर के पद पर था। हम लोग देश की सेवा के लिए ही बने हैं। सरकार को कुछ ऐसे कदम उठाने चाहिए जिससे लोग पीछे ना हटें। अब अग्नि वीर योजना कर दिया है तो तीन-चार साल के लिए कौन अपने बेटे को फौज में भेजेगा। सरकार को ऐसी सुविधाएं देनी चाहिए कि जो सरहद पर जा रहा है वह यह सोचे कि सरहद के बाद हमारा परिवार सुरक्षित रहेगा। उसकी पूरी तरह से देखभाल होनी चाहिए। हर किशनपुर गांव में श्रद्धांजलि देने के बाद शहीद सुधीर यादव की अंतिम यात्रा मैदा से शुरू होकर शिवली, चौबेपुर, होते हुए बिठूर के श्मशान घाट पहुंची। यहां पर सुबह से ही जिला प्रशासन और कोस्ट गार्ड अधिकारियों की तरफ से पूरी तैयारी कर ली गई थी। पार्थिव शरीर के घाट पहुंचते ही श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया इस श्रद्धांजलि सभा में जनप्रतिनिधियों के अलावा कोस्ट गार्ड, पूर्व सैनिक, के अलावा जिला प्रशासन के अधिकारियों व साथ चल रहे हजारों लोगों ने वीर सपूत को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद इंडियन एयर फोर्स व उत्तर प्रदेश पुलिस फोर्स के जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद शहीद सुधीर कुमार यादव के अंतिम संस्कार की क्रिया उनके चचेरे भाई धीरेंद्र यादव के द्वारा संपन्न कराई गई। मुखाग्नि धीरेंद्र यादव ने दी है।

### जज पत्नी ने शहीद के पार्थिव शरीर के पास रखी चिट्ठी

कैप्टन सुधीर यादव का पार्थिव शरीर मंगलवार दोपहर जब कानपुर पहुंच तो पत्नी आवृत्ति चीखने लगी। रो-रो कर कहा वी आर प्राउड ऑफ यू सुधीर.... तुमने अपनी नौकरी के लिए जो कुछ भी किया उसके लिए मुझे तुम पर गर्व है। तुम्हारे बिना हम सब कैसे रहेंगे यह कमी कभी पूरी नहीं हो सकेंगी। जिंदगी भर के लिए रुल गए तुम, हम ठीक हैं तुम जहां भी हो अपना ख्याल रखना। जज पत्नी आवृत्ति ने पति को एक लेटर भी दिया। यह लेटर उन्होंने सुधीर के पार्थिव शरीर पर उसके साथ अर्पित किया और कहां सुधीर प्लीज ए लेटर तुम जरूर पढ़ लेना। आपको बताते चलें सुधीर का परिवार मूल रूप से कानपुर देहात के शिवली के हर किशनपुर का रहने वाला है। उनके पिता नवाब सिंह यादव सेवा से रिटायर्ड होने के बाद एसबीआई में मैनेजर है। सुधीर 8 साल से कोस्ट गार्ड पायलट के पद पर तैनात थे। सुधीर की पत्नी आवृत्ति पटना में जुडिशल जज के पद पर तैनात हैं। अपने पति से मिलकर वह सीधे अपनी जॉब के लिए पटना निकल गई थी। पटना पहुंचते ही उन्हें घटना के बारे में जानकारी मिली। सुधीर और आवृत्ति की शादी 7 मार्च 2024 को बड़े धूमधाम से हुई थी।

### मेडिकल रेस्क्यू सफल होने के बाद वापस लौट रहा था प्लान

भाई धर्मेंद्र ने बताया कि सुधीर अपनी टीम के साथ मेडिकल रेस्क्यू करने के लिए गया था। प्लान रिस्क को सफल करने के बाद लौट रहा था। तभी पोरबंदर हवाई अड्डे पर अचानक हेलीकॉप्टर में ब्लास्ट हुआ और आग लग गई। इसके बाद किसी को भी उसे बाहर निकलने का मौका नहीं मिला।

### श्मशान घाट पर दिया गया गार्ड का ऑनर

भारत माता के बलिदानी सपूत सुधीर कुमार यादव के बिठूर के श्मशान घाट पर पहुंचते ही उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद इंडियन एयरफोर्स के गार्ड व उत्तर प्रदेश पुलिस बल के जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद कोस्ट गार्ड के अधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज देकर शहीद सुधीर कुमार यादव के पिता को सम्मान अर्पित किया गया।

### इन सभी ने वीर सपूत को दी श्रद्धांजलि

बिठूर के श्मशान घाट पर देश के वीर सपूत को श्रद्धांजलि देने के लिए लोगों का ताता लगा हुआ था। श्रद्धांजलि देने के लिए मुख्य रूप से मेजर योगेंद्र सिंह कटिहार, एडीएम सिटी डॉ राजेश कुमार, एसडीएम सदर रितु प्रिया, तहसीलदार रितेश कुमार सिंह, डीसीपी ईस्ट श्रवण कुमार सिंह, कैप्टन रविंद्र सिंह सेना मेडल, कैप्टन अवधेश त्रिपाठी, कर्नल आरपी यादव, सूबेदार मेजर चरण सिंह यादव, कर्नल एसपी सिंह, हवलदार संजय सिंह, सूबेदार मेजर रामनरेश यादव, के अलावा कोस्ट गार्ड के अधिकारी व सैनिक नहीं श्रद्धांजलि दी।


## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

### प्रयाग स्टेशन पर अस्थायी ठहराव

आगामी कुम्भ मेला–2025 के मद्देनजर, रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा दिनांक 10.01.2025 से 28.02.2025 तक निम्नलिखित रेलगाड़ियों को प्रयाग स्टेशन पर 2 मिनट का अस्थायी ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है :–

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | प्रयाग स्टेशन पर प्रस्तावित समय–सारणी | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| 20416 इंदौर–वाराणसी काशी महाकाल सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 01:23 | 01:25 |
| 20941 बांद्रा टर्मिनस–गाजीपुर सिटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 01:58 | 02:00 |
| 12382 नई दिल्ली–हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस | 02:13 | 02:15 |
| 12669 एमजीआर चेन्नै सेंट्रल–छपरा गंगा कावेरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 02:28 | 02:30 |
| 22434 आनन्द विहार (ट)–गाजीपुर सिटी सुहेलदेव सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 04:28 | 04:30 |
| 12165 लोकमान्य तिलक (ट.)–गोरखपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 04:43 | 04:45 |
| 22183 लोकमान्य तिलक (ट.)–अयोध्या कैंट साकेत सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 04:43 | 04:45 |
| 12539 यशवंतपुर–लखनऊ सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 05:23 | 05:25 |
| 11055 लोकमान्य तिलक (ट.)–गोरखपुर गोदान एक्सप्रेस | 09:03 | 09:05 |
| 11059 लोकमान्य तिलक (ट.)–छपरा एक्सप्रेस | 09:03 | 09:05 |
| 18205 दुर्ग–नौतनवाँ एक्सप्रेस | 11:18 | 11:20 |
| 22103 लोकमान्य तिलक (ट.)–अयोध्या कैंट सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 11:58 | 12:00 |
| 22683 यशवंतपुर–लखनऊ सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 13:18 | 13:20 |
| 22550 प्रयागराज–गोरखपुर वंदे भारत एक्सप्रेस | 15:27 | 15:29 |
| 22549 गोरखपुर–प्रयागराज वंदे भारत एक्सप्रेस | 12:58 | 13:00 |
| 11071 लोकमान्य तिलक (ट.)–बलिया कामायानी एक्सप्रेस | 16:28 | 16:30 |
| 15102 लोकमान्य तिलक (ट.)–छपरा अंत्योदय एक्सप्रेस | 18:33 | 18:35 |
| 22468 गांधीनगर केपीटल–वाराणसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 20:43 | 20:45 |
| 22613 रामेश्वरम–अयोध्या कैंट श्रद्धासेतु सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 22:53 | 22:55 |
| 22969 ओखा–बनारस सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 23:23 | 23:25 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे

आपकी सुविधा–हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

▸ पढ़ें पेज 10 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# क्या चीन में फैला है जानलेवा वायरस?

**चीन में ही कोरोना से हुई पहली मौत भी दर्ज की गई थी। कोरोना वैश्विक महामारी दुनिया भर ने झेली और 71 लाख से अधिक मौतें हुईं। भारत में भी करीब 5.5 लाख लोग कोरोना वायरस के संक्रमण के कारण मारे गए। इस त्रासदी को 'अभूतपूर्व' माना गया। दुनिया में गैर-सरकारी संगठनों और एजेंसियों ने मौत के आंकड़े कई गुना अधिक बताए थे। बहरहाल कोरोना संक्रमण के तनाव, भय, दंश, मौतों से लेकर आर्थिक तालाबंदी का वह दौर इतना भयावह था कि हम भूल नहीं सकते।**

*सारी दुनिया में चर्चा है कि चीन में एक बार फिर कोरोना वायरस अथवा उसके जैसा ही खतरनाक, जानलेवा वायरस फैला है। चीन खामोश है। क्या चीन इस बार भी संक्रमण के विस्फोट और विस्तार को छिपाए रखेगा? भारत सरकार ने विश्व स्वास्थ्य संगठन से इन सवालों के स्पष्टीकरण मांगे हैं। क्या यह संगठन पुष्टि करेगा कि चीन में किस तरह का संक्रमण फैला है और वह भारत सरीखे पड़ोसी देशों के लिए कितना भयावह साबित हो सकता है? भारत का 'नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (एनसीडीसी) देश में सांस और मौसमी इन्फ्लूएंजा के मामलों पर करीबी नजर रखे है। संयुक्त निगरानी समिति जांच कर रही है कि देश पर किसी तरह के वायरस का प्रभाव शुरू हुआ है या नहीं। अलबत्ता जनता को आश्वस्त किया जा रहा है कि फिलहाल चिंता और दहशत की स्थिति नहीं है। चीन में 'ह्यूमन मेटापन्यूमो वायरस' (एचएमपीवी) के संक्रमण फैलने की खबर ही पुष्टि हुई है। यह वायरस भी कोरोना महामारी के वायरस जैसा ही बताया जा रहा है। टीवी चैनलों पर कुछ वीडियो सार्वजनिक हुए हैं, जिनमें चीन के अस्पताल खचाखच भरे दिखाई दे रहे हैं। भीड़ का सैलाब उमड़ा है। लोगों ने मास्क पहने हुए हैं। कुछ चीख-पुकार और कुछ बदहवासी का माहौल दिख रहा है। ऐसी भी सूचनाएं सार्वजनिक हुई हैं कि चीन में वायरस से मौतों का सिलसिला भी शुरू हो चुका है, लेकिन अभी तक कोई भी आंकड़ा घोषित या सत्यापित नहीं किया गया है। चीन सरकार इस बार भी खामोश है। चीन ने अपने यहां फ्लू के बड़े प्रकोप की खबरों को खारिज किया है। उसका यह रवैया नवंबर, 2019 में भी लगभग यही था, जब कोरोना वायरस का पहला केस, चीन के ही वुहान शहर में सामने आया था। तब उसे 'रहस्यमयी निमोनिया' करार दिया गया था। चीन में ही कोरोना से हुई पहली मौत भी दर्ज की गई थी। कोरोना वैश्विक महामारी दुनिया भर ने झेली और 71 लाख से अधिक मौतें हुईं। भारत में भी करीब 5.5 लाख लोग कोरोना वायरस के संक्रमण के कारण मारे गए। इस त्रासदी को 'अभूतपूर्व' माना गया। दुनिया में गैर-सरकारी संगठनों और एजेंसियों ने मौत के आंकड़े कई गुना अधिक बताए थे। बहरहाल कोरोना संक्रमण के तनाव, भय, दंश, मौतों से लेकर आर्थिक तालाबंदी का वह दौर इतना भयावह था कि हम भूल नहीं सकते। भूलना भी नहीं चाहिए। चीन खुद को एक किले में बंद रखता आया है। वहां सामान्य मीडिया, सोशल मीडिया ही नहीं, लोगों पर भी पाबंदियां हैं कि वे किसी भी तरह की सूचना को सार्वजनिक नहीं कर सकते। जो कहना है, वह चीन सरकार ही कहेगी। वहां जो वायरस फैला है, उसके लक्षण भी कोरोना सरीखे ही हैं। लोगों में तेज बुखार देखा जा रहा है। फेफड़ों में संक्रमण और सांस लेने में परेशानी की खबरें भी आई हैं, लेकिन चीन में इस वायरस का प्रभाव कुछ अलग देखा जा रहा है कि संक्रमण 5 साल की उम्र से छोटे बच्चों में फैल रहा है। कोरोना संक्रमण से बच्चे प्रभावित नहीं हुए थे। उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता जन्म से ही मजबूत आंकी गई थी। कोरोना संक्रमण के शिकार बड़ी उम्र के लोग और अधिकतर बुजुर्ग लोग ही हुए। चीन ने अभी तक सांस संबंधी सामान्य संक्रमण को ही स्वीकार किया है। वहां के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि विदेशियों के लिए चीन की यात्रा बिलकुल सुरक्षित है। प्रवक्ता के मुताबिक, सर्दियों के मौसम में संक्रमण चरम पर होता है लेकिन बीते वर्ष की तुलना में बीमारियां छोटे स्तर पर ही फैल रही हैं।*

## एक्सप्रेस आलेख

**बातचीत के दौरान पम्मा कहते हैं कि उनका उद्देश्य किसी राजनीतिक दल का हिस्सा बनकर राजनीतिक हित साधना नहीं है बल्कि वे सीधे जनता की समस्याओं को उठाने और समाधान की दिशा में प्रयासरत रहते हैं। नि:शुल्क शिक्षा, हर छात्र के लिए कॉलेज में प्रवेश की व्यवस्था और सोशल मीडिया के दुरुपयोग को रोकना उनके प्रमुख एजेंडे में शामिल हैं। विरोध प्रदर्शनों के दौरान पिछले तीन दशकों में उन्होंने विरोध प्रदर्शनों के दौरान पुलिस की लाठियां झेली, वाटर कैनन का सामना किया और कई बार गिरफ्तारियां भी दी लेकिन अपने इरादों से कभी टस से मस नहीं हुए। उनकी आवाज सदैव बुलंद रही है और वे हर कदम पर जनता के हक के लिए संघर्ष करते रहे हैं।**

# सिस्टम के खिलाफ गुस्से की आवाज हैं परमजीत सिंह पम्मा



योगेश कुमार गोयल

2015 में उन्हें 'भारत का सबसे गुस्सैल आदमी' का मिला खिताब उनके संघर्ष और आक्रामकता का प्रतीक है। इस खिताब ने उन्हें देशभर में एक नई पहचान दिलाई और यह साबित भी किया कि उनका गुस्सा आम आदमी के हक और उनके मुद्दों के प्रति रहता है। यह खिताब पिछले 10 वर्षों से उनकी पहचान का अभिन्न हिस्सा बना हुआ है। आम आदमी की परेशानियों को दर्शाते उनके द्वारा उठाए गए।







अपने तीखे तेवरों और आक्रामक विरोध प्रदर्शनों के माध्यम से पिछले 30 वर्षों से निरंतर आम आदमी की आवाज को बुलंद करते नेशनल अकाली दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा ऐसा व्यक्तित्व हैं, जो संघर्ष, साहस और जनता की आवाज को बुलंद करने का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने जन-सरोकारों और विभिन्न सामाजिक व राष्ट्रीय मुद्दों पर दिल्ली की सड़कों से लेकर रामलीला मैदान जैसे प्रमुख स्थलों पर अपना प्रखर विरोध दर्ज कराते हुए सरकारों तक जनता की आवाज को पुरजोर तरीके से पहुंचाया है। उनकी यह विशेषता 2015 में तब व्यापक चर्चा का विषय बनी, जब एक प्रमुख सोशल मीडिया सर्वेक्षण के आधार पर उन्हें 'भारत का सबसे गुस्सैल आदमी' का खिताब दिया गया था। उस समय बीबीसी सहित देश के अन्य प्रमुख मीडिया समूहों ने भी इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था, जिसमें उन्हें 'दिल्ली की सड़कों पर विरोध की आवाज' कहा गया। इस खिताब को 10 वर्षों से भी अधिक समय तक अपने नाम दर्ज कराए रखने का श्रेय उनकी निरंतरता और सामाजिक मुद्दों पर अडिग रहने को जाता है। बीबीसी ने अपनी विस्तृत रिपोर्ट में लिखा था, ''बीबीसी ने आखिरकार सबसे गुस्सैल आदमी को खोज निकाला और यह व्यक्ति हैं परमजीत सिंह पम्मा, जो 'दिल्ली की सड़कों पर विरोध की आवाज' हैं और कुछ वर्षों से तमाम तरह के मुद्दों पर दिल्ली की सड़कों पर विरोध-प्रदर्शन करते रहे हैं।'' महज 16 वर्ष की उम्र में महज पांच फुट के छोटे से कद के परमजीत सिंह पम्मा ने अपने पिता जत्थेदार त्रिलोचन सिंह के साथ पहले विरोध प्रदर्शन में भाग लिया था। यह वर्ष 1995 की बात है, जब उन्होंने जनता के हक की लड़ाई में अपना पहला कदम रखा था। पिता के आदर्शों से प्रेरित होकर उन्होंने 1996 में नेशनल अकाली दल की स्थापना की लेकिन अकाली दल की राजनीति में व्याप्त भ्रष्टाचार से असंतुष्ट होकर उन्होंने अपनी अलग राह बनाई और आम आदमी के मुद्दों को अपनी प्राथमिकता बनाया। उन्होंने सामाजिक और राष्ट्रीय मुद्दों पर कार्य को अपना सबसे महत्वपूर्ण

**समाज के हित में पम्मा के उल्लेखनीय कार्यों के लिए उन्हें कई सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने सम्मानित किया। पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी, पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह और दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित सहित अनेक राजनीतिक दिग्गजों ने उनके प्रयासों की सराहना की। ब्रिटेन में पगड़ी के मुद्दे पर उनके प्रदर्शन का परिणाम यह हुआ कि ब्रिटेन सरकार ने उनकी मांगों को स्वीकार किया।**

लक्ष्य बनाया। पम्मा ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की और समाज के अन्य गंभीर मुद्दों को भी अपने एजेंडे में शामिल किया। पैट्रोल, डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों से लेकर बच्चों की शिक्षा, फल-सब्जियों की महंगाई, टीवी पर अश्लीलता जैसे विषयों पर उन्होंने सरकारों के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किए। उनके प्रयास केवल भारतीय सीमाओं तक ही सीमित नहीं रहे बल्कि उन्होंने ब्रिटेन में सिख पगड़ी के सम्मान के लिए भी दिल्ली में जोरदार प्रदर्शन किए, ऑस्ट्रेलिया में भारतीयों पर नस्लीय हमलों के खिलाफ आवाज उठाई, और अमेरिका में विस्कॉन्सिन के गुरुद्वारे पर हुए हमले का विरोध किया। उनके संगठन ने महारानी एलिजाबेथ के भारत आगमन पर उन्हें काले झंडे दिखाए थे, जिसके बाद अंततः ब्रिटेन सरकार ने उनको पत्र लिखकर कहा था कि उनकी मांग को स्वीकार कर पगड़ी का सम्मान किया जाएगा। समाज के हित में पम्मा के उल्लेखनीय कार्यों के लिए उन्हें कई सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने सम्मानित किया। पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी, पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह और दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित सहित अनेक राजनीतिक दिग्गजों ने उनके प्रयासों की सराहना की। ब्रिटेन में पगड़ी के मुद्दे पर उनके प्रदर्शन का परिणाम यह हुआ कि ब्रिटेन सरकार ने उनकी मांगों को स्वीकार किया। पम्मा का कहना है कि उनका गुस्सा लोगों पर नहीं बल्कि सिस्टम और सरकार पर निकलता है। उनका यह गुस्सा तब परिलक्षित होता है, जब वे महंगाई, किसानों की समस्याओं या पाकिस्तान की नीतियों के खिलाफ सड़कों पर उतरते हैं। वह मानते हैं कि सरकार तब तक नहीं सुनती, जब तक जनता परेशान होकर आवाज नहीं उठाती। उनके अनुसार, उन्हें सबसे अधिक गुस्सा महंगाई और पाकिस्तान के हमारे सैनिकों पर हमलों को लेकर आता है। वे बताते हैं कि जब भी भारतीय सेना से जुड़े मुद्दे सामने आते हैं, उनका गुस्सा चरम पर होता है। पाकिस्तान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन उनके कार्यों का प्रमुख हिस्सा हैं। बातचीत के दौरान पम्मा कहते हैं कि उनका उद्देश्य किसी राजनीतिक दल का हिस्सा बनकर राजनीतिक हित साधना नहीं है बल्कि वे सीधे जनता की समस्याओं को उठाने और समाधान की दिशा में प्रयासरत रहते हैं। निःशुल्क शिक्षा, हर छात्र के लिए कॉलेज में प्रवेश की व्यवस्था और सोशल मीडिया के दुरुपयोग को रोकना उनके प्रमुख एजेंडे में शामिल हैं। विरोध प्रदर्शनों के दौरान पिछले तीन दशकों में उन्होंने विरोध प्रदर्शनों के दौरान पुलिस की लाठियां झेली, वाटर कैनन का सामना किया और कई बार गिरफ्तारियां भी दी लेकिन अपने इरादों से कभी टस से मस नहीं हुए। उनकी आवाज सदैव बुलंद रही है और वे हर कदम पर जनता के हक के लिए संघर्ष करते रहे हैं। 2015 में उन्हें 'भारत का सबसे गुस्सैल आदमी' का मिला खिताब उनके संघर्ष और आक्रामकता का प्रतीक है। इस खिताब ने उन्हें देशभर में एक नई पहचान दिलाई और यह साबित भी किया कि उनका गुस्सा आम आदमी के हक और उनके मुद्दों के प्रति रहता है। आम आदमी की परेशानियों को दर्शाते उनके द्वारा उठाए गए मुद्दे और उनकी कार्यशैली यह दिखाती है कि केवल एक व्यक्ति भी सिस्टम के खिलाफ खड़ा होकर बड़ा बदलाव ला सकता है। उनका जीवन आम लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है और उनके प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हुए हैं।

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | दशमी 12:22 तक |
| नक्षत्र: | भरणी 15:06 तक |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | गुरुवार |
| योग: | साध्य, 17:22 |
| सूर्योदय: | 07:18 |
| सूर्यास्त: | 17:36 |
| चंद्रमा: | मेष राशि में |
| राहुकाल: | 13:45-15:02 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1946 |
| मास: | पौष |
| शुभ मुहूर्त: | 12:07-12:48 |

## जन एक्सप्रेस

### हो गया ऐलान !

*आखिरकार तारीखों का ।*
*हो गया ऐलान ।।*
*कब होगी गिनती ।*
*और कब मतदान ।।*
*अपने अपने ढ़ंग से ।*
*अब सबके बयान ।।*
*है बनाए रखना ।*
*सबको ही सम्मान ।।*
*क्षेत्र में अब स्वत- ।*
*डट जाएंगे वीर ।।*
*धीरे धीरे तरकश से ।*
*छोड़ना भी तीर ।।*
*है पूरा प्रयास ।*
*मार लें मैदान ।।*
*देखना है किसकी ।*
*राह है आसान ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# क्या वाकई हरी मिर्च खाने से लंग कैंसर नहीं होता है?

**वायु** प्रदूषण, सिगरेट और अन्य प्रकार के धूम्रपान के कारण लंग्स कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। लंग कैंसर एक ऐसी गंभीर बीमारी है, जो किसी व्यक्ति को एक बार हो जाए, तो यह इसका लंबा इलाज चलता है और कई सालों तक दवाएं, थेरेपीज और अन्य प्रीकॉशन को फॉलो करने के बाद ही ठीक होता है। भारत में जितनी तेजी से लंग कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं, उतनी ही तेजी से इससे जुड़ी भ्रामक जानकारियां भी बढ़ रही हैं। पिछले दिनों सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक ऐसा ही पोस्ट सुर्खियां बंटोर रहा था। इस पोस्ट में दावा किया गया है कि धूम्रपान करने वाले लोग हरी मिर्च का सेवन करें, तो इससे लंग कैंसर का खतरा कम करने में मदद मिलती है। डॉ. रमन नारंग के अनुसार, हरी मिर्च भारतीय रसोई का एक अहम हिस्सा है। हरी मिर्च का तीखा स्वाद न केवल खाने का मजा बढ़ाता है, बल्कि सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। हरी मिर्च में पाया जाने वाला मुख्य यौगिक कैप्साइसिन कई प्रकार की बीमारियों से बचाव करने में मददगार होता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशनद्वारा की गई रिसर्च का हवाला देते हुए डॉ. नारंग बताते हैं कि हरी मिर्च में पाया जाने वाला कैप्साइसिन में एंटी-कैंसर होता है, जो शरीर में कैंसर सेल्स को बढ़ने से रोकता है। हरी मिर्च पर हुई रिसर्च में



यह बात भी सामने आई है कि कैप्साइसिन में एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो फ्री रेडिकल्स के कारण होने वाले नुकसान को कम कर सकते हैं। वहीं, इसके विपरीत कुछ अध्ययनों में यह बात भी सामने आई है कि हरी मिर्च के अधिक सेवन करने से गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसर, जैसे कि एसोफैगल कैंसर का जोखिम बढ़ सकता है। हरी मिर्च का सेवन करने से लंग कैंसर का खतरा कम होता है।

**धूम्रपान से बचें:** लंग कैंसर का सबसे बड़ा कारण सिगरेट, बीड़ी और अन्य धूम्रपान के साधन हैं। इसलिए धूम्रपान से दूरी बनाएं, ताकि लंग कैंसर के खतरे को कम किया जा सके।

**स्वस्थ आहार लें:** अपनी डाइट में ताजे फल, सब्जियां,और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर खाद्य पदार्थों को शामिल करें। पर्याप्त मात्रा में विटामिन और मिनरल्स का सेवन करने से कैंसर के खतरे को कम करने में मदद मिलती है।

**एक्सरसाइज करें:** नियमित रूप से एक्सरसाइज करने से इम्यूनिटी स्ट्रांग बनती हैं, जिससे कैंसर के खतरे को कम किया जा सकता है।

**मास्क का इस्तेमाल करें:** वायु प्रदूषण भी लंग कैंसर का मुख्य कारण है, इसलिए इससे बचाव करने के लिए मास्क का इस्तेमाल करें।

**निष्कर्ष:** हरी मिर्च में मौजूद पोषक तत्व और कैप्साइसिन सेहत के लिए लाभदायक हो सकते हैं, लेकिन यह लंग कैंसर के खतरे को कम कर सकते हैं, इसका कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है। हेल्थ एक्सपर्ट का कहना है कि सोशल मीडिया पर वायरल होने वाले किसी भी दावे को सच मानने और अपनाने से पहले डॉक्टर की सलाह जरूरी है।

## एक्सप्रेस विशेष

# मोदी सरकार के नेतृत्व में भारत का शैक्षिक पुनर्जागरण



प्रो. आरके जैन

मोदी जी के कुशल नेतृत्व में भारत शिक्षा के क्षेत्र में एक स्वर्णिम युग की ओर अग्रसर है। उनकी नीतियां भारतीय शिक्षा प्रणाली को सशक्त और समावेशी बना रही हैं। ई-छात्र वीज़ा और ई-छात्र-एक्स वीज़ा जैसी योजनाएं इस दिशा में भारत की प्रतिबद्धता और दूरदृष्टि का उत्कृष्ट प्रतीक हैं।

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी जी के प्रेरणादायी नेतृत्व में भारत ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने और वैश्विक पटल पर मजबूती से उभरने के लिए अनेक ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी पहल की हैं। विदेशी छात्रों के लिए आरंभ की गई ई-छात्र वीज़ा और ई-छात्र-एक्स वीज़ा योजनाएं इस दिशा में एक अद्वितीय मील का पत्थर सिद्ध हो रही हैं। ई-छात्र वीज़ा भारत में उच्च शिक्षा के इच्छुक विदेशी छात्रों को आमंत्रित करता है, जबकि ई-छात्र-एक्स वीज़ा उनके परिजनों को साथ रहने की सुविधा देकर उन्हें आत्मीयता का अहसास कराता है। यह अनूठा कदम भारत को एक मैत्रीपूर्ण, समावेशी और विश्वस्तरीय शैक्षणिक गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक सशक्त प्रयास है। भारत प्राचीन काल से ही ज्ञान और शिक्षा का अनुपम केंद्र रहा है। नालंदा और तक्षशिला जैसे महान विश्वविद्यालयों ने न केवल भारतीय शिक्षा की उत्कृष्टता का प्रमाण दिया, बल्कि इसे विश्वभर में एक आलोक स्तंभ के रूप में प्रतिष्ठित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने इस गौरवमयी परंपरा को आधुनिक युग में पुनर्जीवित करने का दृढ़ संकल्प लिया है। उनकी डिजिटल इंडिया पहल के अंतर्गत स्टडी इन इंडिया पोर्टल की शुरुआत, शिक्षा के क्षेत्र में भारत को पुनः वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में

**डिजिटल इंडिया पहल के तहत विकसित स्टडी इन इंडिया पोर्टल न केवल आवेदन प्रक्रिया को सहज और त्वरित बनाता है, बल्कि भारतीय शिक्षा प्रणाली को डिजिटल युग की आवश्यकताओं के अनुरूप आधुनिक और सुदृढ़ भी करता है। यह नीति शिक्षा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने पर केंद्रित है। इन पहल से भारत को एक वैश्विक शैक्षणिक केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में प्रगति हो रही है।**

एक क्रांतिकारी कदम है। यह पोर्टल विदेशी छात्रों के लिए एकीकृत डिजिटल मंच के रूप में कार्य करता है, जहां वे अपनी पसंद के विश्वविद्यालय और पाठ्यक्रम का चयन कर सकते हैं। साथ ही, वीज़ा प्रक्रिया को त्वरित, सरल और पारदर्शी तरीके से पूरा कर सकते हैं। यह पहल छात्रों के अनुभव को सहज, सुलभ और सुखद बनाने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। विदेशी छात्रों के लिए वीज़ा प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने का यह अभूतपूर्व प्रयास भारत के आर्थिक और सांस्कृतिक परिदृश्य पर गहरा और दीर्घकालिक प्रभाव डालेगा। इन छात्रों की उपस्थिति से न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा मिलेगी, बल्कि उनके दैनिक जीवन की आवश्यकताओं, जैसे आवास, भोजन, परिवहन और अन्य सेवाओं पर होने वाला खर्च स्थानीय व्यवसायों और उद्यमों को सशक्त करेगा। इसके साथ ही, यह पहल सांस्कृतिक आदान-प्रदान के क्षेत्र में भी एक नई क्रांति का सूत्रपात करेगी। विभिन्न देशों और पृष्ठभूमियों से आने वाले छात्र भारत की बहुरंगी संस्कृति, प्राचीन परंपराओं और अतुलनीय आतिथ्य भावना का अनुभव करेंगे। यह वसुधैव कुटुंबकम् के शाश्वत संदेश को साकार करने में सहायक होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की कार्यशैली में दूरदृष्टि, नवाचार और समग्रता का अद्वितीय समन्वय झलकता है। उनकी नीतियां भारत को शिक्षा के क्षेत्र में एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में सशक्त कदम उठा रही हैं। वीज़ा प्रक्रिया को सरल बनाकर और छात्रों के परिजनों को ई-छात्र-एक्स वीज़ा के माध्यम से साथ रहने की अनुमति देकर, उन्होंने एक ऐसा वातावरण तैयार किया है जो शिक्षा के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धियों को संभव बनाता है। ई-छात्र वीज़ा विदेशी छात्रों को स्नातक, स्नातकोत्तर, पीएचडी और तकनीकी शिक्षा में अद्वितीय अवसर प्रदान करता है। यह पहल न केवल भारत की शिक्षा प्रणाली को सुदृढ़ और समावेशी बना रही है, बल्कि वैश्विक छात्रों के लिए भारत को एक आदर्श शिक्षा केंद्र के रूप में प्रस्तुत कर रही है। भारत में विदेशी छात्रों की संख्या में निरंतर वृद्धि भारत की शिक्षा प्रणाली की बढ़ती प्रतिष्ठा का प्रतीक है। वर्ष 2023 में, भारत ने 13,126 से अधिक विदेशी छात्रों को शिक्षा प्रदान की। ये आंकड़े भारतीय विश्वविद्यालयों की उत्कृष्टता को प्रमाणित करते हैं, जो वैश्विक मानकों पर खरा उतरने की दिशा में प्रगति कर रही है। डिजिटल इंडिया पहल के तहत विकसित स्टडी इन इंडिया पोर्टल न केवल आवेदन प्रक्रिया को सहज और त्वरित बनाता है, बल्कि भारतीय शिक्षा प्रणाली को डिजिटल युग की आवश्यकताओं के अनुरूप आधुनिक और सुदृढ़ भी करता है। यह नीति शिक्षा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने पर केंद्रित है। इन पहल से भारत को एक वैश्विक शैक्षणिक केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में प्रगति हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में भारत शिक्षा के क्षेत्र में एक स्वर्णिम युग की ओर अग्रसर है। उनकी नीतियां भारतीय शिक्षा प्रणाली को सशक्त और समावेशी बना रही हैं। ई-छात्र वीज़ा और ई-छात्र-एक्स वीज़ा जैसी योजनाएं इस दिशा में भारत की प्रतिबद्धता और दूरदृष्टि का उत्कृष्ट प्रतीक हैं। ये पहल छात्रों के जीवन, भारत की छवि, और वैश्विक मंच पर भारत की भूमिका को सशक्त कर रही हैं।

# मृतक रामचंद्र का हुआ अंतिम संस्कार पुलिसिया कार्यशैली को धिक्कार





**जन एक्सप्रेस | सुनहरा**

**लखीमपुर खीरी।** सोमवार को रामचंद्र के साथ जंगल में लकड़ी बीनने गए थे। वहां पर मझगई और निघासन की पुलिस पहुंची, तब वह लोग साइकिल पर लकड़ी के गठ्ठर लाद रहे थे। शराब बनाने वाले भाग गए।

पुलिस ने रामचंद्र समेत सुरेश, मोहन व मुनेश को पकड़कर गाड़ी में बैठा लिया। रास्ते में मन्नापुर गांव के पास रामचंद्र को उतार दिया और तीन लोगों को थाने में जाकर बंद कर दिया। मोहन ने आरोप लगाया कि पुलिस ने तीनों लोगों को छोड़ने के लिए 90 हजार रुपये मांगे थे। इसके बाद रामचंद्र की मौत होने पर पुलिस ने आनन-फानन में तीनों लोगों को छोड़ दिया था। पुलिस ने ऐसे सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। जबकि



सच्चाई यह है की कोई भी मामला पुलिस मे पहुंचता है रूपए की डिमांड चालू, पुलिस की सेटिंग गेटिंग किसी से छुपी नहीं है। मंगलवार को परिजनों ने जमकर हंगामा किया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव घर पहुंचा तो नाराज परिजनों व ग्रामीणों ने पलिया मार्ग पर बाइक और ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी कर जाम लगाने का प्रयास किया। इस दौरान ग्रामीणों और मझगईं प्रभारी थाना निरीक्षक के बीच जमकर नोकझोंक भी हुई। लोगों का गुस्सा देख पुलिस को लाठी फटकारनी पड़ी। ग्रामीणों का आरोप है कि महिलाओं पर भी लाठियां चलाईं गईं। ग्रामीणों के विरोध से गुस्साए इंस्पेक्टर ने पूरे गांव को जेल भेज देने की धमकी दी। इसका वीडियो वायरल हो रहा है।मृतक रामचंद्र के परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। जमकर बवाल हुआ और ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। इस बीच पुलिस अधिकारियों ने मृतक का अंतिम संस्कार करवाने की कोशिश की तो परिजनों से नोकझोंक हो गई।

इस दौरान वहां मौजूद सीओ ने उन्हें हड़का दिया। इंसाफ की मांग कर रहे परिजनों से सीओ ने कहा, ना मझगईं थाना सस्पेंड होगा, ना निघासन थाना सस्पेंड होगा, ना कोई मुआवजा देंगे, जितने दिन रखना है रख लो डेड बॉडी को घर पर, चार दिन-पांच दिन.. जीतने दिन मन हो।

पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

बुधवार को परिजनों ने मांगें पूरी होने के बाद शव का अंतिम संस्कार किया। मृतक रामचंद्र के भाई दिनेश ने बताया कि 18 साल की उम्र तक मृतक के बेटे अमर और समर को चार हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन, रामचंद्र की पत्नी को आंगनबाड़ी में नौकरी और कृषक दुर्घटना बीमा के पांच लाख रुपये, भाजपा की तरफ से चार लाख, सपा के पूर्व विधायक आरएस कुशवाहा, बसपा के मनमोहन मौर्य की तरफ से आर्थिक सहायता परिवारवालों को दी गई। विधायक शशांक वर्मा ने मझगईं प्रभारी निरीक्षक पर कार्रवाई का भी आश्वासन दिया है।इसके बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया।

> महिलाओ के साथ पुलिस की क्रूरता सीएचसी के बाहर बिलखते परिवारीजन के अलावा मौजूद लोग पुलिस की क्रूर चेहरे से भयावह हो उठे। परिवारीजनों के दर्द पर मरहम लगाने की बजाय महिला पुलिस ने मृतक की पत्नी पूनम और बहन कांती को घसीटकर शव से अलग कर दिया। आरोप है कि इसी दौरान एक महिला पुलिसकर्मी ने पूनम को थप्पड़ मार दिया। इसके बाद शव को छीनकर जबरन एंबुलेंस में डाल दिया। परिजन सीएचसी की दहलीज पर खड़े होकर चीखते रहे।

> पोस्टमार्टम हाउस पर हंगामा किया। महिलाओं ने पुलिस से पंचनामा दिखाने के लिए कहा, तो पुलिस ने बताया कि डॉक्टर के पास है। इससे महिलाएं भड़क गईं और आरोप लगाया कि पुलिस ने बिना घरवालों की जानकारी के फर्जी पंचनामा कराया है। साथ ही पुलिस को चेतावनी देने लगी कि पंचनामा फर्जी हुआ तो देख लेना आगे बहुत खराब होगा।

> पुलिस का झूठ मृतक रामचंद्र के शव का पोस्टमार्टम तीन डॉक्टरों के पैनल से कराए जाने के बाद देर शाम तक पुलिस अधिकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट की जानकारी देने से आना कानी करते दिखे शाम 6 बजकर 30 मिनट पर एसपी गणेश प्रसाद साहा ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट की जानकारी देते हुए कहा कि अभी रिपोर्टनन आई नहीं है, सच्चाई यह थी डॉक्टरों द्वारा दोपहर 1बजे तक पोस्टमार्टम करके शव पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया था।

> पुलिस का रौब दयाशंकर द्विवेदी एक ट्रैक्टर चालक से उलझते नजर आए ।दयाशंकर द्विवेदी ने कहा, मुझे कुचल कर मारना चाह रहे हो। गैंगस्टर लिखूंगा, ट्रैक्टर छुड़ा नहीं पाओगे, बस थाने पहुंचने की देर है। जिसके यहां मौत हुई उसका भाई शव के साथ है और तुम लोग फालतू की नेतागिरी कर रहे हो। पूरे गांव पर मुकदमा लिखूंगा।

> अंतिम संस्कार को लेकर मझगई और निघासन थाना के सस्पेंशन और 30 लाख रुपये का मुआवजा शामिल था. इस पर सीओ धौरहरा पीपी सिंह ने परिजनों से मुलाकात की, लेकिन उनकी अपील के बावजूद मामला सुलझा नहीं। सीओ ने उखड़े हुए लहजे में धमकी दी और कहा, ना मझगईं थाना सस्पेंड होगा, न ही निघासन थाना सस्पेंड होगा, मुआवजा भी नहीं मिलेगा. जितने दिन रखना है रख लो इस डेड बॉडी को घर पर ही।

## जमीयत उलमा ए हिंद ने बांटे कंबल रजाई



**जन एक्सप्रेस | पलिया कलां खीरी**

बुधवार को जमीयत उलमा ए हिंद लखीमपुर खीरी की पलिया तहसील के जिम्मेदारों ने जिला सदर मौलाना समुद्दीन क़ासमी की अध्यक्षता में प्रोग्राम किया और गरीबों में रजाई कंबल बांटे।

पलिया की मदीना मस्जिद के सामने आयोजित प्रोग्राम में बोलते हुए मौलाना क़ासमी ने कहा जमीयत उलमा ए हिंद पूरे देश में जहां भी लोग परेशान है बिना भेद भाव के मदद करती है। चाहे वो बाद प्रभावित लोग हों या फिर ठंड से जूझ रहे लोग। उसके बाद लोगों में गरम कपड़े जूते चप्पल कंबल रजाई आदि वितरित किए गए।जिसे पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे और लोग दुआएं देते हुए अपने घर रवाना हो गए।इस मौके पर जमीयत के पलिया तहसील के पदाधिकारी हज़रत मौलाना मोहम्मद शरीफ, मौलाना मोहम्मद रईस, हाजी शेर मोहम्मद, मुफ्ती अब्दुल्गफार, मौलाना एजाज लहबड़ी, आदि लोगों ने शिरकत की। प्रोग्राम का आयोजन कारी कलामुद्दीन, हाफिज आफताब आलम, व मोहम्मद इरफान ने किया। जमीयत उलमा हिंद लखीमपुर खीरी के जिला मीडिया इंचार्ज मौलाना मोहम्मद साद एडवोकेट ने बताया कि पूरे जिले की तहसीलों में इस प्रकार के प्रोग्राम करके कमजोर लोगों में राहत पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है जिसमें तहसील धौरहरा निघासन पलिया तहसीलों में काम लगभग हो गया है बाक़ी तहसीलों में जल्द ही राहत कार्य किया जाएगा।

## लखीमपुर सिविल कांट्रेक्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने भेजा ज्ञापन



**जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी**

लखीमपुर सिविल कांट्रेक्टर्स एसोसिएशन लोक निर्माण विभाग ने अपनी विभिन्न मांगों के सम्बंध में मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग लखनऊ व अधिशाषी अभियंता लखीमपुर को ज्ञापन भेजा है।

ज्ञापन में कहा गया है कि लखीमपुर के सभी ठेकेदारों के प्रपत्रों की जांच का एक नियत समय तय किया जाए और उनकी प्रहरी का अप्रूवल जारी किया जाए जिससे सभी ठेकेदार निविदाओं में भाग ले सकें।जिले के लिए जारी सीआरसी ही विभाग द्वारा स्वीकार की जाए। अन्य जनपदो की नहीं। टीएस की कापी अनुबंध के गठन तक जारी होनी चाहिये। निविदाओं की एल वन को छोड़कर सभी की सिक्योरिटी तत्काल वापस की जाए।कार्य समाप्ति के बाद तत्काल फाइनल बिल भुगतान किया जाए। न कि बाद में निल का बिल देकर लटकाया जाए।विभाग सभी ठेकेदारों के अनुबंध के साथ दी गयी धरोहर धनराशि को गोपनीय रूप से ऑनलाइन परीक्षण कराएं एवं सम्बंधित सहायक अभियंता द्वारा एफडीआर का सत्यापन की सत्यता अंकित की जाए।

सीआरसी की मूल दोनों प्रतियां ठेकेदार से ली जाएं। एक प्रति को अमान्य माना जाए। इसके साथ ही ज्ञापन में डीएलपी की स्थिति भी स्पष्ट करने की मांग की गई है। ज्ञापन पर अध्यक्ष नीरज वर्मा, संरक्षक दिनेश वर्मा, उपाध्यक्ष विवेक त्रिपाठी, अरुण कुमार सिंह, महामंत्री भुवन कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष मो.शफीक, मंत्री संजय गुप्ता, संयुक्त मंत्री विपिन कुमार, संगठन मंत्री परवेज अहमद व सौरभ पांडे, मीडिया प्रभारी चमन सिंह राणा व मो. मोनिस सहित अन्य पदाधिकारियों के हस्ताक्षर हैं।

## 9 और 10 जनवरी को 29 ग्राम पंचायतों में चलेगा टीबी रोगी खोजी अभियान



**जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी**

जनपद की 1165 ग्राम पंचायत में आयोजित होने वाले निश्चय शिविर के अंतर्गत 9 व 10 जनवरी को 29 ग्राम पंचायत में शिविर का आयोजन किया जाएगा। वहीं जिला स्तर से भी इसकी मॉनीटरिंग की जाएगी।

सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अनिल गुप्ता के नेतृत्व में 100 दिवसीय टीबी खोजी अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 7 जनवरी 2025 से शुरू होकर 24 मार्च 2025 तक चलाया जा रहा है। पहले दिन 22 ग्राम पंचायत में निश्चय शिविर का आयोजन किया गया था, वहीं अब 9 जनवरी और 10 जनवरी को 29 ग्राम पंचायत में इस शिविर का आयोजन होना है, जिसकी तैयारी पहले ही की जा चुकी है। इनमें ग्राम पंचायतों में सिंगाही खुर्ल, मकनपुर, कुकरा, सिसैया, खरवहिया, सिमाथू व, वमहियापुर, सम्मनपुर, बड़ागांव, हरसिंगपुर, घुईयांकला, रामपुर, गंगानगर, मिर्जापुर, जमुनिया, कुवईचा, ओदाहा, मगही, रेवाना, मोहम्मदपुर कामी, बेलातुरिया, मिर्जापुर ग्रंट, रामपुर ग्रंट, सुगैरिया, भानपुर, सैदापुर भाऊ, सढ़ौना व लंकेसर शामिल हैं। टीबी खोजी अभियान के अंतर्गत उच्च जोखिम वाले समूह के अंतर्गत टीबी के रोगियों की खोज की जाएगी। जिसके अंदर का 60 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धि जन व कुपोषित बच्चे, एचआईवी से ग्रसित मरीज, कम बीएमआई वाले व्यक्ति जिनका बीएमआई 18.5 से कम है। शुगर के मरीज व नशा करने वाले व्यक्ति आदि की पहचान कर उनकी जांच कराई जाएगी।

वहीं आवासीय विद्यालय, कारागार, वृद्धा, आश्रम नारी निकेतन भी इस अभियान में शामिल किए गए हैं। यहां पर रहने वाले लोगों की भी स्क्रीनिंग की जाएगी।

मलिन बस्ती ईंट भट्टे पर काम करने वाली युवतियों को भी चिन्हित कर स्क्रीनिंग की जाएगी। सभी कार्य क्षेत्रों की आशा, आशा संगिनी अभियान में सहयोग करेगी। पुराने एवं नए टीबी रोगियों के संपर्क में रहने वाले व्यक्तियों की भी स्क्रीनिंग कराई जाएगी।

इन सभी शिविरों में टीबी रोगियों की स्क्रीनिंग के साथ एमसीडी के अंतर्गत शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच आयुष्मान कार्ड वेरिफिकेशन व आभा आईडी बनाई गई है।

## भीषण शीत लहरी को देखते हुए लायंस क्लब लखीमपुर उपकार ने वितरित किए कंबल

**जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी**




भीषण शीत लहरी को देखते हुए लायंस क्लब लखीमपुर उपकार द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर जरूरत मंदों के मध्य कम्बल वितरण कर ठिठुरते जन को राहत प्रदान की गई। लायंस इंटरनेशनल मंडल 321 बी-1 के मंडलाध्यक्ष लायन मुकेश जैन के माध्यम से उपलब्ध कराए गए कम्बलों को नगर के सौजन्या चौराहे, नौरंगाबाद चौराहे तथा रेलवे स्टेशन सहित अन्य स्थानों पर लायंस क्लब लखीमपुर उपकार के सदस्यों द्वारा भीषण ठंड से बचाव हेतु राह चलते विभिन्न जरूरत मंदों, रिक्शा चालक, पटरी दुकानदार आदि के मध्य वितरित किया गया। भीषण शीत लहरी के दौरान कम्बल वितरण के इस पुनीत कार्य में लायंस क्लब लखीमपुर उपकार के अध्यक्ष लायन शैलेंद्र प्रताप सिंह, निवर्तमान अध्यक्ष लायन डा रूपक टंडन, सचिव लायन मीतिका गर्ग, कोषाध्यक्ष लायन राजकुमार सक्सेना, कैबिनेट सेक्रेट्री तराई-1 लायन एच एस पाहवा, रीजन चेयरमैन लायन आकाश गर्ग एडवोकेट, पूर्वाध्यक्ष लायन अशोक कुमार गुप्त, राम मोहन गुप्त एवं आर्येंद्र पाल सिंह, लायन शिशिर अवस्थी एवं राम गोपाल गुप्त, जपलीन पाहवा आदि सम्मिलित रहे। लायंस उपकार के पी आर एवं मार्केटिंग चेयरपर्सन लायन राम मोहन गुप्त के अनुसार निकट भविष्य में पुनःशीत लहरी से बचाव हेतु जरूरत मंदों के मध्य लायंस क्लब उपकार द्वारा कंबलों का वितरण किया जाएगा।

### भाजपा जिला अध्यक्ष के लिए 36 नामांकन हुए स्वीकार

**जन एक्सप्रेस | राजीव दिवाकर।** सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष के लिए चुनाव नामांकन की प्रक्रिया संपन्न हुई इस प्रक्रिया में जिला अध्यक्ष पद के लिए 41 लोगों ने अपना आवेदन किया जबकि उनमें से 36 लोगों के नामांकन स्वीकार किए गए जबकि प्रांतीय परिषद के लिए कुल 17 नाम स्वीकार किए गए ज्ञात हो भारतीय जनता पार्टी मे संगठन पर्व के तहत निरंतर संगठन गठन की प्रक्रिया चल रही है। उक्त जानकारी चुनाव पर्यवेक्षक सुभाष यदुवंश और जिला चुनाव अधिकारी नागेंद्र गुप्ता व सह चुनाव अधिकारी सुधाकर शुक्ला द्वारा संयुक्त रूप से बताई गई। चुनाव अधिकारियों ने बताया की नामांकन हो जाने के बाद आगे की प्रक्रिया की जा रही है जल्द ही पार्टी के निर्देश के अनुसार जिला अध्यक्ष के नाम की घोषणा की जाएगी।



## प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास प्लस सर्वे के ऑनलाइन पंजीकरण का जिलाधिकारी ने किया शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस | सीतापुर**



**खैराबाद।** विकास खण्ड के ग्राम परसेहरा खुर्द जाकर लाभार्थी का कराया ऑनलाइन पंजीकरण।

ग्रामीणों को दी योजना की जानकारी, पूर्ण पारदर्शिता के साथ समय से सर्वे कार्य पूर्ण करने के लिए दिए निर्देश।

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने मंगलवार को खैराबाद विकास खण्ड के ग्राम परसेहरा खुर्द में आवास प्लस सर्वे 2024-25 के अंतर्गत ऑनलाइन पंजीकरण कार्य का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना अधिकारी डीआरडीए सहित अन्य सम्बंधित अधिकारियों ने मौके पर ही लाभार्थी के ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया पूर्ण करायी। उन्होंने लाभार्थी को योजना के सम्बन्ध में पूरी जानकारी भी दी। इसके साथ ही आवास स्वीकृत होने के बाद निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण किए जाने की अपेक्षा भी की। उन्होंने गांव में कुल आवास, सर्वे कार्य की प्रगति, पूर्व में आवंटित आवास आदि के संबंध में भी जानकारी ली तथा ग्रामीणों की समस्याओं और शिकायतों को सुनकर प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में पात्रों को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत आवास आवंटन किए जाने हेतु आवास प्लस योजना 2024-25 संचालित है। इसके अंतर्गत ऑनलाइन सर्वे कार्य का आरंभ किया गया है। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी सर्वेयर का प्रशिक्षण समय से कराया जाये। ऑनलाइन सर्वे के कार्यों को समय से पूर्ण कराते हुए पात्रों को लाभान्वित किए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत कुल एक लाख बीस हजार रुपए की धनराशि पात्रों को दिए जाने की योजना है, जिससे पात्र अपना आवास बना सकें। उन्होंने कहा कि योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही या अनियमितता करने वालों या भ्रष्टाचार का प्रयास करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, परियोजना अधिकारी डीआरडीए अनिल कुमार चौधरी, खंड विकास अधिकारी खैराबाद सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मनरेगा योजना में लाखों की घपलेबाजी का खुलासा

**जन एक्सप्रेस | बहराइच**

जिले के नवाबगंज विकास क्षेत्र में मनरेगा के तहत लाखों का घोटाला उजागर हुआ है। इस मामले में दो महिला मेट तथा तकनीकी सहायक समेत तीन को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है, जबकि ग्राम विकास अधिकारी को निलंबित किया गया है। घोटाला में प्रथम दृष्ट्या शामिल ग्राम प्रधान तकनीकी सहायक तथा ग्राम विकास अधिकारी पर प्राथमिक दर्ज कर दी गई है।

जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र द्वारा विगत दिवस विकास खण्ड नवाबगंज अन्तर्गत ग्राम पंचायत शिवपुर मोहरनिया में मनरेगा योजनान्तर्गत पिल्लू के खेत से मेलाराम के खेत तक मिट्टी पटाई कार्य तथा ग्राम पंचायत माधौपुर निदौना में मनरेगा योजनान्तर्गत ही पहलवान के खेत से जंगल तक मिट्टी पटाई कार्य का औचक स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शासकीय धन का दुरूपयोग किए जाने की पुष्टि पाये होने पर 01 ग्राम विकास अधिकारी को निलम्बित किया गया एंव 02 महिला मेट व 01 तकनीकी सहायक की सेवाएं समाप्त की गयी। ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी व तकनीकी सहायक के विरूद्ध थाना रूपईडीहा में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। आरोपियों से शासकीय धन की वसूली के लिए भी कार्यवाही प्रारम्भ हो गयी है।

खण्ड विकास अधिकारी की आख्या के अनुसार ग्राम पंचायत-शिवपुर मोहरनिया में पिल्लू के खेत से मेलाराम के खेत तक मिट्टी पटाई कार्य हेतु 05 दिसम्बर से 18 दिसम्बर 2024 तक 22 श्रमिको को 14 दिवस का रोजगार देते हुए रू. 72,996=00 एवं 19 दिसम्बर 2024 से 01 जनवरी 2025 तक 74 श्रमिकों को 14 दिवस का रोजगार देते हुए रू. 2,42,451=00 इस प्रकार कुल धनराशि रू. 3,15,447=00 का व्यय हुआ है। जबकि स्थलीय निरीक्षण के समय कार्य होना नहीं पाया गया। इसी कार्य पर 04 जनवरी से 17 जनवरी 2025 तक 59 श्रमिकों का 14 दिवस का मस्टररोल जारी कराया गया है। जिस पर महिला मेट सुमन द्वारा पुनः शासकीय धन के दुरूपयोग के उद्देश्य से फर्जी तरीके से एनएमएमएस पर फोटो भी अपलोड की गयी है।

स्थलीय निरीक्षण में शासकीय धन रू. 3,15,447=00 का फर्ज़ीवाड़ा मिलने पर सीडीओ श्री चन्द्र के निर्देश पर मनरेगा गाइड-लाइन के अनुसार थाना-रूपईडीहा में ग्राम प्रधान-शिवपुर मोहरनिया श्रीमती प्रीति, तकनीकी सहायक उपेन्द्रनाथ व ग्राम विकास अधिकारी रोहित कुमार के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता-2023 की धारा 316(5) के अन्तर्गत प्रथम सूचना रिर्पोट दर्ज कराते हुए ग्राम विकास अधिकारी रोहित कुमार को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है। साथ ही साथ महिला मेट सुमन व तकनीकी सहायक उपेन्द्रनाथ की सेवायें तत्काल प्रभाव से समाप्त करने तथा ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी व तकनीकी सहायक प्रत्येक से समानुपातिक आधार पर कुल शासकीय धन की वसूली करने का निर्देश दिया गया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत-माधौपुर निदौना में मनरेगा योजनान्तर्गत पहलवान के खेत से जंगल तक मिट्टी पटाई कार्य के निरीक्षण में पाया गया कि 04 जनवरी से 17 जनवरी 2025 तक 90 श्रमिकों के 14 दिवस का मस्टर रोल निर्गत किया गया है। जबकि स्थलीय निरीक्षण के समय कार्य बन्द पाया गया। जिससे स्पष्ट है कि महिला मेट परवीन जहां द्वारा बिना कार्य पर श्रमिक नियोजित कर फर्जी तरीके से एन.एम.एम.एस. पर फोटो अपलोड की गयी है। निरीक्षण में पाया गया कि कार्य पर अभी भुगतान नही हुआ है। किन्तु परवीन जहां द्वारा भुगतान कराये जाने के उद्देश्य से ही फर्जी तरीके से एनएमएमएस पर फोटो अपलोड की गयी है। जिसके लिए महिला मेट परवीन जहां, ग्राम विकास अधिकारी रोहित कुमार एवं तकनीकी सहायक उपेन्द्रनाथ को दोषी मानते हुए ग्राम ग्राम विकास अधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करते हुए महिला मेट एवं तकनीकी सहायक की सेवायें तत्काल प्रभाव से समाप्त करने के निर्देश दिये गये हैं।

## आईजी देवीपाटन मंडल ने लिया सीमा सुरक्षा का जायजा

**जन एक्सप्रेस | बहराइच**

**रुपईडीहा।** आईजी देवी पाटन मंडल अमित पाठक ने संबंधित अधिकारियों के साथ सीमा सुरक्षा का जायजा लिया। साथ ही अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। आईजी ने सीमा सुरक्षा से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों, एसएसबी व कस्टम कर्मियों से सुरक्षा की जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिकारियों से महाकुंभ मेले पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के निर्देश दिए। सबसे पहले थाने पहुंच कर उन्होंने एसएसबी 42वी वाहिनी रुपईडीहा बीओपी के इंचार्ज सुनील कुमार शांति व अधीनस्थ कर्मियों से नेपाल आने जाने वालों की जांच संबंधी पूछताछ की। वहां मौजूद डिप्टी कमांडेंट दिलीप कुमार के साथ उन्होंने विचार साझा किए। नेपाल गेट तक पैदल जाकर माइल स्टोन देखा। इसके उपरांत एसपी बहराइच राम नयन सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, उपजिलाधिकारी नानपारा अश्विनी पांडेय, पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न सिंह, एसएचओ रुपईडीहा ददन सिंह व क्राइम इंस्पेक्टर रणजीत यादव के साथ एसएसबी की निबिया बीओपी का निरीक्षण किया। साथ में नेपाल की सीमा के समानांतर गयी रोड पर लगे तारों के बारे में पूछताछ की। इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट पर पहुंच कर उन्होंने कस्टम सुपरिटेंडेंट पंकज मणी त्रिपाठी से आयात निर्यात के बारे में जानकारी प्राप्त की।

### प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत हो रहा राजकीय विद्यालय भवनों का निर्माण व मरम्मत, डीएम ने की समीक्षा

**जन एक्सप्रेस | बहराइच।** माध्यमिक शिक्षा विभाग अन्तर्गत संचालित प्रोजेक्ट अलंकार योजना अन्तर्गत राजकीय विद्यालय भवनों का निर्माण एवं मरम्मत, शौचालय, स्वच्छ पेयजल, प्रयोगशाला, अतिरिक्त कक्षों तथा मल्टीपर्पज हाल के निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए मंगलवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि प्रोजेक्ट अन्तर्गत शासन द्वारा निर्धारित गाइडलाईन एवं मानक के अनुसार निर्माण कार्यों का गुणवत्तापरक ढंग से कराया जाय। डीएम ने डीआईओएस को निर्देश दिया कार्यस्थलों का नियमित रूप से निरीक्षण करते हुए यह सुनिश्चित किया जाय कि शासन द्वारा निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण हो रहे है। डीएम ने डीआईओएस को निर्देश दिया कि तहसील स्तरीय उप समितियों के साथ बैठक कर उन्हें भी योजना के लिए जारी दिशा निर्देशों तथा गाईडलाइन की समुचित जानकारी प्रदान की जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि प्रोजेक्ट अलंकार अन्तर्गत ऐसे शासकीय विद्यालय जहां पर किन्ही कारणों से कार्य प्रभावित है वहां पर तहसील स्तरीय उप समितियों के माध्यम से निरीक्षण कराकर कार्यों में आ रही बाधा को दूर कराया जाय। इस अवसर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार, अधि.अभि. लोनिवि प्रदीप कुमार, कार्यदायी संस्था सिडको के घनश्याम बिरला सहित अन्य अधिकारी व सम्बन्धित विद्यालयों के प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

# गोरखपुर में तैयार हुआ हाथी रेस्क्यू सेंटर, सीएम योगी करेंगे लोकार्पण



जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

गोरखपुर चिड़ियाघर में हाथी गंगा प्रसाद के लिए तैयार रेस्क्यू सेंटर का उद्घाटन 9 जनवरी को होगा। विनोद वन में 23 महीने से रह रहे गंगा प्रसाद को इसी दिन उसके नए बाड़े में शिफ्ट किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस मौके पर कई अन्य परियोजनाओं का भी लोकार्पण करेंगे।

### लोकार्पण में शामिल होंगी ये परियोजनाएं

चिड़ियाघर प्रबंधन ने बताया-हाथी रेस्क्यू सेंटर के साथ मुख्यमंत्री तितलीघर, सॉवेनियर शॉप, कॉफी टेबल और एक डॉक्यूमेंट्री का भी उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा पीलीभीत से लाए गए बाघ, बिजनौर के तेंदुए और बहराइच से आए भेड़ियों को भी उनके नए बाड़ों में छोड़ा जाएगा।

### गंगा प्रसाद का घटना से लेकर नया सफर

15 फरवरी 2023 को गंगा प्रसाद चिलुआताल के मोहम्मदपुर माफी में यज्ञ की कलश यात्रा में शामिल हुआ था। इसी दौरान वह बिदक गया और दो महिलाओं व एक बच्चे पर हमला कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना के बाद वन विभाग ने गंगा प्रसाद को रेस्क्यू कर विनोद वन में रखा। जब उसके मालिक का कोई पता नहीं चला, तो अधिकारियों ने उसे चिड़ियाघर में शिफ्ट करने का फैसला लिया।

### 18 करोड़ की लागत से तैयार हुआ रेस्क्यू सेंटर

केंद्रीय जू अथॉरिटी के नियमानुसार, चिड़ियाघर प्रशासन ने हाथी के लिए दो बाड़ों का प्रस्ताव तैयार किया, जिसकी कुल लागत 18 करोड़ रुपए थी। पहले चरण में शासन ने 12 करोड़ रुपए स्वीकृत किए। 23 महीने की प्रतीक्षा के बाद गंगा प्रसाद का नया घर अब पूरी तरह तैयार है।

### विनोद वन फिर खुलेगा दर्शकों के लिए

गंगा प्रसाद के स्थानांतरित होने के बाद विनोद वन को दर्शकों के लिए दोबारा खोल दिया जाएगा। चिड़ियाघर प्रशासन के अनुसार, यह कदम वन्यजीव संरक्षण और दर्शकों को नई सुविधाएं देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

## चेयरमैन प्रतिनिधि और चिकित्सक ने किया फीता काटकर खेल सप्ताह के तीसरे दिन का शुभारम्भ



जन एक्सप्रेस । बड़हलगंज

बड़हलगंज विकास खण्ड के महुआपार में स्थित न्यू सेंट्रल एकेडमी में सांस्कृतिक एवं खेलकूद सप्ताह के तीसरे दिन का शुभारंभ बुधवार को सुबह 10 बजे हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बड़हलगंज के चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर व मानव क्लीनिक से डॉ विशाल गुप्ता और बड़हलगंज व्यापार मंडल के अध्यक्ष श्रीकांत सोनी ने दीप प्रज्जवलित कर व फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के तीसरे दिन इटिंग जीलेबी, सेक रेस, म्यूजिकल चेयर, रिले रेस, खो-खो, स्लो साइकिल रेस और रस्सी कूद की प्रतियोगिता हुई।

मुख्य अतिथि चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर और डॉ विशाल गुप्ता ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बच्चों को पढ़ने के साथ साथ खेलने में भी रुचि बनाए रखने के लिए इस तरह के खेल कूद का आयोजन स्कूल में होना अनिवार्य है। प्रधानाचार्य सनी आर्या ने जानकारी देते हुए बताया कि आज, कार्यक्रम का तीसरा दिन था, जिसका समापन 11 जनवरी को होना है। इस अवसर पर शिक्षक विनय गुप्ता, जानकी, नीरज, उषा, शिवानी, साक्षी, लक्ष्मी, आरुही, श्वेता, संजना, सोनम, शिवांगी, रिंकी, इशिका, प्रतिमा, डी के सर, सुजाता, बबिता, गिरिजा शंकर और सहयोगी मनोज उर्फ मंटू शाही, प्रदीप, सुरेंद्र, पार्वती सहित तमाम अभिभावक भी उपस्थित रहे।

## संविधान का कांग्रेस करती है हमेशा अपमान: महेश दुबे

जन एक्सप्रेस । गोला, गोरखपुर




गोला मंडल के भाजपा कैंप कार्यलय पर संविधान गौरव अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला मे संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया।कार्यशाला के मुख्य अतिथि उनवल नगर के चेयरमैन महेश दूबे ने कहा कि यह अभियान 25 जनवरी तक चलेगा। इस दौरान कई कार्यक्रमों का आयोजन होगा। आगे कहा कि संविधान गौरव अभियान भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के उत्सव स्वरूपी अभियान है। अभियान से भारतीय संविधान के मूल्यों और सिद्धांतों का प्रचार किया जाएगा। भाजपा जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन ने कहा कि हमारा संविधान हमारा अभिमान के भाव से इस अभियान को चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व अन्य विपक्षी पार्टी संविधान और बाबा साहब का अपमान करते आये हैं। कांग्रेस ने बार बार संविधान में बदलाव कर उसका दुरुपयोग किया है जबकी भाजपा ने संविधान की ताकत से देश का विकास किया है। अभियान के अंतर्गत 11 से 25 जनवरी तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे।इस दौरान मंडल महामंत्री जयशंकर तिवारी नवनीत राय रिंकू चौधरी उमेश यादव संदीप सोनकर विरेंद्र मालाकार इमरान अंसारी अनिल कुमार अर्जुन सोनकर बबलू जायसवाल पिंटू अग्रवाल सुदर्शन कसौधन शेषनाथ वर्मा सहित आदि कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

## गोरखपुर में 50 गैंगस्टरों की संपत्ति जप्त करने की तैयारी

### एसएसपी ने की गैंगस्टर एक्ट की समीक्षा, बोले जालसाजों पर सबसे पहले होगी कार्रवाई

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

गोरखपुर पुलिस ने अपराधियों की कमर तोड़ने के लिए बड़ा कदम उठाया है। गैंग बनाकर अपराध करने वाले बदमाशों की संपत्तियां जब्त करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। 2024 में गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मामलों की समीक्षा के बाद, 50 गैंगस्टरों की संपत्ति जब्त करने का लक्ष्य तय किया गया है।

#### बदमाशों में खौफकायम

पुलिस का मानना है कि संपत्ति जब्ती की कार्रवाई से बदमाशों और माफिआओं में डर बना हुआ है। अपराध से अर्जित संपत्ति पर सीधा वार कर पुलिस ने अपराधियों के नेटवर्क को कमजोर किया है। यह अभियान 2024 में और तेज किया जाएगा, ताकि गोरखपुर को अपराध मुक्त बनाया जा सके।



#### जालसाजों पर सबसे पहले कार्रवाई

शुरुआती कार्रवाई में जालसाजी से जुड़े बदमाशों को निशाने पर लिया गया है। एसपी नॉर्थ ने फरवरी तक छह गैंगस्टरों की संपत्ति जब्त करने की सूची तैयार कर ली है। एसपी सिटी और अन्य अधिकारी भी अपने-अपने क्षेत्रों में गैंगस्टरों की संपत्ति की जांच में जुट गए हैं। सीओ स्तर के अधिकारियों को भी इस अभियान में शामिल किया गया है।

#### एसएसपी ने दिए सख्त निर्देश

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने अधिकारियों को गैंगस्टरों की संपत्ति की जांच तेज करने और जल्द से जल्द जब्ती की कार्रवाई पूरी करने का निर्देश दिया है। जालसाजी जैसे मामलों से जुड़े गैंगस्टरों को प्राथमिकता दी जा रही है। अधिकारियों को हर गैंगस्टर के मामलों की गहन समीक्षा कर संपत्ति का ब्योरा जुटाने और जब्ती सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

#### पुलिस का सख्त संदेश

गैंगस्टर एक्ट के तहत पुलिस की यह कार्रवाई अपराधियों के खिलाफबड़ा हथियार साबित हो रही है। संपत्ति जब्ती के जरिए अपराधियों की अवैध कमाई पर सीधा प्रहार किया जा रहा है। एसएसपी ने कहा कि संपत्ति जब्ती की यह कार्रवाई अपराधियों के लिए कड़ा संदेश है। गैंगस्टरों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा, जिससे अपराध पर अंकुश लगाया जा सके।



## काम की गुणवत्ता में लापरवाही: चटोरी गली में मानक विपरीत हो रहा था काम, मुख्य अभियंता ने पकड़ा-जांच शुरू

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर



नगर निगम के मुख्य अभियंता संजय चौहान ने बताया कि सीवर लाइन डालने का काम जल्द पूरा हो जाएगा। निरीक्षण में प्रथम दृष्ट्या पाइपलाइन का ढाल कम पाया गया है। जांच के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। इसके बाद सड़क और फुटपाथ बनाया जाएगा।

इंदिरा बाल विहार पर चटोरी गली के निर्माण कार्य का मंगलवार को नगर निगम के मुख्य अभियंता संजय चौहान ने निरीक्षण किया। इस दौरान ड्रेनेज सिस्टम का काम संतोषजनक नहीं मिला। पाइपलाइन का ढाल भी मानक से कम मिला। इसपर उन्होंने अधिशासी अभियंता से जांच के निर्देश दिए।

मुख्य अभियंता ने सीएंडडीएस यूनिट 42 के परियोजना प्रबंधक को पत्र लिखकर अधिशासी अभियंता अशोक कुमार भाटी से जांच कराने के निर्देश दिए हैं। वह तीन दिनों के अंदर इसकी जांच कर रिपोर्ट सौंपेंगे। इंदिरा बाल विहार पर चटोरी गली के निर्माण की वजह से सड़क खोदी गई है। वहां सीवर लाइन का काम चल रहा है। सड़क उखड़ने की वजह से लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है।

नगर निगम के मुख्य अभियंता संजय चौहान ने बताया कि सीवर लाइन डालने का काम जल्द पूरा हो जाएगा। निरीक्षण में प्रथम दृष्ट्या पाइपलाइन का ढाल कम पाया गया है। जांच के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। इसके बाद सड़क और फुटपाथ बनाया जाएगा। मौके पर मौजूद इंदिरा गांधी और वीर बहादुर सिंह के प्रतिमा स्थल का सुंदरीकरण भी इसी परियोजना का हिस्सा है।

दाहिनी तरफ पार्क के सामने की खाली जमीन पर कुछ कियोस्क बनाने के साथ ही लोगों के बैठने के लिए बेंच लगाए जाएंगे। इन सभी कार्यों पर पांच करोड़ रुपये खर्च होंगे। मार्च 2025 में काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

## प्रोफाइल लॉक और डाटा अग्रसारण हेतु अनिवार्य

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जनपद के सभी दशमोत्तर शिक्षण संस्थानों के प्राचार्यध्प्रधानाचार्यध्नोडल अधिकारी छात्रवृत्ति को अवगत कराया है कि जनपद के कुल 207 शिक्षण संस्थानों ने अब तक अपने संस्थान का प्रोफाइल लॉक नहीं किया है। इसके अतिरिक्त, छात्रों द्वारा आवेदन किए गए प्रपत्र बिना किसी कारण संबंधित लॉगिन पर लंबित रखे गए हैं। इस संदर्भ में सभी संबंधित शिक्षण संस्थानों को निर्देशित किया कि वे तत्काल अपने संस्थान का प्रोफाइल लॉक कराते हुए संबंधित प्रमाणपत्र जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा कराएं। यदि प्रोफाइल लॉक और डाटा अग्रसारण की निर्धारित अवधि समाप्त होने के पश्चात कोई पात्र छात्रध्छात्रा छात्रवृत्ति लाभ से वंचित रहता है, तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित शिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य /नोडल अधिकारी की होगी।

## गोरखपुर महोत्सव: कुमार सुजीत के सुरों से गूंजेगा महोत्सव का मुख्य मंच

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

गोरखपुर महोत्सव इस बार संगीत प्रेमियों के लिए खास होने जा रहा है। मशहूर लोकगायक कुमार सुजीत अपनी शानदार प्रस्तुति से महोत्सव को यादगार बनाएंगे। 10 जनवरी को चंपा देवी पार्क (रामगढ़ताल के पास) स्थित महोत्सव परिसर के मुख्य मंच पर वे अपनी सुरीली आवाज से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे।

ब्रह्मपुर ब्लॉक के निबहीं गांव निवासी कुमार सुजीत ने अपनी गायकी से न सिर्फ उत्तर प्रदेश और बिहार, बल्कि कोलकाता और विदेशों में भी अपनी पहचान बनाई है। उनके लोकगीतों में भारतीय परंपराओं और लोक संस्कृति की अनूठी झलक देखने को मिलती है।

महोत्सव आयोजकों का कहना है कि कुमार सुजीत की प्रस्तुति हर उम्र के संगीत प्रेमियों के लिए खास होगी। उनकी उपस्थिति महोत्सव को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी और दर्शकों को यादगार अनुभव देगी।

संगीत प्रेमियों के बीच इस कार्यक्रम को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि गोरखपुर महोत्सव का यह आयोजन कला, संस्कृति और मनोरंजन का अद्भुत संगम प्रस्तुत करेगा।



## पुलिस अधीक्षक ने छ: पुलिस कर्मियों को किया निलंबित

जन एक्सप्रेस । देवरिया



पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर, ने जनपद के पुलिस लाइन सहित विभिन्न थानों पर तैनात 6 पुलिस कर्मियों . मुख्य आरक्षी लल्लन सिंह पुलिस लाइन, सुगन्ध चौहान पुलिस लाइन,.आरक्षी शिवम उपाध्याय पुलिस लाइन,. मुख्य आरक्षी हरिशंकर यादव थाना मईल, महिला आरक्षी प्रियंका उपाध्याय थाना मईल व. फालोवर संजय दिवाकर पुलिस लाइन को लंबे समय से गैरहाजिर रहने एवं अनुशासनहीनता के गंभीर मामलों में निलंबित कर दिया है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इन कर्मियों के खिलाफ विभागीय जांच आरंभ कर दी गई है, ताकि इस प्रकार की लापरवाहियों पर पूर्ण रूप से रोक लगाई जा सके। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि अनुशासनहीनता और कर्तव्य के प्रति लापरवाही को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसपी ने कहा, ÷पुलिस विभाग में अनुशासन और जवाबदेही प्राथमिकता है। इस कार्रवाई का उद्देश्य न केवल संबंधित कर्मचारियों में सुधार लाना है, बल्कि सभी को यह संदेश देना है कि कर्तव्य पालन में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं होगी।

## मां और नानी अंजान, खेलते-खेलते टब में डूब गई नन्ही जान

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

डॉक्टर के अनुसार, पीएचसी खोराबार में किरन को बच्ची पैदा हुई थी। डिलीवरी के समय जच्चा-बच्चा की हालत खराब हो गई थी। बहुत मुश्किल से दोनों को बचाया गया था। पीएचसी प्रभारी डॉक्टर ओबैदुल हक ने बताया कि मृत बच्ची के परिजन उसे लेकर घर चले गए। पुलिस को सूचना नहीं दी गई। बच्ची जून 2023 पैदा हुई थी।

खोराबार इलाके में एक घर में खेल रही डेढ़ साल की बच्ची शिवानी टब में डूब गई। घटना के बाद परिजन उसे लेकर पीएचसी पहुंचे, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। डॉक्टर ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मायके में रह रही मां छत पर कपड़े फैला रही थीं। नानी अलाव जला रही थीं, इसी दौरान बच्ची खेलते-खेलते टब के पास पहुंच गई और यह हादसा हो गया।

बच्ची की मौत के बाद पीएचसी पर इकलौती बेटी शिवानी को गले से लगाकर मां किरन दहाड़े मारकर रोने लगीं। परिजनों ने उन्हें संभाला।



जानकारी के मुताबिक, किरन डेढ़ साल की बच्ची शिवानी के साथ अपने मायके जंगल सीकरी में रह रह रही थीं। उनके पति संदीप बाहर कमाते हैं।

मंगलवार को सुबह 10:30 बजे किरन कपड़े धुल रही थीं। इस दौरान शिवानी को वहीं पर खेलने के लिए छोड़ दिया।

बगल में थोड़ी दूरी पर किरन की मां यानी बच्ची की नानी अलाव ताप रही थीं। इस दौरान शिवानी भीगे कपड़े लेकर छत पर डालने गईं। तभी खेल रही बच्ची खेलते-खेलते पानी से भरे टब में पलट गई और डूब गई। छत से नीचे आने पर किरन ने बेटी को टब में गिरा देखा और उसे बाहर निकाला। काफी कोशिश के बाद भी जब बच्ची को होश नहीं आया तो उसे लेकर पीएचसी पर गईं। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

किरन से बात करने की कोशिश की गई, लेकिन बच्चे की मौत के गम में कुछ भी बोल नहीं पा रही थीं। बच्चे को गोद में लेकर बार-बार यही कह रही थीं कि वह कपड़े धुल रही थीं। सामने ही बेटी बैठी खेल रही थी। बार-बार उनकी तरफ आ रही थी तो उसे कुछ दूरी पर बैठाया और हाथ में खिलौने भी दिए।

कपड़े को सुखाने के लिए छत पर फैलाने गई थीं, नीचे आकर देखा तो बेटी टब में डूबी पड़ी थी। इतना कहकर वह दहाड़े मारकर रोने लगीं। वहीं सूचना मिलने पर उनके पति संदीप भी घर आने के लिए निकल चुके हैं।

डॉक्टर के अनुसार, पीएचसी खोराबार में किरन को बच्ची पैदा हुई थी। डिलीवरी के समय जच्चा-बच्चा की हालत खराब हो गई थी। बहुत मुश्किल से दोनों को बचाया गया था। पीएचसी प्रभारी डॉक्टर ओबैदुल हक ने बताया कि मृत बच्ची के परिजन उसे लेकर घर चले गए। पुलिस को सूचना नहीं दी गई। बच्ची जून 2023 पैदा हुई थी।

नवंबर 2024 में चिलुआताल के नकहा नंबर एक के टोला बसंतपुर में राज साहनी का डेढ़ वर्षीय बेटा कार्तिक मां के साथ गोरखनाथ क्षेत्र में नानी के घर गया था। वहां बच्चे को बाहर छोड़कर मां अंदर खाना बनाने चली गईं। तभी बाहर कुत्तों के झुंड ने बच्चे को नोच लिया। अगले ही दिन बच्चे की मौत हो गई थी।

# सरसों के तेल से भरा ट्रक पलटा चालक घायल

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

थाना फतेहाबाद क्षेत्र के शमशाबाद-फतेहाबाद मार्ग पर गांव गढ़ के पास कोहरे के चलते सरसों के तेल से भरा ट्रक पलटा चालक गंभीर रूप से घायल मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए फतेहाबाद के निजी अस्पताल में कराया भर्ती। पुलिस के मुताबिक विगत सोमवार की रात्रि 11ः00 बजे के करीब ट्रक चालक राजेश निवासी चोरम थाना दाउदनगर जिला औरंगाबाद बिहार साथ में परिचालक छोटू पुत्र जमुना सिंह था। भरतपुर से सासाराम के लिए सरसों का तेल लेकर बिहार जा रहे थे जैसे ही थाना फतेहाबाद क्षेत्र के अंतर्गत शमशाबाद-फतेहाबाद मार्ग पर गढ़ गांव के पास पहुंचे तो घने कोहरे के कारण ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया इस दौरान ट्रक चालक राजेश घायल हो गया जानकारी पर पहुंची फतेहाबाद पुलिस ने चालक को फतेहाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका इलाज चल रहा है।

# चीनी मिल द्वारा छोड़े गए जहरीले पानी से मर रही हैं तमसा नदी की मछलियां






**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर**

जनपद की पौराणिक तमसा नदी जहरीली हो गई है. लोगों द्वारा कहा जा रहा है चीनी मिल द्वारा पानी छोड़े जाने के चलते ऐसा हुआ है. प्रदूषित पानी के चलते इस नदी की हजारों मछलियों की रातोरात मौत हो गई है.नदी का प्रदूषण गंभीर रूख अख्तियार करते जा रहा है. फसलों के साथ-साथ अब पानी में रहने वाले जीवों के लिए भी इस नदी का पानी खतरा बनते जा रही हैं.. दूषित पानी के चलते इस नदी की हजारों मछलियां मर गई है।

## नदी का पानी दूषित होने से मार रही है मछलियां

बताया जा रहा है कि नदी के किनारे स्थित मिझौडा चीनी मिल अकबरपुर द्वारा नदी के तल में रासायनिक रूप से मिश्रित पानी छोड़े जाने के कारण नदी का पानी प्रदूषित हो गई है. नतीजतन इस दूषित पानी के कारण नदी में हजारों मछलियां मर चुकी हैं. इस नदी के पानी से किसान अपने खेत की सिंचाई करते थे लेकिन अब इसका पानी सिंचाई के लायक भी नहीं रहा जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है।

## जहर में तब्दील हो चुका है नदी का पानी

हालांकि, अब स्थिति पहले जैसी नहीं रही. तमसा नदी का पानी पूरी तरह से जहर में तब्दील हो गया है.किसान इस नदी के जहरीले पानी की मार झेल रहे हैं. उन्हें अपने इस्तेमाल के लिए इसी काले पानी का उपयोग करना पड़ रहा है. नदी के किनारे बसे गांव के.नागरिकों का कहना है कि चीनी मिल की ओर से केमिकल युक्त पानी छोड़े जाने के चलते ऐसा हुआ है। केमिकल युक्त पानी से नदी में मछलियां मर रही हैं,नदी अयोध्या जनपद से अंबेडकरनगर जिले में आती है। श्रवणक्षेत्र धाम में मड़हा व बिसुही का संगम तट है। यहां से तमसा बनकर यह नदी अकबरपुर, जलालपुर नगर होते हुए आजमगढ़ जनपद के लिए निकल जाती है। नदी के किनारे जिले में मिझौड़ा में अकबरपुर चीनी मिल स्थित है। आरोप है कि इस मिल द्वारा मनमाने तरीके से केमिकल युक्त पानी नदी में अक्सर छोड़ दिया जाता है। इससे नदी में मछलियों समेत अन्य जीव जंतुओं को नुकसान पहुंचता है। तमसा नदी में मछलियां करने की खबर पाकर ग्रामीण मछली पकड़ने के लिए नदी के तटों पर भीड़ इकट्ठा हो गई। इसकी खबर दूर दराज के ग्रामीणों को लगी तो बड़ी संख्या में लोग नदी पर पहुंच गए। वहीं दूसरी तरफ आने वाले समय में अन्य जीव जंतुओं पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ेगा। नागरिकों ने मिल की मनमानी पर कड़ी नाराजगी जाहिर जताई और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

## जिले में संचालित सभी विद्यालयों में 14 जनवरी तक जूनियर कक्षाएं रहेंगी बंद

**जन एक्सप्रेस/बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर में संचालित सभी बोर्डों से मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक के लिए 14 जनवरी तक अवकाश घोषित किया गया है । जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी विद्यालयों के प्रबंधकों को पत्र जरी कर 14 जनवरी तक अवकाश घोषित करने का आदेश दिया है। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल के निर्देश पर 8 जनवरी तक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ला ने सभी विद्यालयों के प्रबंधकों को पत्र जरी कर निर्देश दिया है, कि वर्तमान समय में पड़ रही कड़ाके की ठंड से बच्चों को बचाने के लिए बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर 14 जनवरी तक मान्यता प्राप्त समस्त विद्यालयों में कक्ष 1 से 8 तक के बच्चों का अवकाश घोषित किया गया है । उन्होंने बताया कि परिषदीय विद्यालयों में पूर्व में ही 31 दिसंबर से 14 जनवरी तक अवकाश घोषित किया जा चुका है।

# दस करोड़ की लागत से नगर पालिका में होगा लाइब्रेरी का निर्माण: धीरू सिंह



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय पर आदर्शनगर पालिका परिषद द्वारा नगर अत्याधुनिक उच्च कोटि की नेट जीरो विजन 2070 लाइब्रेरी निर्माण हेतु बुधवार को शासन को प्रपोजल भेजा गया है।
आदर्श नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ.धीरेद्र प्रताप सिंह धीरू ने 8 जनवरी को बताया कि नेट जीरो विजन लाइब्रेरी में सभी कोर्स एवं सभी तैयारियां हेतु अत्याधुनिक तकनीक से लैस होगा । इस लाइब्रेरी में जीवन में जो भी उपयोग में लायी जाने वाली वस्तुओं का पुनः उपयोग की प्रणाली की भी जानकारी मिलेगी। नगर पालिका द्वारा नगर कोतवाली के पीछे निर्माण हेतु स्थान चिन्हित कर भेजा गया है।

# बलरामपुर स्टेट द्वारा 700 गरीबों को वितरित किया गया कंबल




**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के राज परिवार द्वारा पूर्व की भांति इस वर्ष भी गरीबों को ठंडक से बचाने के लिए कंबल वितरण किया जा रहा है । बुधवार को विकासखंड तुलसीपुर क्षेत्र के कई गांव में कंबल वितरण किया गया । जानकारी के अनुसार 8 जनवरी को भीषण ठन्ढक को देखते हुए बलरामपुर इस्टेट के महाराजा जयेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशानुसार तहसील तुलसीपुर क्षेत्र के ग्राम सभा फतेहनगरा, भमरी, जहानडीह एवं गुलरिहा हिसामपुर के अति गरीब 700 लोगो को कम्बल वितरण इस्टेट के महा प्रबन्धक कर्नल (रिटा0) आर के मोहन्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर बलरामपुर इस्टेट के लेखाकार रामसूरत मिश्रा व सुधीर बहादुर सिंह तथा ग्राम-प्रधान प्रतिनिधि राजेश तिवारी, प्रधान प्रतिनिधि हेमन्त मिश्रा, अमन वर्मा तथा विनय कुमार मिश्रा सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। बलरामपुर इस्टेट के महा प्रबन्धक श्री मोहंता ने आश्वासन दिया कि भीषण ठन्ढक को देखते हुए विगत कई वर्षों की भांति अति गरीबों को सर्दी से बचाने के लिए कम्बल वितरण का कार्यक्रम अनवरत जारी रहेगा।

# निर्माण कार्य में प्रयुक्त निर्माण सामग्रियों की गुणवत्ता का डीएम ने लिया जायजा



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

बुधवार को जिले के डीएम पवन अग्रवाल द्वारा तहसील बलरामपुर ग्राम कोयलरा में निर्माणधीन मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में प्रयुक्त निर्माण सामग्री गिट्टी, सरिया, सीमेंट आदि की गुणवत्ता का जायजा लिया, उन्होंने निर्माण सामग्री की समय समय पर कराए जाने वाले जांच रिपोर्ट को देखा।
डीएम ने कड़े निर्देश दिए कि निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। इस दौरान उन्होंने कार्य में तेजी लाए हुए चरणबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा निर्धारित समय अवधि के भीतर कार्रवाई संस्था कार्य पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि विलंब पर कार्यदाई संस्था पर पेनाल्टी लगाया जाएगा। इस दौरान एडीएम न्यायिक प्रमोद कुमार, डीईइसटीओ व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने रात्रि भ्रमण कर किया निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने मंगलवार की रात्रि में क्षेत्र भ्रमण के दौरान थाना कोतवाली नगर अंतर्गत विभिन्न ड्यूटी स्थलों पर उपस्थित सुरक्षाकर्मियों का आकस्मिक निरीक्षण किया।
जानकारी के अनुसार 8 जनवरी को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने थाना कोतवाली नगर क्षेत्र अन्तर्गत चाक चौबन्द सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था के लिए रात्रि भ्रमण किया । उन्होंने रात्रि ड्यूटी व पीआरवी में लगे अधिकारियों कर्मचारियों के ड्यूटी प्वाइंट चेक किए । एसपी ने ड्यूटी के दौरान सतर्क दृष्टि बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

# जिला अध्यक्ष के लिए 19, प्रदेश परिषद सदस्य के लिए हुए 6 नामांकन



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर में भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व 2024-25 अन्तर्गत बुधवार को तुलसीपार्क स्थित अटल भवन कार्यालय पर जिलाध्यक्ष पद के लिए जिले भर से भाजपाइयों ने नामांकन किया। काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री एवं जिला चुनाव अधिकारी सुशील त्रिपाठी ने सभी नामांकन पत्रों का सत्यापन किया। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने 8 जनवरी को बताया कि भाजपा में संगठन पर्व 2024-25 मनाया जा रहा है। संगठन पर्व के अंतर्गत मंडल अध्यक्षों का चुनाव गत दिनों सम्पन्न हुआ है। बुधवार से दस जनवरी तक भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रकिया किया जा रहा है। बुधवार को जिलाध्यक्ष पद के लिए 19 व प्रदेश परिषद सदस्य के लिए छह लोगों ने जिला चुनाव अधिकारी सुशील त्रिपाठी को अपना नामांकन पत्र सौंपा है। जिला चुनाव अधिकारी ने सभी नामांकन पत्रों का सत्यापन कर प्रदेश कार्यालय भेज दिया है। कार्यक्रम शांतिपूर्ण व स्वस्थ वातावरण में सम्पन्न हो रहा है। नामांकन चुनाव कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह की देखरेख एवं कुशल मार्ग दर्शन में सम्पन्न हुआ।

# 24 जनवरी तक जमा होंगे मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के लोगो व कुलगीत के प्रारूप

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में नव स्थापित मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर के लोगो व कुलगीत के निर्माण हेतु आयोजित प्रतियोगिता के लिए विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के शिक्षक, छात्र-छात्रा, पुरातन छात्र एवं नगर के प्रबुद्धजन 24 जनवरी तक लोगो या कुलगीत महाविद्यालय के वेबसाइट या कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। चयनित प्रथम प्रतिभागी के लोगो व कुलगीत को विश्वविद्यालय को भेजा जाएगा और विश्वविद्यालय से चयनित प्रथम, द्वितीय व तृतीय को नकद धनराशि व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया जायेगा।
यह जानकारी देते हुए एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर के प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ने 8 जनवरी को बताया कि नव स्थापित मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर के लोगो तथा कुलगीत निर्धारण के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।
प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय से जनपद बलरामपुर के समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के शिक्षक, विद्यार्थी, पुरातन छात्र व प्रबुद्धजनों के अतिरिक्त इंटरमीडिएट कॉलेज के शिक्षक भी प्रतिभाग कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के लोगो के लिए डिजाइन 10 इंच * 10 इंच के वृत्तहीन आकार में बना होना चाहिये जिसमें अधिकतम तीन रंगों का प्रयोग किया जा सकता है। डिज़ाइन में मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर के लिए सूत्रवाक्य संस्कृत भाषा में हो एवं सरलता से पठनीय व सर्वाग्राही होना अनिवार्य है। प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय ने सम्बद्ध महाविद्यालय के प्राचार्यों से अपील किया है कि अपने अपने महाविद्यालय स्तर पर प्रतियोगिता सम्पन्न कराकर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान के प्रतिभागियों का चयन करने के पश्चात चयनित प्रथम श्रेणी के लोगो व कुलगीत की प्रविष्टियाँ 24 जनवरी तक इस महाविद्यालय को प्राप्त कराना सुनिश्चित करें। मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर के स्तर पर एक त्रिसदस्यीय समिति द्वारा प्रतिभागियों की प्रथम श्रेणी के लोगो की प्रविष्टियों में से प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी के लोगो का चयन किया जायेगा। विश्वविद्यालय द्वारा प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को क्रमशः 5000, 3000 व 2000 रुपये की प्रोत्साहन राशि तथा प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले इच्छुक अभ्यर्थी अपने लोगो व डिज़ाइन के पीछे अपना नाम, पता व मोबाइल नंबर अवश्य अंकित करें। शिक्षक एवं छात्र- छात्राएं डिज़ाइन के साथ अपने संस्थान के परिचय पत्र की फोटो कॉपी अवश्य संलग्न करें। इच्छुक अभ्यर्थियों की लोगो (प्रतीक चिन्ह) व कुलगीत की प्रविष्ट महाविद्यालय के वेबसाइट पर अथवा महाविद्यालय के स्टेनो डॉ राजकुमार चौहान के पास कार्यालय में 24 जनवरी तक हर हाल में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। नियत तिथि तक प्राप्त प्रविष्ट को ही विश्वविद्यालय को प्रेषित किया जाएगा।

# जिले में पड़ रही कड़ाके की ठंड को लेकर जिला प्रशासन सतर्क



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जिले में इस समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है जिसको लेकर जिला प्रशासन लगातार ठंड से बचाव और उसके प्रबंधन में जुटा हुआ है। वही जनपद के डीएम पवन अग्रवाल रात्रि में नियमित भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं।
इसी क्रम में मंगलवार की रात्रि में डीएम ने नगर पालिका बलरामपुर में अंबेडकर तिराहे पर बनाए गए रैन बसेरे का निरीक्षण किया एवं सभी व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त रखे जाने सहित आवश्यक दिशानिर्देश दिए।
इस दौरान उन्होंने रेलवे स्टेशन पर जरूरतमंदों को निशुल्क कंबल भी वितरित किया तथा अलाव स्थलों को भी देखा।
जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि रैम बसेरों में प्रत्येक दशा में मानक रूप प्रबंध सुनिश्चित रहे तथा यह भी सुनिश्चित किया जाए की कोई भी व्यक्ति खुले आसमान, पटरी आदि पर सोता हुआ ना मिले तथा चिन्हित स्थलों पर अनिवार्य रूप से अलाव जलवाए जाए।
इस दौरान एसडीएम सदर संजीव कुमार यादव व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# गरीबों को ठंडक से बचाने के लिए किया गया कंबल वितरण

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के विकासखंड गैसड़ी क्षेत्र के ग्राम बीरपुर कला में बुधवार को समर्पण संस्था द्वारा गरीबों में कंबल वितरण किया गया।
जानकारी के अनुसार 8 जनवरी को एमएलके पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडेय के निर्देशन में सामाजिक संस्था समर्पण के संयोजक कवि सुधांशु सौरभ के प्रयास से मुख्य अतिथि एमएलके पीजी कॉलेज में वनस्पति विज्ञान विभाग अध्यक्ष डॉ राजीव रंजन व विशिष्ट अतिथि विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव द्वारा दर्जनों गरीब परिवारों को भीषण ठंडक से बचाने के लिए कंबल प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि ने आयोजकों के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि भीषण ठंड से निजात दिलाने के लिए कंबल वितरण करना पुनीत कार्य है। उन्होंने समर्थ लोगों से अपील किया कि बेसहारा व गरीब लोगों को कंबल अथवा गर्म कपड़े प्रदान कर पुण्य अवश्य अर्जित करें। विशिष्ट अतिथि ने आयोजकों के कार्य की सराहना किया। संयोजक ने बताया कि विगत 9 वर्षों से संस्था द्वारा गरीबों को ठंडक से बचाने के लिए कंबल वितरण किया जा रहा है। कंबल पाकर ग्रामीणों के चेहरे पर मुस्कान दिखाई दी।

## एस.यू.डी. लाइफ का नया यूनिट लिंक्ड फंड लॉन्च

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** स्टार यूनियन दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एस.यू.डी. लाइफ) ने नए साल में एस.यू.डी. लाइफ मिडकैप मोमेंटम इंडेक्स फंड लॉन्च किया है। यह फंड पॉलिसीधारकों को भारत के तेजी से बढ़ते मिडकैप मार्केट में निवेश करने का शानदार मौका दे रहा है। मिडकैप कंपनियां वे होती हैं जिनका काफी मजबूत बिज़नेस मॉडल होता है और जो तेजी से बढ़ने के लिए तैयार होती हैं। हालांकि, मिडकैप स्टॉक्स में थोड़ा उतार-चढ़ाव ज्यादा होता है लेकिन लार्ज-कैप सूचकांकों की तुलना में यह लंबे समय में बेहतर रिटर्न दे सकते हैं। मोमेंटम इन्वेस्टिंग यानी उन स्टॉक्स पर फोकस करना जो अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और कमजोर स्टॉक्स को समय-समय पर हटा देना। एस.यू.डी. लाइफ मिडकैप मोमेंटम इंडेक्स फंड हर 6 महीने में री-बैलेंस होता है जिससे मजबूत और कम अस्थिरता वाले स्टॉक्स पर फोकस बना रहता है।

# डीएम ने दिए निर्देश टीवी रोगियों को चिन्हित कर समय से उपलब्ध काराएं पोषण किट


**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**



जनपद के जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 100 दिवस क्षयरोग अभियान राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के टीबी मुक्त भारत अभियान 2025 के अंतर्गत अंतर विभाग की समन्वय एवं जिला टास्क फोर्स बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सभी विभागों के विभागाध्यक्ष एवं समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के अधीक्षक बीपीएम, वीसीपीएम, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, एसटीएस एवं एसटीएलएम द्वारा प्रतिभाग किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी एवं जिला क्षय रोग अधिकारी कार्यालय की समस्त टीम द्वारा प्रतिभाग किया गया।
जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि सभी विभागों के विभाग अध्यक्ष एवं अधिकारीगण/कर्मचारी सक्रिय टीवी रोगियों को पोषण किट प्रदान करने हेतु गोद लेना सुनिश्चित करें। यह एक अभियान मोड में कराया जाए तथा 15 जनवरी को निक्षय दिवस के अवसर पर पूरे जनपद में सभी सक्रिय टीबी रोगियों को पोषण किट प्रदान किया जाये सभी सक्रिय टीबी रोगियों का निक्षय पोर्टल पर जल्दी से जल्दी पंजीकरण करा कर उनको निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत प्रतिमाह रू.1000 का लाभ दिया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये।
इसके अतिरिक्त 100 दिवसीय टीबी कार्यक्रम एवं टीबी मुक्त भारत अभियान 2025 के अंतर्गत जो भी व्यक्ति उच्च जोखिम वाले समूह में आते हैं उनका भी स्क्रीनिंग एवं टेस्टिंग का कार्य कराया जाए और जल्दी से जल्दी चिन्हित क्षयरोगी का इलाज प्रारंभ कर दिया जाए 1100 दिवसीय टीवी कार्यक्रम 25 दिसम्बर 2024 से प्रारंभ होकर 24 मार्च 2025 तक चलाया जाना है और इसमें जो भी लक्षण वाले व्यक्ति मिलेंगे उनके बलगम का सैंपल आयुष्मान आरोग्य मंदिर से सीएचओ द्वारा ट्रांसपोर्टर के माध्यम से नजदीकी जाँच केंद्र तक पहुंचाया जाएगा और एलटी द्वारा उसका जाँच किया जाये। जनपद में समस्त सीएचसी एवं पीएचसी पर जाँच की सुविधा उपलब्ध है।
कार्यक्रम में शिथिलता पाए जाने पर कटेहरी के सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर इनामुल हक का मानदेय माह नवम्बर 2024 का मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा रोक दिया गया था परन्तु कार्य में सुधार की चेतावनी जिलाधिकारी द्वारा दी गई कि आप अपने कार्य वृत्ति में सुधार करें अन्यथा आपके विरुद्ध नियमानुसार प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

# श्री नीम करोली बाबा का सजाया भव्य दरबार, आज निकलेगी भव्य शोभा यात्रा

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत





बुधवार को श्री बालाजी सिद्ध ब्रह्मदेव संकीर्तन दरबार के महंत एवं सभासद सेवक विशाल द्वारा श्री नीम करोली बाबा का भव्य दरबार लगाया गया बताते चले की उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में स्थापित बाबा नीव करौली के भव्य मंदिर की तर्ज पर अब शहर के काशीराम कॉलोनी ईदगाह में बाबा की प्रतिमा की स्थापना की गई। श्री बालाजी सिद्ध ब्रहमदेव संकीर्तन दरबार के विशाल सेवक की ओर से चौथे वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में बालाजी मंदिर में बाबा का भव्य मंदिर तैयार कर बाबा नीव करौली की स्थापना की गई। इस दौरान बाबा के भजनों का देर रात तक गुणगान किया गया। गुरुवार को बालाजी महाराज की विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। श्री बाला जी सिद्ध ब्रहमदेव संकीर्तन दरबार का वार्षकोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। उसे एक दिन पहले महंत विशाल सेवक के द्वारा काशीराम कॉलोनी ईदगाह में बुधवार को बालाजी धाम में बाबा नीव करौली के मंदिर की स्थापना की गई। जहां गाजे बाजे के साथ बाबा नीव करौली की विधिविधान के साथ पूजा अर्चना मंत्रोच्चरण के बीच स्थापना की गई। स्थापना के बाद श्रद्धालुओं ने बाबा का फूल माला पहनाकर अपनी मनौती मांगी। इसके बाद सेवक विशाल के द्वारा बाबा के भजनों का गुणगान किया गया।

इस मौके पर मुकेश प्रजापति, रवि रत्नाकर, हर्ष तिवारी, अंशु, वीरु, विशन, रोहित, हनी, मोहित लोधी, अनुज भारती, अर्जुन, अनिकेत, लव, चिराग सैनी आदि लोग मौजूद रहे। मंहत विशाल सेवक ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार बालाजी महाराज का चौथा वार्षिकोत्सव मनाया जाएगा। नौ जनवरी को बाबा की शोभायात्रा निकाली जाएगी। जोकि काशीराम कॉलोनी ईदगाह से निकाली जाएगी।

जो पूरे शहर में भ्रमण करेगी। इसके बाद 10 जनवरी को बालाजी और बाबा नीव करौली का भव्य दरबार सजाया जाएगा।

जहां भजनों का गुणगान होगा। इसके बाद 11 जनवरी को भंडारे का आयोजन होगा।

# इलाज के अभाव में हुई दर्दनाक मौत के मामले में कल होगी सुनवाई

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

सात माह की बेहोश गर्भवती पूनम और उसके गर्भस्थ शिशु की इलाज के अभाव में हुई दर्दनाक मौत के मामले में मानवाधिकार आयोग में कल सुनवाई होगी।

जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह के स्तर से भेजी गई जांच आख्या में महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजेश कुमार, ऑन ड्यूटी जूनियर रेजिडेंट डॉ. वैशाली गुप्ता, सीनियर रेजिडेंट डॉ. हिना प्रकाश, स्टाफ नर्स दिव्या उप्रेती व राखी पाल को दोषी पाया गया था।

मानवाधिकार आयोग के सदस्य बृजभूषण ने जांच आख्या के आधार पर दोषियों को दी गई सजा नाकाफी बताई, साथ ही पीड़ित को मुआवजा न देने पर सवाल खड़े किए। अब जांच समिति के सभी सदस्यों व दोषियों को आयोग में तलब किया गया है।

### प्रकरण गंभीर, अब डिवीजन वेंच में होगी सुनवाई

आयोग ने पूरे प्रकरण को सुनने व जाँच आख्या का अवलोकन करने के बाद कहा कि प्रकरण की समस्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए आयोग द्वारा इस प्रकरण की सुनवाई डिवीजन बेंच द्वारा किया जाना न्यायसंगत एवं विधि के अनुरूप किया जाना उचित पाया गया। आयोग ने जांच में दोषी कार्यवाहक सीएमएस डॉ.राजेश कुमार, डॉ.हिना प्रकाश, डॉ. वैशाली गुप्ता, दिव्या उप्रेती व राखी पाल को व्यक्तिगत रूप से सुसंगत अभिलेखों के साथ उपस्थित होने के आदेश दिए हैं।

### अब तक यह हुई कार्यवाही

प्रकरण में संयुक्त जांच आख्या के आधार पर लापरवाह कार्यवाहक सीएमएस डॉ. राजेश कुमार को अपर निदेशक ने सचेत किया। डॉ. हिना प्रकाश का दो दिन का वेतन काटने की संस्तुति की गई। डॉ. वैशाली गुप्ता की सेवाएं समाप्त की गईं। स्टाफ नर्स दिव्या उप्रेती व राखी पाल को शिथिलता बरतने के लिए कठोर चेतावनी देने के साथ प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने के निर्देश दिए गए।

### प्राचार्या ने दोषियों को बुलाया, बंद कमरे में हुई बैठक

मेडिकल कॉलेज की प्राचार्या डॉ. संगीता अनेजा ने सोमवार को प्रकरण में दोषी पाए गए कार्यवाहक सीएमएस व अन्य स्टाफ को खाग स्थित मेडिकल कॉलेज कैंपस में बुलाया। इस दौरान स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की विभागाध्यक्ष भी मौजूद रहीं। सूत्रों की मानें, तो प्राचार्या ने बंद कमरे में दोषी चिकित्सक व स्टाफ कर्मियों से वार्ता कर बयानों से न पलटने की सख्त हिदायत दी है। गौरतलब है कि 5 मई की रात पूनम को इलाज न मिलने के संबंध में प्राचार्या को भी फोन से अवगत कराया गया था।

### ठीक से नहीं किया कर्तव्यों का पालन

आयोग ने टिप्पणी करते हुए कहा कि पत्रावली पर उपलब्ध कराई गई जांच आख्या व आवेदक के प्रार्थना पत्र से यह स्पष्ट है कि जिला महिला अस्पताल के डॉक्टरों/कर्मचारियों द्वारा अपने कर्तव्यों का ठीक से पालन नहीं किया गया, जिसके कारण रिक्शा चालक आवेदक देवेंद्र की पत्नी पूनम की दुखद मृत्यु हो गई।

### मुआवजा देने का नहीं किया कोई जिक्र

आयोग ने कहा कि प्रकरण में इतनी गंभीर लापरवाही के बावजूद भी आवेदक को घटना के संबंध में कोई आर्थिक सहायता/मुआवजा दिए जाने का कोई भी तथ्य जांच आख्या में अंकित नहीं किया गया है। आयोग ने विगत 29 नवंबर को मामले की सुनवाई की। इस दौरान पारित आदेश में कहा कि डॉ. राजेश कुमार मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला महिला अस्पताल आयोग के समक्ष उपस्थित हुए।

# शीत लहर का प्रकोप नहीं ले रहा है थमने का नाम जीवन अस्त व्यस्त

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



तराई क्षेत्र में शीतलहर का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। नए साल के आठवें दिन भी शीतलहर लोगों की कपकंपी छुड़ाती रहीं। बर्फीली हवा गलन बढ़ा रही है। जिससे घरेलू और व्यवसायिक जन-जीवन अस्त-व्यस्त है। इसे देखते हुए माध्यमिक शिक्षा विभाग से संबद्ध समस्त कॉलेजों का समय परिवर्तित कर दिया गया है। अब मकर संक्रांति तक कॉलेज सुबह 10 बजे से तीन बजे तक संचालित होंगे। इसको लेकर डीआईओएस ने समस्त प्रधानाध्यापकों को पत्र जारी किया है।

जनपद में कड़ाके की सर्दा का दौर जारी है। घने कोहरे और शीतलहर ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बुधवार सुबह भी कोहरा रहा। जिस वजह से दृश्यता 100 मीटर तक ही रह गई। आगे और तीन दिन कोल्ड डे व घना कोहरा होने का अलर्ट है। कोहरे के साथ बर्फीली हवाएं चलती रही। दोपहर दो बजे तक धुंध छाई रही। हालांकि तीन बजे के बाद सूर्य की कुछ किरणें दिखाई दी। मगर, शाम होते ही ठंड के साथ गलन बढ़ गई। जिस वजह से बाजार से लेकर हाईवे तक चहलकदमी आम दिनों की अपेक्षा कम रही। अभी तक कॉलेज और विद्यालयों में कक्षाएं सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर तीन साढ़े तीन बजे तक संचालित हो रही थी। जिनको अब ठंड के चलते सुबह 10 बजे से कर दिया गया है। यह आदेश मकर संक्राति तक जारी रहेगा। मौसम विभाग की मानें तो बुधवार को अधिकतम तापमान 14.7 डिग्री और न्यूनतम 9.8 डिग्री रहा। हवाओं के चलते मौसम ठंडा बना रहा।

# बरखेड़ा एवं एल. एच. चीनी मिल को जिलाधिकारी ने जारी किया कारण बताओ नोटिस





जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

वर्तमान में जिले की सभी चारो चीनी मिलें संचालित हैं, जिस पर अधिकारियों द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। विगत दिनों जिला गन्ना अधिकारी, पीलीभीत एवं उप गन्ना आयुक्त बरेली द्वारा एल. एच. एवं बरखेड़ा चीनी मिलों का निरीक्षण किया गया था, जिसमें कुछ अनियमितता प्रकाश में आयी थी। निरीक्षण रिपोर्ट नियमानुसार विधिक कार्यवाही हेतु सहायक चीनी आयुक्त, बरेली को प्रेषित की गयी थी। प्रकरण का संज्ञान लेते हुये जिलाधिकारी पीलीभीत द्वारा दोनों चीनी मिलों को नोटिस जारी करते हुये जवाब दाखिल करने हेतु सात दिन समय दिया गया है। यदि समय से जवाब नहीं दिया जाता है अथवा जवाब संतोषजनक नहीं पाया जाता है तो चीनी मिल अध्यासी एवं सम्बंधित तौल लिपिक के विरुद्ध अर्थ-दंड की कार्यवाही की जायेगी। जनपद में 188 क्रय केंद्र संचालित हैं, जिसमें विभिन्न अधिकारियों द्वारा 232 निरीक्षण किये जा चुके हैं। इसी क्रम में आज खुशी राम भार्गव जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत, राम भद्र द्विवेदी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, एवं प्रदीप अग्निहोत्री, सचिव, सहकारी गन्ना विकास समिति, पीलीभीत द्वारा एल. एच. चीनी मिल के किसान विश्रामालय एवं मिल यार्ड का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि किसान विश्रामालय में किसानों को सर्दी से बचाव हेतु गद्दे एवं कंबल की समुचित व्यवस्था नहीं है। इसके साथ ही यार्ड में भी पर्याप्त अलाव की व्यवस्था मिल प्रबंधन द्वारा नहीं की गयी है। इसके पश्चात चीनी मिल बरखेड़ा एवं सहकारी चीनी मिल बीसलपुर मिल गेट का निरीक्षण किया गया। बरखेड़ा चीनी मिल में किसानों के लिये सर्दी से बचाव हेतु किसान विश्रामालय में बैठने की कोई व्यवस्था नहीं पायी गयी। इसके साथ ही शौचालय में साफ सफाई भी नहीं थी। तौल कार्य हेतु उपथित किसानों से वार्ता करने पर उनके द्वारा बताया गया कि तौल कार्य मे अधिक समय नहीं लग रहा है तथा उनके गन्ने की तौल समय पर हो जा रही है। इस सम्बन्ध में निरिक्षण रिपोर्ट तैयार कर विधिक कार्यवाही हेतु सहायक चीनी आयुक्त बरेली को प्रेषित कर दी गई है।

# दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को किया बेघर

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

निकाह के बाद ससुराल वालों ने विवाहिता से एक कार व पचास हजार रुपए नकदी की मांग की। लेकिन विवाहिता द्वारा गरीबी का हवाला देकर मांग पूरी करने में असमर्थता जताने पर ससुराल वालों ने मारपीट कर प्रताड़ित करते हुए घर से निकाल दिया। विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने पति, सास, देवर, जेठानी सहित चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

दियोरिया कला निवासी गजाला पुत्री राशिद खां ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसका निकाह 6 फरवरी 2023 को पीलीभीत के मोहल्ला डालचंद निवासी राहिल पुत्र असलम के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज के साथ हुआ था।

जिसमें उसके माता-पिता ने नौ लाख रुपए खर्च किए थे लेकिन उसके पति राहिल, देवर शिबू, सास शमीम बेगम, जेठानी निम्मो पत्नी जुबैर आए दिन दहेज को लेकर प्रताड़ित करने लगे और अतिरिक्त दहेज में एक कार व पचास हजार रुपए की नकदी लाने का दबाव बनाने लगे।

विवाहिता द्वारा गरीबी का हवाला देकर मांग पूरी करने में असमर्थता जताने पर तलाक देने की धमकी देने लगे।

जबकि विवाहिता के एक तीन माह का बेटा भी है।

ससुराल वालों ने विवाहिता को लेकर मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने अपने पिता के साथ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति राहिल, देवर शिबू, सास शमीम बेगम, जेठानी निम्मो पत्नी जुबैर निवासी मोहल्ला डालचंद पीलीभीत के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

कोतवाली प्रभारी दिगंबर सिंह ने बताया कि विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

# हजारा इंस्पेक्टर के नेतृत्व में पीस कमेटी की हुई बैठक डीजे संचालकों के कसे पेंच

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर



हजारा हजारा थाना प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में बुधवार को थाना प्रांगण में एक पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रीय डीजे संचालकों एवं धर्म स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के आदेश से सभी को अवगत कराते हुए आदेश का पालन करने की अपिल किया है।

हजारा थाना प्रभारी निरीक्षक प्रकाश सिंह के नेतृत्व में बुधवार को थाना प्रांगण में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता हजारा इंस्पेक्टर प्रकाश सिंह ने किया।बैठक में क्षेत्र से आएं डीजे संचालकों एवं धर्म स्थलों के मुखिया सहित अन्य लोगों को भी डीजे बजाने और धर्म स्थल मंदिर मस्जिद गुरुद्वारा आदि में लगे लाउडस्पीकर की ध्वनि कम रखनें और डीजे रात दस बजे तक ही बजाने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश से सभी को अवगत कराते हुए आदेश का पालन करने की अपिल किया है तो वहीं क्षेत्र से आएं सभी लोगों को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने और चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगानें का सलाह दिया साथ ही इन दिनों क्षेत्र में वन्यजीवों की चहलकदमी भी बढ़ गई है इन वन्यजीवों से बचाव के लिए खेतों और जंगल की ओर जाते समय समूह में जाएं और सतर्क रहें। बैठक में उपनिरीक्षक तेजवीर सिंह, रविंद्र पाल सिंह, हरिश्चंद्र सिंह,अशोक पाल शर्मा के अलावा मुरैना गांधीनगर ग्राम प्रधान मुकेश कुमार, शांतिनगर ग्राम प्रधान रामकृपाल वर्मा शास्त्री नगर के पूर्व प्रधान पति परशुराम गन्ना समिति संचालक राधेश्याम गुप्ता, राजेश पांडेय, रामेश्वर सहित अन्य दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# चकबंदी विभाग के खिलाफ भाकियू अराजनैतिक का धरना



जन एक्सप्रेस । मुजफ्फरनगर

चकबंदी विभाग में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए भाकियू अराजनैतिक के कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए। कईं घंटे धरना प्रदर्शन चला। प्रशासन ने प्रकरण की जांच के लिए 17 जनवरी तक का समय मांगा। इसके बाद कार्यकर्ता वापस लौटे।

जिलाध्यक्ष अंकित चौधरी ने बताया कि विभाग के एक अधिकारी ने कार्यकर्ता से 50 हजार रुपये की रिश्वत ली है। इस मामले की जांच के लिए कलक्ट्रेट स्थित चकबंदी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया गया। दोपहर बाद चकबंदी विभाग के अधिकारी किसानों के बीच पहुंचे और एडीएम प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह ने मोबाइल पर बातचीत कर किसानों को निष्पक्ष जांच का भरोसा दिया। किसानों ने खामपुर गांव की पूरी चकबंदी प्रक्रिया की जांच उच्च अधिकारी से कराए जाने की मांग रखी। इस मौके पर अक्षय त्यागी, सुरेंद्र रावल, पिंटू ठाकुर, सोनू खोखर, सहेंद्र प्रधान, प्रवीण सहरावत, वसीम खान, अब्दुल कादिर मौजूद रहे।

# शराब के नशे में बेटे ने मां की अंगुली दांतों से काटा, जख्मी

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

केराकत क्षेत्र के सुरकपुर कोईलारी गांव में मंगलवार रात शराब के नशे में धुत एक कलयुगी बेटे ने अपनी 80 वर्षीय वृद्ध मां कांति देवी पर हमला कर दांतों से अंगुली काट दी। वृद्ध मां घटना के बाद किसी तरह थाने पहुंचकर बेटे के द्वारा आये दिन किए जा रहे अत्याचार के संबंध में तहरीर दी। कलयुगी बेटे के शर्मसार करने वाले करतूत से पास पड़ोस के लोग भी परेशान हैं।लोगों के समझाने पर उनसे उलझ जाता है। पीड़िता कांति देवी ने बताया कि उनका बेटा अक्सर शराब के नशे में उनसे दुर्व्यवहार करता रहता है। घटना के दिन रात में वह नशे में घर आया और गाली गलौज करने लगा।समझाने व मना करने पर आग बबूला हो गया। उनकी अंगुली दांतों से काट दी। जख्मी हालत में किसी तरह थाने पहुंची। बेटे के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी संजय पुत्र दामोदर का शांति भंग में चालान कर दिया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### बर्थडे केक को 32 बोर के कारतूसों से सजाकर युवकों ने मनाया जश्न

जन एक्सप्रेस । मुजफ्फरनगर। बुधवार शाम सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो कुछ ही देर में चर्चा का विषय बन गया। वीडियो में बर्थडे पार्टी के केक पर 32 बोर व 315 बोर के कारतूसों को लगाकर सजाया गया है। केक पर आकाश नाम लिखा है। वीडियो कूकड़ा क्षेत्र की बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में कुछ युवक बर्थडे पाटी मना रहे हैं। बर्थडे केक पर असली कारतूस लगाए गए हैं। वीडियो को कूकड़ा ग्रुप 001 नाम से इंस्टाग्राम पर टैग किया गया है। बुधवार शाम को बर्थडे पार्टी का यह वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस भी सक्रिय हो गई। पुलिस की जांच में मामला कूकड़ा क्षेत्र का होना सामने आया है। वीडियो में दिखाई दे रहे युवकों की पुलिस ने शिनाख्त के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस की तरफ से मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### जिलाधिकारी ने नगर पालिका अध्यक्षा के साथ नौगवां चौराहे का उद्घाटन

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने नौगवां चौराहा के नवीनीकरण/ सौन्दीर्यकरण का उद्घाटन किया। नौगवां चौराहा को अब रोटरी चौराहे के नाम से जाना जायेगा। नौगवां चौराहे को अब रोटरी चौराहे के नाम से जनपद के चारों दिशा में पड़ने वाले जनपद के प्रमुख स्थलों को जाने हेतु वाहन व्यवस्था उपलब्ध है, जिससे आने जाने वाले लोगों को सुविधा मिल रही है। साथ ही साथ पुलिस सहायता केन्द्र व पानी की टंकी सहित अन्य सुविधाएं आम जनमानस को मिल रही है। इसके साथ ही चौराहे पर हाई मास्क लाईट की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्षा डॉ0 आस्था अग्रवाल सहित रोटरी के क्लब के पदाधिकारी उपस्थित रहें।

### कंकरखेड़ा में पूर्व महिला प्रधान की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या

जन एक्सप्रेस । मेरठ। बुधवार को बदमाशों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। यहां कंकरखेड़ा क्षेत्र के रोहटा रोड पर भोला गांव की पूर्व प्रधान बुजुर्ग महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई।



बताया गया कि घर में घुसकर महिला को गोली मारकर आरोपी फरार हो गए। घायल महिला को परिजन तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल पर पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। वहीं महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार रोहटा रोड स्थित नारायण गार्डन कॉलोनी में बुधवार को दिनदहाड़े घर में घुसकर नकाबपोश बाइक सवार दो बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार बदमाश रोहटा रोड की तरफ फरार हो गए। दोनों बदमाश मकान पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गए। सूचना पर एसपी सिटी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जानी थाना क्षेत्र के भोला गांव निवासी सोहनवीरी(55) पत्नी यशपाल सिंह नारायण गार्डन कॉलोनी में 3 दिन पूर्व बेटी निशा पत्नी दीपक के घर पर आई थी। बुधवार को बच्चे व परिजन घर में मौजूद थे। इसी बीच एक बाइक सवार दो बदमाश मौके पर पहुंचे। दोनों बदमाश जबरन घर में ऊपरी मंजिल पर घुस गए। जहां उन्होंने पूर्व प्रधान को गोली मार दी। घटना के बाद कमरे में चारों तरफ खून फैल गया। वहीं घर में मौजूद छोटे बच्चे दहशत में आ गए। गंभीर अवस्था में परिजनों ने घायल महिला को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। एसएसपी डॉ. विपिन टाडा का कहना है कि तीन टीमों को जांच के लिए लगा दिया गया है। जल्द बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# प्रेमिका में मिलने आयें प्रेमी का दैहिक समीक्षा के बाद पुलिस को सौंपा



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत नगर के एक मोहल्ले में प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी को परिजनों ने दैहिक समीक्षा के बाद पुलिस को सौंप दिया। बताया जाता है कि मंगलवार की दोपहर जनपद हरदोई का रहने वाला एक युवक अपने प्रेमिका से मिलने शाहगंज पहुंच गया यहां आ कर उसे प्रेमिका तो नहीं मिली बल्कि वह पहचान होने पर पकड़ लिया गया। और जमकर दैहिक समीक्षा करने के बाद एक कमरे में बंद कर दिए। इसी दौरान उसके प्रेमिका के मोहल्ले के व्यक्ति ने मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रेमी युवक को अपने साथ कोतवाली ले गई और आवश्यक लिखा पढ़ी के साथ उसका चालान भेज दिया गया। वहीं प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र सिंह से पूछने पर उन्होंने ने कहा की डेढ़ साल पहले कुछ विवाद हुआ था।

# खुटहन में लापता दंपती की मौत का खुलासा– बाड़ के करेंट से गई जान, शव नहर में फेंका

जन एक्सप्रेस । जौनपुर




**शाहगंज।** खुटहन क्षेत्र में मलूकपुर गांव में तीन दिनों से लापता दंपती की मौत का रहस्य पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी कमलेश सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि दंपती की मौत उसके खेत की बाड़ में दौड़ रहे बिजली के करेंट से हुई। इसके बाद डर के मारे उसने अपने भाई के साथ मिलकर शवों को बोलेरो में डालकर बासूपुर नहर में फेंक दिया।

सीओ अजीत सिंह चौहान ने बताया कि रामचरित्तर और उनकी पत्नी किस्मत्ती देवी रविवार को अपने बटाई के खेत पर काम करने गए थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। उनकी बेटी सरिता ने खुटहन थाने में उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस को मौके से दंपती की चप्पल, फावड़ा, कंबल, शॉल और मोजे मिले। सरिता ने बगल के खेत मालिकों पर शक जताया, जिसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की।

पुलिस ने अकबरपुर निवासी कमलेश सिंह (55) को पटैला रोड के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने अपनी फसल को जानवरों से बचाने के लिए स्टील के तार से खेत को घेरा था और उसमें बिजली का करेंट दौड़ा रखा था। रामचरित्तर और किस्मत्ती देवी गलती से उस तार की चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

घबराए कमलेश ने अपने भाई अखिलेश के साथ शवों को बोलेरो जीप में डालकर बासूपुर नहर में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर उसे न्यायालय भेज दिया है।

# डीआईजी ने रेंज के एसपी के साथ किया मासिक समीक्षा, दिए कड़े निर्देश

■ हत्या, लूट, बलात्कार, जैसे मामलों में निरोधात्मक कार्यवाही के साथ ही न्यायालय में प्रभावी पैरवी करके अभियुक्तों को सजा दिलाए–डीआईजी




**जन एक्सप्रेस । बस्ती**

बस्ती परिक्षेत्र के तेज तर्रार पुलिस उपमहानिरीक्षक दिनेश कुमार पी रेंज के जनपदों के एसपी के साथ मासिक समीक्षा किया।समीक्षा गोष्ठी,संबंधित अधिकारियों को हत्या, लूट, बलात्कार, जैसे मामलों में निरोधात्मक कार्यवाही के साथ ही न्यायालय में प्रभावी पैरवी करके अभियुक्तों को सजा दिलाने का निर्देश दिया। पुलिस उप महानिरीक्षक बस्ती दिनेश कुमार पी.द्वारा परिक्षेत्रीय कार्यालय के सभागार में परिक्षेत्र के जनपदो के एसपी के साथ मासिक समीक्षा गोष्ठी में हत्या, दहेज हत्या, फिरौती हेतु अपहरण एवं गम्भीर चोट के अपराधो की समीक्षा करते हुए अपने निकट पर्यवेक्षण में नियमानुसार अभियुक्तो की गिरफ्तारी व वैधानिक कार्यवाही कराते हुए अभियोग का निस्तारण कराया जाये एवं न्यायालय में प्रभावी पैरवी करते हुए सजा करायी जाये। डीआईजी ने कहा की लूट, डकैती, नकबजनी, चोरी, वाहन चोरी के प्रकरणों में अभियोग पंजीकरण करते हुये नियमानुसार केस का अनावरण करते हुए इनसे संबंधित अभियुक्तों की गिरफ्तारी, सम्पत्ति की बरामदगी करायी जाए एवं उनके विरुद्ध नियमानुसार निरोधात्मक कार्यवाही की जाये जिससे अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अकुंश लगाया जा सके। आपरेशन त्रिनेत्र के अन्तर्गत लगाये जाने वाले कैमरों के लाभ के बारे में जनता/लोगो को जागरुक कर अधिक से अधिक कैमरे स्थापित कराया जाय एवं डाटा पोर्टल पर अपलोड कराया जाये।

उन्होंने कहा कि आपरेशन कनविक्शन के तहत चिन्हित अभियोगों में प्रभावी पैरवी कराकर अधिक से अधिक सजा कराई जाये।

गोष्ठी में एसपी संतकबीरनगर सत्यजीत गुप्ता, एसपी सिद्धार्थनगर अभिषेक महाजन, एएसपी बस्ती ओम प्रकाश सिंह व परिक्षेत्रीय कार्यालय के समस्त शाखाओं के शाखा प्रभारी मौजूद रहे।

## हमारा संविधान, हमारा गौरव कार्यशाला का आयोजन हुआ संपन्न

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**




भारतीय जनता पार्टी गौर मण्डल द्वारा नगर पंचायत बभनान के सभागार में मण्डल अध्यक्ष राजेश कमलापुरी के संयोजन में 'हमारा संविधान, हमारा गौरव' कार्यशाला का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में कार्यशाला को सम्बोधित करते हुये रूधौली के पूर्व विधानसभा प्रभारी आनन्द सिंह कलहंस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने देश के साथ ही संविधान का मान बढ़ाया है। ब्लाक प्रमुख जटाशंकर शुक्ल ने कहा कि भारतीय संविधान के मौलिक अधिकार एवं मूल कर्तव्यों को भाजपा सरकार ने सामान्य जन तक पहुंचाने का काम किया। यूपीए के सभी दलों ने विशेषकर कांग्रेस ने सदैव ही संविधान की मूल भावना से खिलवाड़ किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ.भीमराव अम्बेडकर से जुड़े सभी स्थानों को पंच तीर्थ घोषित किया है। सच्चे अर्थो मे भाजपा ही संविधान के अनुरूप देश को गतिमान कर रही है। भाजपा किसान मोर्चा गोरखपुर क्षेत्र के कोषाध्यक्ष राधेश्याम कमलापुरी ने कहा कि 'हमारा संविधान हमारा गौरव' अभियान के द्वारा सारे समाज को जोड़ने का काम किया जा रहा है। हम भाजपा के लोग डॉ.भीमराव आंबेडकर व भारतीय संविधान की वर्तमान में महत्ता को देश के लोगों के सामने लाकर कांग्रेस के षड्यंत्र का पर्दाफाश कर जनता तक सच्चाई पहुंचाने की भूमिका पूरी निष्ठा से निभा रहे हैं।

'हमारा संविधान, हमारा गौरव' कार्यशाला में मुख्य रूप से पूर्व मण्डल अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता, श्याम बहादुर सिंह, विजय ब्यास, रामफेर गुप्ता, अनिल सोनी, कैलाश चन्द्र, दीपक सिंह, नितेश सिंह, रामबाबू, मुरारजी, कृष्ण कुमार तिवारी, राधेश्याम जायसवाल, महेश कसौधन, रविन्द्र कसौधन, अभय कसौधन, के साथ ही भाजपा के अनेक पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, कायकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## आधा दर्जन लेखपालों के कार्यक्षेत्र में किया बदलाव

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

**फतेहपुर।** तहसील क्षेत्र में राजस्व कार्यो को बेहतर बनाने के लिए बुधवार को एसडीएम राजेश विश्वकर्मा ने लापरवाही कर रहे 6 लेखपालों के कार्यक्षेत्र बदल दिए हैं। एसडीएम की इस कार्यवाही से लेखपालों में हडकम्प मचा हुआ है। ज्ञात हो तहसील फतेहपुर के लेखपाल रंजीत कुमार को हसुवापारा से हटाकर खिझंना का चार्ज दिया गया है। इसी तरह शालिनी तिवारी को गंगौली से ईशेपुर, मनोज कुमार सोनी को मल्लांवा से हसुवापारा, रविन्द्र कुमार मौर्य को ररिया से गंगौला, प्रिन्श वर्मा को बसारा से मोहसण्ड व राजकुमार गुप्ता को मोहम्मदपुर से सुर्जनपुर, घुंघटेर स्थानान्तरित किया गया है। एसडीएम राजेश कुमार विश्वकर्मा ने सभी को तत्काल नवीन कार्यस्थल पर कार्यभार ग्रहण करने को कहा है। इस कार्यवाही से क्षेत्रीय लेखपालों में हडकम्प मचा हुआ है।

# बिल्हौर तहसील में रजिस्ट्री दफ्तर में गड़बड़ झाला कम स्टैंप ड्यूटी देने पर कारण बताओं नोटिस

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर तहसील के रजिस्ट्री दफ्तर में आए दिन स्टैंप ड्यूटी चोरी कर रजिस्ट्री कराई जा रहे हैं। कर्मचारी किसी तरह से जांच किए बिना ही रजिस्ट्री करवा रहे हैं। कानपुर जिला अधिकारी द्वारा धारा 47/‚3 के तहत भारतीय स्टांप अधिनियम के अंतर्गत भास्कर दुबे पुत्र लालमणि दुबे निवासी बिल्हौर व संदीप कुमार पुत्र रामस्वरूप त्रिपाठी बिल्हौर के विरुद्ध कारण बताओं नोटिस जारी की है। बता दे की उपनिबधक के द्वारा 23 अक्टूबर2024 को एक पत्र सहायक महा निरीक्षक निबंधक की व्याख्या के आधार पर निरीक्षण किया गया था जिसमें पाया गया कि आंतरिक संपत्ति जीटी रोड से सटी हुई थी और आकर्षक भूखंड के रूप में पाई गई जिसमें रियल एस्टेट का बोर्ड लगा दिया गया मौके पर उपस्थित व्यक्तियों द्वारा अवगत कराया गया कि अंतरित संपत्ति में लेख पत्र के निष्पादन दिनांक से पहले ही आभासी गतिविधियां संचालित थी ऐसे में वास्तविक तत्वों को छुपा कर स्टांप अधिनियम की धारा 27 के अंतर्गत स्टांप में कमी की गई।

जिसके चलते निबंधन शुल्क 397000 व स्टांप शुल्क 19 लाख 88400 इंगित की गई थी ऐसे में भूखंड विक्रेता के विरुद्ध वाद दायर किया गया था।

जिसके बाद लगातार नोटिस जारी होने के बाद भी विक्रेता पक्ष की ओर से जवाब नहीं दिया गया जिसके बाद विक्रेता पक्ष को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।

## मंडल अध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी।** ज़ैदपुर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले में मंडल अध्यक्ष की सूची जारी की गई। जिसमें ज़ैदपुर विधानसभा क्षेत्र के ज़ैदपुर मंडल अध्यक्ष प्रेम प्रकाश द्विवेदी व जिले की पहली मंडल अध्यक्ष हरख सरिता वर्मा को बनाया गया है। मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर बुधवार को क्षेत्र में लोगों में बधाई दी। नवनियुक्त हुए मंडल अध्यक्षों का बुधवार को क्षेत्र में कई जगह पर भव्य स्वागत किया गया। जिला प्रतिनिधि डॉ रामहेत विश्वकर्मा व प्रमोद गोस्वामी को भी कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

# ग्राम विकास अधिकारी ने निलंबन पर उठाये सवाल

■ आपात काल जैसी स्थिति में ज़िला विकास अधिकारी द्वारा निलंबित किया गया था

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**



विकास खण्ड सिकंदर पुर करन के कलस्टर शेषपुर नरी में तैनात ग्राम विकास अधिकारी पुत्तन लाल पाल को खण्ड विकास अधिकारी सिकंदरपुर करन के द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को विगत 20 दिसम्बर को भेजे गये निराधार आरोपों के पत्र के आधार पर उसी दिन 20 दिसम्बर की रात 9 बजकर 25 मिनट पर आपात काल जैसी स्थिति में ज़िला विकास अधिकारी द्वारा निलंबित किया गया था। पुत्तन लाल पाल ने बताया कि खण्ड विकास अधिकारी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को भेजे गये पत्र में उल्लिखित आरोपों में से पूर्व में खण्ड विकास अधिकारी द्वारा कोई भी आरोप पत्र ब्लॉक कार्यालय से मुझे नहीं दिये गये इतना ही नहीं पुत्तन लाल पाल ने यह भी बताया कि ज़िला विकास अधिकारी उन्नाव द्वारा मुझे निलंबित किए गये निलबंन पत्र को डाक द्वारा या ईमेल द्वारा ब्लॉक कार्यालय आज तक नहीं प्रेषित किया गया इसी के साथ मेरे निलंबन के बाद निलबंन प्रकरण में लगाये गये आरोपों को सिद्ध करने हेतु मुझे 15 दिवस में आरोप पत्र ज़िला प्रशासन द्वारा देने का उल्लेख निलंबन पत्र में हैं जो आरोप पत्र आज 21 दिन बीतने के बाद भी मुझे नहीं दिया गया इस प्रकार ज़िला विकास अधिकारी संजय कुमार पाण्डे की इस द्वेष पूर्ण असंवैधानिक एवम् निराधार आरोपों से ग्रसित आरोपों से की गई कार्यवाही से जहां मेरी सामाजिक छवि धूमिल हुई हैं वही मेरा पूरा परिवार मानसिक रूप से आहत हैं उन्होंने ने कहा कि इस असंवैधानिक द्वेष पूर्ण निराधार आरोपों से ग्रसित निलबंन की कार्यवाही के विरुद्ध न्याय पाने हेतु उन्होंने एक याचिका दायर कर हाई कोर्ट की शरण ली हैं ताकि मेरे ऊपर लगा कलंक का टीका हट सके ज्ञात हो वर्ष 2021 में इसी प्रकार के असंवैधानिक आरोपों में तत्कालीन ज़िला विकास अधिकारी मनीष कुमार ने श्री पाल की ब्लॉक बिछिया में तैनाती के दौरान उन्हें निलंबित किया था तब भी पीड़ित ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी जिसका परिणाम यह हुआ था कि हाई कोर्ट ने तत्कालीन ज़िला विकास अधिकारी के द्वारा पारित निलंबन आदेश को निरस्त किया था

## एक्सप्रेस खबरें...

### कोतवाली गंगा घाट में चोरों का आतंक

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव।** शुक्लागंज। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पोनी रोड स्थित श्री नगर, माली कुआं के पास एक निर्माणाधीन मकान से अज्ञात चोरों ने हजारों रुपये की सामग्री चोरी कर ली। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। शक्ति नगर निवासी राज गुप्ता ने बुधवार को गंगाघाट कोतवाली में तहरीर दी। उन्होंने बताया कि माली कुआं के पास वे एक मकान का निर्माण करा रहे हैं। मंगलवार शाम काम बंद होने के बाद वे ताला लगाकर घर चले गए थे। रात के अंधेरे में अज्ञात चोरों ने निर्माणाधीन स्थल पर धावा बोल दिया। चोरों ने निर्माण कार्य के लिए रखी गई सामग्री पर हाथ साफ़ किया। चोरी हुई सामग्री में 50 किलो सरिया, 115 लोहे की रिंग, एक हैंडपंप, एक जाली, दो लोहे की ग्रिल, खाने के बर्तन, फावड़ा और तसला शामिल हैं। पीड़ित राज गुप्ता के अनुसार, चोरी हुई सामग्री की कीमत हजारों रुपये में है। घटना की जानकारी मिलते ही राज गुप्ता ने तुरंत पुलिस को सूचित किया और चोरी का प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और चोरों की तलाश में जुट गई है।

### अनियंत्रित कार पलटने से युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव।** शुक्लागंज। कस्बे से घर जा रहे युवकों की कार अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें सवार तीन युवकों को हल्की चोटें आई लेकिन एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजन अस्पताल लेकर गए लेकिन चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी अनुसार अजगैन कोतवाली क्षेत्र के शिवदीन खेड़ा मजरा अतरसा निवासी अनूप (20) पुत्र चतुरी गांव के ही तीन दोस्तो सूरज पुत्र गंगा दयाल, शोभित पुत्र शिवप्रसाद व अमन पुत्र रामबाबू के साथ बुधवार को नवाबगंज किसी काम से आया था। वापस घर लौटते समय सलेमपुर गांव के पास कार बेकाबू होकर पलट गई। जिसमें अनूप गंभीर रूप से घायल हो गया और साथी मामूली रुप से घायल हो गए। राहगीरों ने किसी प्रकार युवकों को कार से बाहर निकाला। मौके पर पहुंचे परिजन अनूप को अस्पताल लेकर गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत बताया। मृतक मुम्बई में रेस्टोरेंट पर काम करता है। मृतक दीपचंद, दिलीप, प्रियंका व शिवानी सहित पांच भाई बहन थे वह तीसरे नंबर पर था। नवाबगंज चौकी प्रभारी मुकुल दुबे ने घटना के बारे में जानकारी से अनभिज्ञता जताई है।

### धमकी भरा खत मिलने से परिवार ने दहशत, बेटों को जान से मारने की दी गई धमकी

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव।** शुक्लागंज। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के आजाद मार्ग पर एक बाइक मैकेनिक को धमकी भरा पत्र मिला है, जिससे उसका पूरा परिवार दहशत में है। सुखलाल खेड़ा निवासी भगवानदीन के बेटे संजय निषाद आजाद मार्ग पर बाबा कुटी के सामने अपनी रिहायशी मकान में बाइक मरम्मत की दुकान चलाते हैं। बुधवार सुबह एक बंद लिफाफा भी फेंका। लिफाफा खोलने पर उन्हें दस रुपये का सिक्का और एक धमकी भरा पत्र मिला। पत्र में लिखा था, ष्संजय, तुम एक सप्ताह के लिए दुकान बंद कर दो, नहीं तो तुम्हारे दोनों बच्चे मारे जायेंगे। इसे मज़ाक न समझना, तुम्हारे कारण मेरा नुकसान हो रहा है ष् धमकी देने वाले ने लिफाफे पर यह भी लिखा था कि पुलिस को खबर करने की गलती न करें। इस धमकी से संजय और उनका परिवार बेहद डरा हुआ है। उन्हें अपने बच्चों की सुरक्षा की चिंता सता रही है। संजय ने तत्काल पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और धमकी देने वाले की तलाश में जुट गई है।

### अमर बलिदानी चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई जयंती



**जन एक्सप्रेस । पंकज यादव।** मंगलवार को अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद स्मारक बदरका उन्नाव में आयोजित तीन दिवसीय महोत्सव में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने अन्य पदाधिकारी व साथियों के साथ उपस्थित होकर आजाद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए समाजवादी के पदाधिकारीयों व कार्यकर्ताओं ने शहीद भगत सिंह के जीवन पर चर्चा करते हुए बताया के चंद्रशेखर आजाद जी ने अंग्रेजों से आजादी की लड़ाई में वीर क्रांतिकारी की तरह लड़े और अपना जीवन देश को दिया आजाद जी के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है सभी कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा पर माल्यार्पणकर नमन किया। मुख्य रूप से राजेश यादव राजेश यादव (साधू यादव) सैयद इरफान ओमेंद्र लोधी (पंकज) के साथ दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## समाजवादी पार्टी ने मधुसूदन यादव को उत्तर प्रदेश की राज्य कार्यकारिणी का सदस्य नामित किया



**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की अनुमति से मधुसूदन यादव पुत्र सोहनलाल लाल यादव निवासी ग्राम व पोस्ट मकूर जनपद उन्नाव को समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश की राज्य कार्यकारिणी के सदस्य पद पर मनोनीत किया गया है मनोनीत होने पर मनोनीत सदस्य ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार प्रकट कर बताया के पूर्व में जिला सचिव व पिछड़ा वर्ग प्रदेश सचिव रहते हुए समाजवादी पार्टी के सहयोग से कार्य करता रहा हूं अब प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के मार्ग दर्शन में कार्य करने का मौका मिला है जिम्मेदारी के साथ आगे भी कार्य करुंगा इस दौरान समर्थकों ने पार्टी का आभार प्रकट कर खुशी ज़हीर की एवं शीर्ष नेतृत्व को बहुत-बहुत बधाई दी व पी डी ए की सभी नीतियों को आगे बढ़ाने के साथ जन-जन तक पहुंचने में तथा 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने में पूरी ताकत व सामर्थ के साथ पूरी ईमानदारी से काम करने का संकल्प लिया है

# स्टेट बैंक समेत कई बैंकों को सीडी रेशियो सुधारने की चेतावनी



**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला बैंकर्स समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी ने भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक द्वारा 40 प्रतिशत से कम ऋण जमानुपात पाये जाने पर लक्ष्य के सापेक्ष सीडी रेशियो में सुधार लाये जाने के निर्देश दिये।

विभागों को बैंक से और बैंक को विभागों से जो कठिनाई होती हैं, बैठक कर समन्वय स्थापित करते हुये ऐसा प्लान बनाये, जिससे फाइलों का निस्तारण समय से हो सके और लाभार्थी को योजना का लाभ समय पर मिल सके।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बिना गारंटी और बिना ब्याज के लोन (अधिकतम 5 लाख) की महात्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान संचालित की गयी है, जिस हेतु आवेदन की प्रक्रिया ऑनलाइन रूप मे प्रारंभ हो चुकी है, योजना के व्यापक रूप से प्रचारित करने और 21 से 40 आयु वर्ग के युवाओ को जागरुक करने के लिए 09 जनवरी को राजकीय आईटीआई बेहरिन में सुबह 10 बजे से एक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सभी बैकर्स भी इसमें सम्मिलित हो और अधिक से अधिक ऋण वितरण करें। इसी प्रकार पी0एम0 सूर्य घर योजना के अन्तर्गत अधिक से अधिक लाभर्थियों के ऋण स्वीकृत किये जाये।

मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के 96 लंबित आवेदन, एक जनपद एक उत्पाद के 23 लंबित आवेदन, मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के 02 लंबित आवेदन, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के 35 लंबित आवेदन एवं स्वयं सहायता समूह के सीसीएल के 584 लंबित आवेदन पत्रों का संबंधित बैंके समय से निस्तारण करें। प्रत्येक दशा में लाभार्थी को योजनाओं का लाभ समय से मिलना चाहिए। पीएम स्वनिधि योजना की प्रगति भौतिक लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत होनी चाहिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, उपायुक्त एनआरएलएम राजकुमार लोधी, अग्रणी जिला प्रबंधक अमरेन्द्र कुमार सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विनोद कुमार नए एसपी, आनंद अमरोहा गए

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**




जिले के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद को कल देर रात अमरोहा स्थानांतरित कर दिया गया। उनकी जगह मैनपुरी के पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार जिले के पुलिस कप्तान होंगे। वह 3 साल पहले कन्नौज में अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर रह चुके हैं। मंगलवार को जिन 12 आईपीएस अफसरों के तबादले किए गए उनमें कन्नौज एसपी अमित कुमार आनंद का नाम भी शामिल है। कन्नौज में उन्होंने 1 अगस्त 2023 को चार्ज सम्हाला था। यह संयोग ही है कि श्री आनंद के पूर्वाधिकारी कुंअर अनुपम सिंह भी यहां से अमरोहा ही गए थे जिन्हें अब सुल्तानपुर का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।11 अगस्त 2024 को कन्नौज में सपा नेता नवाब सिंह यादव को रेप केस में जेल भेजने के बाद उनका नाम चर्चा में आया था वे तब और ज्यादा चर्चा में आये जब दो- दो शासनादेशो का अतिक्रमण कर उन्होंने राजनीतिक दवाब में एक राजपत्रित अधिकारी तत्कालीन बीडीओ सदर अमित कुमार सिंह के विरुध्द बिना किसी जांच या निर्देश के एफआईआर दर्ज करवा दी। पिछले कुछ समय से जिले में क्राइम का ग्राफ तेजी से बढ़ गया था जिस पर अंकुश लगाने में पुलिस नाकाम हो रही थी। पुलिस विभाग में भ्रष्टाचार के भी खूब आरोप लगे।

हाल ही में ठठिया में दो समुदायों के बीच हुए विवाद को पुलिस दबाने में लग गई थी। मीडिया कर्मियों पर दबाव बनाने के लिए पुलिस की ओर से उन्हें नोटिस थमा दीं गईं। जिस कारण एसपी अमित कुमार आनंद की कार्यशैली को लेकर मीडिया कर्मियों में भी रोष पनपने लग गया था। ऐसे में एसपी का ट्रांसफर होने पर जिले भर में तरह-तरह की चर्चाएं होने लगीं। जिले की पुलिस की कमान अब नए एसपी विनोद कुमार के पास होगी। वे फिलहाल पड़ोसी जनपद मैनपुरी में तैनात थे। चित्रकूट के मूल निवासी सरल स्वभाव और ईमानदार छवि वाले एसपी विनोद कुमार 3 वर्ष पहले कन्नौज में अपर पुलिस अधीक्षक के रूप में तैनात रह चुके है यहां से उनका तबादला सोनभद्र हुआ था जहां से प्रोन्नति पाकर 97 बैच के पीपीएस अधिकारी विनोद कुमार भारतीय पुलिस सेवा में आये और उन्हें 2014 बैच आवंटित हुआ। श्री कुमार को एसपी के रूप में मैनपुरी में पहली तैनाती मिली और वहां उनका कार्यकाल बेहद सफल माना जाता है। अब एक बार फिर वह कन्नौज आ रहे हैं। इस बार जिला पुलिस की कमान उनके हाथों में होगी। उनके गुरुवार को जिले का कार्यभार सम्हालने की आशा जताई गई है।

## प्रधान, लेखपाल, सिपाही पर जबरिया जेसीबी लगवाकर चकरोड निर्माण कराने का आरोप, डीएम से न्याय की गुहार

**जन एक्सप्रेस । बस्ती।** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के रानीपुर निवासी धर्मेन्द्र पुत्र गंगाराम ने जिलाधिकारी को सम्बोधित पत्र उनके प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। मांग किया कि रानीपुर के ग्राम प्रधान द्वारा उनकी जमीन में जबरन चकरोड निकलवाने और हरे वृक्षों को काटकर बेच लिये जाने के प्रकरण में जांच कराकर दोषियों के विरूद्ध कारवाई कराया जाय। इसके साथ ही उनकी जमीन से जे.सी.बी. द्वारा निकाली गई मिट्टी पाटकर चकरोड बनाने वृक्ष काटकर बेंच लिये जाने के मामले में उन्हें समुचित क्षतिपूर्ति दिलाया जाय। डीएम को सम्बोधित पत्र में कहा गया है कि हल्का लेखपाल अनन्त कुमार, पुरानी बस्ती थाने में तैनात हल्का सिपाही अभिषेक शर्मा ने रानीपुर के ग्राम प्रधान के दबाव प्रभाव में आकर स्थगन आदेश के बावजूद अवैध ढंग से उनकी जमीन पर जे.सी.बी. लगवाकर चकरोड पटवा दिया गया और हरे पेड़ों को कटवाकर लगभग 30 हजार रूपये में बेचकर बन्दरबांट कर लिया गया। मांग किया कि मामले की निष्पक्ष जांच कराकर हल्का लेखपाल, सिपाही और ग्राम प्रधान के विरूद्ध कार्रवाई कर जबरिया बनवाये गये चकरोड को गिरवाकर उन्हें क्षतिपूर्ति दिलाया जाय।

# फॉर्मर रजिस्ट्री न कराने वाले किसानों की रुकेगी सम्मान निधि पूजा गुप्ता

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**



फॉर्मर रजिस्ट्री न कराने वाले किसानों की अब पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ नहीं मिलेगा। उक्त बात बुधवार को विकास खण्ड सिद्धौर की ग्राम पंचायत सराय बेलहरी में डोर टू डोर कैंपेन और ग्राम पंचायत असदामऊ में सीएसएसी के निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी सिद्धौर/उप जिलाधिकारी पूजा गुप्ता ने स्थलीय निरीक्षण के दौरान कही। उन्होने आगे कहा कि जब तक किसान फार्मर रजिस्ट्री नही करवायेंगे तब तक उन लोगों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ नही मिलेगा। जिन लोगों की फार्मर रजिस्ट्री हो जायेगी सिर्फ वही लोग प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ पायेंगे। स्थलीय निरीक्षण और कैंपेन के दौरान गांव के किसान गणेष कुमार, मिथलेश, जंग बहादुर, प्रेमवती आदि से खंड विकास अधिकारी ने खुद से जल्द से जल्द फॉर्मर रजिस्ट्री के लिए बोला सत्यापन के समय अवर अभियंता सोमवीर, ग्राम पंचायत सचिव रेखा, ग्राम प्रधान रामसागर, प्रधान शुभकरण, प्रधान जाकिर रोजगार सेवक हरे कृष्ण, पंचायत सहायक उर्मिला, तकनीकी सहायक महेंद्र यादव मौजूद रहे।

## आलाव तापते समय वृद्ध महिला झुलसी, ट्रामा सेंटर रेफर

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी।** फतेहपुर। नगर क्षेत्र में घर में अलाव तापते समय वृद्ध महिला अचानक आग की चपेट में आ कर गंभीर रूप से झुलस गई। महिला को आग की लपटों से बचाने के प्रयास में युवक भी झुलस गया। महिला को उपचार के लिए सीएससी लाया गया जहा पर चिकित्सकों ने उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है। घटना नगर फतेहपुर क्षेत्र के मोहल्ला काजीपुर की है जहां पर स्थानीय निवासी सरवता देवी (85) बुधवार की सुबर घर में अलाव जलाकर बैठी थी। इस दौरान अचानक उनके कपड़ों में आग लग गई। आग लगते ही वृद्ध महिला चीख–पुकार करने लगी।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता, कर्मशाला, उत्तर रेलवे, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | विद्युत / डब्ल्यू0 / आलमबाग / 193A / 2024–25 |
| क | कार्य का विवरण | कैरेज एण्ड वैगन वर्कशाप, आलमबाग, लखनऊ में विभिन्न विद्युत उपकरणों के प्रावधान एवं ऑल्टरनेटर व आर्मेचर सेक्शन में सी0ओ0ई0 का कार्य। |
| ख | अनुमानित लागत | रू0 73,38,454.18 |
| ग | धरोहर राशि | रू0 1,46,800/- |
| घ | निविदा प्रपत्र मूल्य | शून्य |
| ङ | कार्य समापन अवधि | 12 माह |
| अन्य सूचना | | |
| 3 | निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि एवं समय | 30.01.2025 को अपरान्ह 15:00 बजे तक। |
| 4 | निविदा खुलने की तिथि व समय | 30.01.2025 को अपरान्ह 15:00 बजे के बाद। |

● निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा निर्धारित तिथि के अनुसार भरा जा सकता है। ● मैनुअल आफ़र पर विचार नहीं किया जायेगा। ● निविदाकर्ता निविदा फार्म की धरोहर राशि का भुगतान केवल www.ireps.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली द्वारा ही किया जायेगा। ● डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/डिपॉजिट रसीद/एफ०डी०आर० या अन्य किसी रूप में निविदा धरोहर धनराशि का भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा। ● प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज़ की प्रस्तुति एवं उससे संबन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा।

निविदा संख्याः– विद्युत / डब्ल्यू0 / आलमबाग / 193A / 2024–25

दिनांकः08.01.2025 96/2025

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी** द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। **संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (राज्य ब्यूरो प्रमुख- संतोष कुमार दीक्षित)** आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, **(नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)**

उत्तर प्रदेश सरकार

# सनातन गर्व महाकुम्भ पर्व

॥सर्वसिद्धिप्रदः कुम्भः॥
महाकुम्भ प्रयागराज 2025

दिव्य-भव्य-डिजिटल
एकता का महाकुम्भ



# महाकुम्भ 2025 के लिए प्रयागराज है तैयार

## अलौकिक अनुभूति के लिए आएं महाकुम्भ नगर

• 4,000 हेक्टेयर में विस्तृत • 25 सेक्टर में सुव्यवस्थित • 1,850 हेक्टेयर में पार्किंग • 1,50,000 शौचालय • 1,60,000 सुसज्जित टेंट
• 67,000 एलईडी स्ट्रीट लाइट • 2 नए विद्युत सब स्टेशन • 66 नए विद्युत ट्रांसफॉर्मर • 2,000 सोलर हाइब्रिड स्ट्रीट लाइट
• 1,249 किमी पेयजल पाइपलाइन • 200 वाटर एटीएम • 85 नलकूपों की स्थापना • 7,000 बस का बेड़ा • 550 शटल बस का बेड़ा • 7 नए बस स्टॉप
• 30 पाण्टून ब्रिज (400 किमी में) • 9 पक्के घाटों की स्थापना • 7 रिवर फ्रंट रोड • 12 किमी में अस्थायी घाट • 14 नए फ्लाईओवर एवं अंडरपास
• 11 नए कॉरिडोर का विकास • 3,000 स्पेशल सहित 13,000 रेल गाड़ियां • प्रयागराज एयरपोर्ट पर नया टर्मिनल

### स्वस्थ महाकुम्भ
- सरकारी/प्राइवेट अस्पतालों में 6,000 बेड तैयार
- मेला क्षेत्र में 43 अस्पताल, 381 चिकित्सक तैनात
- 125 रोड, 7 रिवर एवं एक एयर एम्बुलेंस तैनात
- शहर के अस्पतालों में अतिरिक्त 6,000 बेड आरक्षित

### स्वच्छ महाकुम्भ
- 850 समूहों में 10,200 स्वच्छताकर्मियों की तैनाती
- स्वच्छता निगरानी के लिए 1,800 गंगादूतों की तैनाती
- 25,000 लाइनर बैगयुक्त डस्टबिन, 300 सक्शन गाड़ियां
- जीपीएस से लैस 120 टिपर-हापर और 40 कॉम्पेक्टर ट्रक

### सुरक्षित महाकुम्भ
- 37,000 पुलिसकर्मी एवं 14,000 होमगार्ड की तैनाती
- 2,750 एआई बेस्ड सीसीटीवी एवं 80 वीएमडी टीवी स्क्रीन
- 3 जल पुलिस स्टेशन, 18 जल पुलिस कंट्रोल रूम, 50 फायर स्टेशन
- 50 फायर स्टेशन, 20 फायर पोस्ट, 50 वॉच टावर, 4,300 फायर हाइड्रेंट

### प्रमुख आकर्षण
• श्रद्धालुओं-पर्यटकों की मदद के लिए ट्रैवल गाइड • मार्गदर्शन के लिए कुम्भ सहायक AI चैटबॉट
• मानसिक शांति के लिए बर्ड साउंड थेरेपी • देशभर के हस्तशिल्पियों/कारीगरों का संगम
• संगम में श्रद्धालुओं को बोट राइड की सुविधा • वेदों-पुराणों की कथा का बखान करते चौराहे
• सांस्कृतिक मंचों पर गायन/वादन/नृत्य प्रस्तुतियां • प्रत्येक दिशा में वाहन पार्किंग की उत्तम व्यवस्था
• प्रत्येक पॉइंट पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती • हाईवे के थानों पर भी चिकित्सा सुविधा

आकस्मिक सेवाएं | आवास एवं आहार
मेला प्रशासन | यूपी की उपलब्धियां

कुम्भ सहायक चैटबॉट हेतु QR कोड स्कैन करें

कुम्भ सहायक
वाट्सऐप नं. 8887847135
पर 'नमस्ते' भेजें



सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश | UPGovtOfficial | CMOUttarpradesh | CMOfficeUP | mahakumbh_25/ | upmahakumbh | MahaKumbh_2025 | https://kumbh.gov.in/